NA
Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


MOU Holder and Distributors
RN
METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 30 जून, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-181

### 'मेटा एआई' भी कर रहा सेकुलरिज्म का भौंडा प्रदर्शन
# श्रीराम पर चुटकुले सुनाता है और पैगंबर पर ज्ञान देता है

## हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ा रहे मेटा एआई पर कोई अंकुश नहीं

भारत में सेकुलरिज्म का भौंडा नृत्य सरेआम दिखता है। भौंडे सेकुलरिज्म के तहत हिंदू देवी-देवताओं का फिल्मों में मनोरंजन और क्रिएटिव लिबर्टी के नाम पर खूब मजाक बनाया जाता है, लेकिन जब बात इस्लाम या ईसाई मजहब की आती है तो सारी क्रिएटिव लिबर्टी हवा हो जाती है। फिर तो फूंक-फूंक कर और तौल तौल कर बात रखी जाती है। भारत के छद्मी बुद्धिजीवियों, दुर्गतिगामी प्रगतिशीलों, एकधर्मी सेकुलरिस्टों और लोलुप पत्रकारों का यह चलन अब नई नई तकनीक ने भी अपनाना शुरू कर दिया है। मेटा ने जो अपना नया एआई चैटबॉट लॉन्च किया है, वह भी इसी आडंबरी चलन (हिपोक्रेटिक ट्रेंड) को फॉलो कर रहा है। वह भगवान श्रीराम पर चुटकुले सुनाता है, लेकिन बात पैगंबर मुहम्मद की हो तो चुप रह जाता है। मेटा एआई की अराजक हरकतों पर अंकुश लगाने में शासन-प्रशासन फेल है और गैंडे जैसी खाल वाले हिंदुओं पर कोई फर्क नहीं पड़ता। अब तक इस्लाम या ईसाई धर्म के साथ मेटा एआई ने कुछ फूहड़ बर्ताव किया होता तो उसे सहिष्णुता का असली अर्थ समझ में आ गया होता।




मेटा एआई तकनीक सेकुलरिज्म के इसी भारतीय पक्षपातीकरण का उत्पाद है। इसका प्रमाण देखने के लिए व्हाट्सएप पर उपलब्ध मेटा एआई से भगवान श्रीराम को लेकर चुटकुला सुनाने को कहा गया तो उसने सुनाया, राम जिम क्यों गए? थोड़ा सा रैम पावर (कम्प्यूटर शक्ति) बढ़ाने के लिए। मेटा आई ने बड़े ही फूहड़ तरीके से राम को रैम बना कर पेश कर दिया। लेकिन जब मेटा एआई से पैगंबर मुहम्मद पर चुटकुला सुनाने को कहा गया तो वह ज्ञान देने लगा। श्रीराम के समय वह ज्ञान देना भूल जाता

**शुभ-लाभ चिंता**

है, लेकिन पैगंबर मुहम्मद के समय याद रहता है। मेटा एआई ने साफ-साफ कहा, मैं मुहम्मद के बारे में कोई चुटकुला नहीं सुना सकता।

क्या आप कुछ और के बारे में चुटकुला सुनना चाहेंगे? मेटा एआई से जब हिंदू देवी-देवताओं पर चुटकुला सुनाने के लिए कहा जाता है तो यह ढेर सारे फूहड़ चुटकुले बताने लगता है।

जब मेटा एआई से ब्रम्हा, विष्णु और महेश की त्रिमूर्ति के बारे में पूछा गया तो उसने अंग्रेजी में त्रिमूर्ति से ट्रिम अलग कर कहा, वे जिम गए ट्रिम बॉडी बनाने के लिए।

▶10 पर

### लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास भीषण हादसा
# श्योक नदी में बह गया टैंक, पांच जवान शहीद



**लद्दाख, 29 जून (ब्यूरो)।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में टैंक से श्योक नदी पार करने के अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में जूनियर कमीशंड अफसर सहित पांच जवानों की जान चली गई। यह दुर्घटना रात एक बजे के करीब चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुई। नदी में अचानक आई बाढ़ के चलते यह हादसा हुआ। रक्षा प्रवक्ता पीएस सिंधु अनुसार मामले की जांच चल रही है। शहीद हुए जवानों के नाम आरआईएस एमआर के रेड्डी, डीएफआर भूपेंद्र नेगी,

## टी-72 जैसा शक्तिशाली टैंक कैसे बहा, इसकी हो रही जांच
## मोदी, राजनाथ, शाह समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

एलडी अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान (6255 एफडी वर्कशॉप), सीएफएन नागराज पी (एलआरडब्ल्यू) शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और नेताओं ने इस घटना पर गहरा शोक ज्ञापित किया है।

बताया गया कि लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सेना के जवान टी-72 टैंक में सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बाढ़ आ गई। देखते ही देखते नदी के बढ़ते जलस्तर ने आसपास की जगह को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। टैंक भी तेजी के साथ तेज बहाव की चपेट में आने लगा। सेना के जवानों की कड़ी कोशिश के बाद भी टैंक से नियंत्रण कम होता गया। ऐसे में तेज बहाव का पानी सेना के पांच जवानों और टैंक को बहा कर ले गया। हादसे की जानकारी मिलते ही तुरंत सेना की अन्य टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। बाढ़ के पानी के बीच बचाव कार्य चलाना चुनौतियों से भरा था। लेकिन फिर भी जवान अपने साथियों को बचाने के लिए प्रयास करते रहे, ▶10 पर

### जनता दल यूनाइटेड की कार्यकारिणी में हुआ अहम निर्णय
# जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने संजय झा



**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** राजधानी दिल्ली में जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के सभी शीर्ष नेता मौजूद थे। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में हुई जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव खुद सीएम नीतीश कुमार ने पेश किया। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने संजय झा को बधाई दी।

बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर इलाके के अरड़िया गांव के रहने वाले हैं। संजय झा जदयू में आने से पहले भाजपा में थे। ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाले संजय झा मिथिलांचल में जदयू के बड़े नेता

## अब हमेशा एनडीए गठबंधन के साथ ही रहेगा जेडीयू
## इस ऐलान के साथ जदयू ने रखी अपनी पुरानी मांगें

माने जाते हैं। संजय झा राज्यसभा सांसद और पार्टी के संसदीय दल के नेता हैं। संजय झा ने साल 2014 में दरभंगा से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह एमएलसी बने और 2014 से 2024 तक बिहार सरकार में मंत्री रहे। बैठक के बाद जदयू नेता अशोक चौधरी ने बताया कि संगठन के साथ ही भाजपा के साथ गठबंधन की जिम्मेदारी भी संजय झा को सौंपी गई है। संजय झा के भाजपा के साथ अच्छे संबंध हैं, ऐसे में पार्टी की कोशिश है कि संजय झा के जरिए भाजपा से विधानसभा चुनाव में बेहतर शर्तों के साथ समझौता किया जाए। संजय झा से पहले जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव, नीतीश कुमार, आरसीपी सिंह, ललन सिंह जदयू अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा हुई।

बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए जदयू की इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। जदयू की बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने, बिहार को विशेष पैकेज देने या ▶10 पर

### प्रवर्तन निदेशालय के 8वें पूरक आरोप पत्र से खुलासा
## हवाला के जरिए आपा तक पहुंची थी रिश्वत की रकम



**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आठवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की। ईडी ने इस चार्जशीट में विनोद चौहान को आरोपी बनाया है। चार्जशीट में कहा गया है कि उसने हवाला के जरिए आम आदमी पार्टी को रिश्वत की रकम पहुंचाई। ईडी ने इससे पहले 17 मई को सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें ईडी ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया था। ▶10 पर

## केजरीवाल 14 दिन के लिए गए तिहाड़ जेल

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पेशी के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। ▶10 पर

# पीएम मोदी ने सदस्य देशों को दी थी जी-20 से बाहर निकलने की धमकी

**नई दिल्ली 29 जून (एजेंसियां)।** जी-20 के लिए भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत ने खुलासा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली घोषणा पत्र पर आम सहमति नहीं बनने पर जी-20 से बाहर होने की धमकी दी थी और प्रधानमंत्री ने श्री कांत को यह बात सदस्य देशों तक पहुंचाने के लिए कहा था।

श्री कांत ने कल शाम यहां रामास्वामी बालासुब्रमण्यम की पुस्तक पावर विदिन : द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी के विमोचन के मौके पर यह खुलासा किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि वह जी-20 के सदस्य देशों तक उनकी यह बात पहुंचा दें कि इस घोषणापत्र पर यदि



**जी-20 में भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत ने किया बड़ा खुलासा**

**कूटनीति रंग लाई और दिल्ली घोषणा पत्र पर बनी आम सहमति**

सहमति नहीं बनती है तो भारत इस समूह से निकल जाएगा। सम्मेलन से पहले ही इस बात की आशंकाएं थीं कि शायद नई दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमति न बने और संयुक्त घोषणापत्र जारी न हो लेकिन भारत की कूटनीति रंग लाई।

अमेरिका सहित पश्चिमी देश चाहते थे कि संयुक्त घोषणापत्र में यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया जाए और उसकी आलोचना हो लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं था। सम्मेलन के अंत में जी-20 का जो संयुक्त घोषणापत्र जारी हुआ उसमें यूक्रेन युद्ध का जिक्र तो हुआ लेकिन रूस का कहीं नाम नहीं आया। इसे भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत मानी गई। हालांकि, पश्चिमी देशों का दबाव था कि घोषणापत्र में रूस का नाम लिया जाए।

▶10 पर

## अजेय भारत, विराट जीत, हार्दिक बधाई
### टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन बना भारत
### 17 साल का खिताबी सूखा समाप्त




**बारबाडोस, 29 जून (एजेंसियां)।** भारत में आधी रात को दिवाली मन रही है। रोहित शर्मा की टीम ने वो सपना पूरा कर दिया, जिसका 17 साल से पूरा होने का इंतजार था। साउथ अफ्रीका 177 का टारगेट आसानी से पूरा कर रही थी। लेकिन, भारतीय गेंदबाजों को ये मंजूर नहीं था। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के हाथों से जीती बाजी छीन ली। टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया का है। जीत का हीरो कोई एक नहीं पूरी इंडियन टीम है। सूर्यकुमार का वो कैच तो शायद दशकों तक याद रखा जाएगा, जिसकी बदौलत मिलर पवेलियन लौटे। टीम इंडिया ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ 8 पर...

## कार्टून कॉर्नर





## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 31°
न्यूनतम : 24°

### पाकिस्तान में सिखों के खिलाफ सड़कों पर उतरे मुस्लिम
# सिखों को काफिर बताया, कर रहे गुरुद्वारे का विरोध

**फैसलाबाद, 29 जून (एजेंसियां)।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ उत्पीड़न, मारपीट और यौन शोषण के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला पाकिस्तान के फैसलाबाद का है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें स्थानीय मुस्लिमों को 76 वर्ष से बंद पड़े एक गुरुद्वारे के पुनर्निर्माण का विरोध करते हुए देखा जा रहा है। मुसलमान कह रहे हैं, सिख मुसलमानों के हत्यारे हैं। हम फैसलाबाद में किसी भी सिख गुरुद्वारे को बनने नहीं देंगे। अगर सिख इसे बनाने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें अल्लाह के बंदों का सामना करना पड़ेगा। आप नमाज के लिए सभी गुरुद्वारे खोल सकते हैं। लेकिन आप काफिर ही रहेंगे और शरिया में आपको कोई अधिकार नहीं मिलेगा।

पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने फैसलाबाद में गुरुद्वारा बनाने की अनुमति दी थी, लेकिन वहां के मुस्लिम इसके पक्ष में नहीं हैं। वे सड़कों पर हिंदुओं और सिखों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। वीडियो में फैसलाबाद का उप मेयर अमीन बट भी अल्पसंख्यकों का विरोध करता नजर आ रहा है। वह कह रहा है, मुझे ईद के




**सिखों का विरोध और सिखों की हत्याएं, दोनों हो रहीं**

तीसरे दिन पता चला कि फैसलाबाद में सरकार ने गुरुद्वारा बनाने की इजाजत दे दी है, जो यहां के मुस्लिमों के साथ अन्याय है। जहां यह गुरुद्वारा बना रहे हैं, वहां करोड़ों का कारोबार है। उस जगह पर सैकड़ों गरीब लोग काम करके अपना पेट पाल रहे हैं। यहां गरीब लोगों के बच्चे पढ़ रहे हैं, वे बेचारे कहां से फीस देंगे। हम गुरुद्वारा नहीं बनने देंगे।

बट ने कहा, ये वो सिख हैं, जब पाकिस्तान बना था उस वक्त इन्होंने मुस्लिम मां, बहनों पर ज्यादती की थी। बाबरी मस्जिद को तोड़ कर मंदिर बनाया। हम फैसलाबाद में कोई भी गुरुद्वारा नहीं बनने देंगे। गुरुद्वारा बनाने के लिए हमारी लाशों के ऊपर से गुजरना होगा। हम इन्हें किसी भी हालत में गुरुद्वारा नहीं बनाने देंगे। वायरल वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पाकिस्तान अनटोल्ड के आधिकारिक पेज पर गुरुवार (27 जून 2024) को शेयर किया गया है। ह्यूमन राइट वॉच के मुताबिक, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। यहां के ईशनिंदा कानूनों का अक्सर दुरुपयोग किया जाता है और इसके जरिए धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाता है, ▶10 पर

TIBCON
CAPACITORS
It's all about
SAVING ENERGY
AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

# रूस के साथ जंग खत्म करने को तैयार यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की, बोले- एक बड़ी योजना पर चल रहा काम



**कीव, 29 जून (एजेंसियां)।**

यूक्रेन हाल ही में अपने 10 लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कैदियों की रिहाई के बारे में जानकारी दी। इसी बीच उन्होंने बताया कि रूस के साथ जंग समाप्त करने के लिए वह एक बड़ी योजना तैयार कर रहे हैं। उनका मानना है कि उनकी योजना का दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा। युद्ध को समाप्त करने के लिए... यूक्रेनी राष्ट्रपति ने स्लोवेनियाई राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर के साथ कीव में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम युद्ध को समाप्त करने के लिए एक ऐसी योजना पेश करें, जिसका दुनिया के अधिकतर देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा। यह एक कूटनीतिक मार्ग उन्होंने आगे कहा कि यह कूटनीतिक मार्ग है, जिस पर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है।

फिलहाल कोई बातचीत नहीं एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सार्वजनिक बयानों के आधार पर, यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है और संभावित शांति समझौते की शर्तों के मामले में दोनों पक्ष पहले की तरह ही एक दूसरे से दूर दिखाई दे रहे हैं। यूक्रेनी की चेतावनी यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि शांति वार्ता शुरू होने से पहले रूस को अपने सैनिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से बाहर निकालना होगा, जिसमें क्रीमिया प्रायद्वीप भी शामिल है।

इसपर मॉस्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन से मांग कर रहे हैं कि वह अपने पूर्व और दक्षिण के क्षेत्रों को खाली करके आत्मसमर्पण कर दे, जिस पर अब रूस का कब्जा है। 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब इससे पहले, जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, हम अपने 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहे। हालांकि, जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि रिहाई यूक्रेन में बंद रूसी कैदियों से जुड़े समझौते का हिस्सा थी या नहीं। जेलेंस्की ने बताया कि जिन लोगों को रिहा किया गया है, उनमें से कुछ 2017 से जेल में हैं। इन लोगों को पूर्वी यूक्रेन के रूसी नियंत्रित हिस्सों से गिरफ्तार किया गया था।

रूस ने 2014 से ही क्रीमिया प्रायद्वीप के साथ चार यूक्रेनी क्षेत्र- डोनेट्स्क, खेरसॉन, लुगांस्क और जापोरिजिया पर कब्जा किया हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीईडीएडब्ल्यू ने अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति पर जताई चिंता, कहा- दोहा बैठक में लड़कियों को भाग लेने दें



**काबुल।** महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव के उन्मूलन पर संयुक्त राष्ट्र समिति (सीईडीएडब्ल्यू) ने अफगानिस्तान के भविष्य पर यूएन के तत्वाधान में आयोजित हो रही बैठक से महिलाओं व लड़कियों को शामिल ना किए जाने पर गहरी चिंता जताई है। अफगानिस्तान के विशेष दूतों की दो-दिवसीय बैठक इस सप्ताहांत कतर की राजधानी दोहा में होगी। दो दिन होगी बैठक 30 जून से एक जुलाई तक होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता, शांतिनिर्माण एवं राजनैतिक मामलों की प्रमुख और अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो करेंगी। इस दौरान अफगानिस्तान के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और अंतरराष्ट्रीय संपर्क व बातचीत को ढांचागत ढंग से आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। तालिबान प्रशासन को किया आमंत्रित अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो ने 18-21 मई को अफगानिस्तान की यात्रा के दौरान, सत्तारूढ़ तालिबान प्रशासन को इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए महासचिव एंतोनियो गुटेरेश की ओर से आमंत्रित किया था। अफगान महिलाएं अपने हक के लिए लड़ रहीं यूएन समिति सीईडीएडब्ल्यू ने दुख जताया है कि अफगान महिलाएं फिलहाल दुनिया में अपने अधिकारों के लिए सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण संकट का सामना कर रही हैं। इसके मद्देनजर, उन्होंने इस बैठक में महिलाओं को सक्रिय व प्रत्यक्ष रूप से शामिल किए जाने का आग्रह किया है। समिति के सदस्यों ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में विफल रहने से अफगान महिलाओं व लड़कियों की चुप्पी और बढ़ेगी, जबकि उनके अधिकारों का पहले ही गंभीर रूप से हनन हो रहा है। महिलाओं की स्थिति बद से बदतर समिति ने अफगानिस्तान में महिलाओं व लड़कियों के लिए बद से बदतर होती स्थिति पर बार-बार चिंता जताई है, जिससे मौजूदा और भावी पीढ़ियों को ऐसा बड़ा नुकसान पहुंच रहा है, जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल होगा। समिति के अनुसार शिक्षा व रोजगार के अवसरों को नकारा जाने और आवाजाही व सार्वजनिक स्थलों पर उपस्थिति पर पाबंदियां थोपे जाने से, महिलाओं का सार्वजनिक जीवन से दूर रखे जाने की प्रवृत्ति गहराई तक रच-बस रही है।

### पाकिस्तान ने दी अफगानिस्तान में घुसकर हमला करने की धमकी तो भड़का तालिबान, कहा- नतीजे भुगतने होंगे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकवाद को लेकर एक बार विवाद गहरा गया है। दोनों देश एक दूसरे को गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी दे रहे हैं। दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी थी कि आतंकवाद के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के तहत अफगानिस्तान में प्रतिबंधित आतंकवादी समूह टीटीपी के ठिकानों को निशाना बना सकता है। इससे अफगानिस्तान तिलमिला उठा। उसने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर उसके देश में घुसपैठ की गई तो उसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। अफगानिस्तान की धमकी अफगानिस्तान रक्षा बल ने चेतावनी दी कि हमारे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घुसपैठ, चाहे वह किसी भी बहाने या आड़ में हो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और उल्लंघनकर्ताओं को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### पंजाब प्रांत की विधानसभा में 11 विपक्षी नेताओं पर प्रतिबंध, सीएम के लिए अपशब्द इस्तेमाल करने का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की विधानसभा में विपक्ष के 11 नेताओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। विपक्ष के नेताओं पर आरोप है कि उन्होंने पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। पंजाब प्रांत के विधानसभा अध्यक्ष मलिक अहमद खान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 11 विधायकों पर प्रतिबंध लगाया है। बता दें कि पीटीआई के प्रमुख इमरान खान जेल में हैं। मरियम नवाज, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ की बेटी हैं। इमरान खान ने नवाज शरीफ को 'चोर' और मरियम नवाज को 'चोर की बेटी' कहा था। 'विपक्ष के नेताओं ने सदन में दुर्व्यहार किया' विधानसभा में मरियम नवाज के संबोधन के दौरान पीटीआई के विधायक लगातार अवरोध डाल रहे थे। इसके अलावा उन्होंने मरियम पर जुबानी हमले भी किए।

## अभी और दिन अंतरिक्ष में ही बिताएंगी सुनीता विलियम्स नासा मिशन की अवधि 90 दिन करने पर कर रहा विचार

**वॉशिंगटन, 29 जून (एजेंसियां)।**

नासा के दो अंतरिक्ष यात्री को लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ सकता है, क्योंकि नासा इस मिशन की समय सीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने बताया कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी स्टारलाइनर के मिशन की अवधि 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन पर विचार किया जा रहा है।



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसे हैं। बोइंग का सीएसटी-100 स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट 15 दिन से अंतरिक्ष में अटका है। दोनों 5 जून को स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष स्टेशन तक गए थे। तय कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें स्टारलाइनर के साथ 13 जून को धरती पर लौटना था लेकिन विमान में गड़गड़ी के कारण उनकी वापसी नहीं हो पाई है।

नासा के अधिकारियों ने कई बार यह संकेत दिया कि स्टारलाइनर, जो कि जून में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर गया था, उसने हीलियम लीक और थ्रस्टर आउटेज की समस्याओं का सामना किया था। यह दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को घर लाने के लिए सुरक्षित होगा। नासा के अधिकारियों ने कहा कि हम केवल न्यू मैक्सिको के परीक्षण निष्पादित करने की समयसीमा देख रहे हैं, और फिर डाटा की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि नासा न्यू मैक्सिको में आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि स्टारलाइनर के कुछ थ्रस्टर्स अपनी यात्रा के पहले चरण के दौरान अप्रत्याशित रूप से विफल क्यों हुए

बोइंग के लिए वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के उपाध्यक्ष और कार्यक्रम प्रबंधक स्टिच और मार्क नैपी ने कहा कि इंजीनियर अभी भी स्टारलाइनर की समस्यों के पीछे के कारण के बारे में निश्चित नहीं हैं। नैपी ने कहा कि उद्देश्य का एक हिस्सा वाहन के अंतरिक्ष में रहते हुए ग्राउंड टेस्ट आयोजित करना है। ताकि थ्रस्टर्स में खराबी के संभावित कारणों का पता लगाया जा सके। वहीं सुनीता विलियम्स और विल्मोर वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद बाकी क्रू के साथ एकीकृत हो गए हैं, और काम कर रहे हैं। बता दें कि जब यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर जा रहा था, तब हीलियम लीक की पहचान की गई थी, साथ ही थ्रस्टर की समस्याएं भी थीं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्टारलाइनर का सर्विस मॉड्यूल, अंतरिक्ष यान के निचले भाग में एक बेलनाकार लगाव है, जो उड़ान के दौरान वाहन की अधिकांश शक्ति प्रदान करता है। इसको यहां कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। वैसे डिजाइन के अुनसार सर्विस मॉड्यूल पृथ्वी पर लौटने के बाद जीवित नहीं रहेगा। स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के वायुमंडल में प्रवेश करते ही मॉड्यूल को फेंक दिया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है। यही कारण है कि बोइंग और नासा की टीमों ने तब स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन के साथ सुरक्षित रूप से डॉक का विकल्प चुना। जबकि वे उन मुद्दों के बारे में अधिक से अधिक जानने के लिए काम करते रहे। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि नासा मिशन की अवधि को 90 दिनों तक बढ़ाएगा या नहीं। स्टारलाइनर के कमांडर और पायलट, बुच विल्मोर और किबो में सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष वनस्पति विज्ञान का काम किया। उन्होंने किबो के एक्सप्रैस रैक से प्लांटर हैबिटेट ग्रोथ चैंबर को हटा दिया, इसके कैमरे और कॉर्बन डाइऑक्साइड सेंसर को बदल दिया, फिर शोध उपकरण को फिर से स्थापित किया।

नासा ने लाइव ब्लॉग में कहा कि नासा और बोइंग ऑर्बिटिंग लैब से पृथ्वी पर लौटने से पहले स्टारलाइनर के प्रणोदन प्रणाली के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना जारी रखते हैं। नासा और बोइंग के नेताओं ने स्टारलाइनर और स्टेशन संचालन पर चर्चा करेन के लिए एक मीडिया टेलीकांफ्रेंस में भाग लिया।

## क्या अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कराई प्लास्टिक सर्जरी पहली,बहस के बाद राष्ट्रपति को लेकर लगे अजब आरोप



**वाशिंगटन, 29 जून। (एजेंसियां)।**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच हुई बहस की पूरी दुनिया में सुर्खियां बनी, लेकिन सोशल मीडिया पर एक अजीब वजह के चलते इस बहस की चर्चा हो रही है। दरअसल सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि इस बहस के दौरान जो बाइडन थोड़े बदले हुए नजर आए और कयास लग रहे हैं कि शायद जो बाइडन ने अपने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी कराई है!

### यूजर्स का दावा- बाइडन ने कराई प्लास्टिक सर्जरी

बहस के दौरान जो बाइडन के चेहरे के हाव-भाव थोड़े अलग रहे, जिसकी सोशल मीडिया पर चर्चा है। कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि बाइडन ने अपने चेहरे के हावभाव में बदलाव के लिए प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लिया है। कुछ यूजर्स ने कहा कि बहस के दौरान बाइडन का चेहरा स्थिर रहा और कुछ असामान्य सा लग रहा था। कुछ यूजर्स ने तो यहां तक दावा किया कि बहस के दौरान जो व्यक्ति टीवी स्क्रीन पर दिखा, वह असल में बाइडन था ही नहीं।

गौरतलब है कि न सिर्फ आम आदमी बल्कि अमेरिका में कुछ डॉक्टरों ने भी इस बात की आशंका जताई है कि बाइडन ने हो सकता है कि प्लास्टिक सर्जरी कराई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ कॉस्मेटिक विशेषज्ञों ने दावा किया है कि बाइडन की प्लास्टिक सर्जरी की अनुमानित लागत करीब 40 हजार डॉलर से लेकर ढाई लाख डॉलर तक हो सकती है। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

### बहस के दौरान बाइडन पर भारी पड़े ट्रंप

बहस में बाइडन की भले ही चर्चा हो रही है, लेकिन बहस में डोनाल्ड ट्रंप, बाइडन पर भारी पड़े। बाइडन जहां बहस के दौरान बोलते हुए लड़खड़ाते दिखे। वहीं ट्रंप ने पूरे जोश और उत्साह से जवाब दिए। हालांकि इस दौरान ट्रंप पर कुछ तथ्यों को लेकर झूठ बोलने के भी आरोप लग रहे हैं। बाइडन के खराब प्रदर्शन के बाद अमेरिका में ऐसी आशंका बढ़ गई है कि नवंबर में होने वाले चुनाव में ट्रंप, बाइडन को पटखनी दे सकते हैं।

## इजराइल ने राफा में विस्थापितों के तंबुओं पर की बमबारी, 11 फलस्तीनियों की मौत, 40 घायल

**राफा, 29 जून (एजेंसियां)।**

**गाजा के सबसे दक्षिणी शहर पश्चिम राफा में बृहस्पतिवार रात को इजराइल ने विस्थापितों के तंबुओं पर बमबारी कर दी। हमले में करीब 11 फलस्तीनियों की मौत हो गई। वहीं, 40 से अधिक अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**



फलस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने इजराइली बमबारी के बारे में जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजराइली टैंकों ने अल-मवासी इलाके में तंबुओं पर गोले दागे और गोलियां भी चलाई गईं, जिसके चलते तंबुओं में मौजूद विस्थापितों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दहशत के चलते विस्थापित लोग अपने तंबू छोड़कर खान यूनिस के दक्षिण-पश्चिम के इलाकों की ओर भाग गए। समुद्र तट पर एक रेतीला क्षेत्र है अल-मवासी बता दें कि अल-मवासी समुद्र तट पर एक रेतीला क्षेत्र है। यह गाजा पट्टी के केंद्र में दीर अल-बलाह शहर के दक्षिण-पश्चिम से पश्चिमी खान यूनिस के मध्य और राफा के पश्चिम तक फैला हुआ है। इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, सीवेज नेटवर्क, बिजली लाइनों, संचार नेटवर्क और इंटरनेट का अभाव है, जिससे वहां रहने वाले विस्थापित व्यक्तियों के लिए रहने की स्थिति कठिन हो गई है।

## स्वास्थ्य सेवा में 2.75 अरब डॉलर की धोखाधड़ी भारतीय समेत 193 चिकित्सा पेशेवरों पर केस दर्ज

**वॉशिंगटन,29 जून (एजेंसियां)।**




अमेरिका में बड़े स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें करीब 2.75 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। न्याय विभाग के अनुसार एक भारतीय समेत 193 चिकित्सा पेशेवरों पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है। विभाग ने बीते बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा-2024 धोखाधड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की घोषणा की।

इसके तहत अमेरिका भर के 32 जिलों में 76 डॉक्टरों, नर्स चिकित्सकों और अन्य लाइसेंस प्राप्त चिकित्सा पेशेवरों सहित 193 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले दायर किए गए। 23 करोड़ डॉलर से ज्यादा की संपत्ति जब्त न्याय विभाग ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में धोखाधड़ी से कुल 2.75 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। इसमें 1.6 अरब डॉलर का वास्तविक नुकसान हुआ है। सरकार ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 23 करोड़ डॉलर से अधिक की नकदी, लग्जरी गाड़ियां, सोना और अन्य संपत्तियां जब्त की हैं। न्याय विभाग के अनुसार पांच लोग और एक डिजिटल प्रौद्योगिकी कंपनी ने एरिजोना में एमनियोटिक घाव ग्राफ्ट, एडरल गोलियों और अन्य उत्तेजक पदार्थों के अवैध वितरण के संबंध में 900 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी में शामिल हैं।

धोखाधड़ी में हैदराबाद के डॉक्टर भी शामिल इस मामले में हैदराबाद के 52 वर्षीय डॉ. विजिल राहुलन भी शामिल हैं। जिन पर मेडिकेयर फंड में 8.2 करोड़ डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक डॉ. विजिल राहुलन ने जाली दस्तावेज के जरिये अयोग्य लोगों को मेडिकेयर क्लेम दिलाए।

## अमेरिका ने गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल को भेजे विनाशकारी बम, अधिकारियों का खुलासा

**वॉशिंगटन, 29 जून (एजेंसियां)।**

**अमेरिका के अधिकारियों ने खुलासा किया है कि बाइडन सरकार ने 7 अक्तूबर से शुरू हुए गाजा युद्ध के बाद से अब तक इजराइल को हजारों विनाशकारी बम और गोला-बारूद भेजे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका द्वारा इजराइल को भेजी गई हथियारों की खेप में 14 हजार दो हजार पाउंड वजनी एमके-84 विनाशकारी बम, 6,500 पांच सौ पाउंड के बम, तीन हजार हेलफायर मिसाइल, एक हजार बंकर तबाह करने वाले बम, 2600 हवा से जमीन पर मार करने वाले छोटे बम और अन्य गोला बारूद शामिल हैं।**



अमेरिका ने अभी तक इजराइल को भेजे हथियारों की सूची सार्वजनिक नहीं की थी। अमेरिका द्वारा इजराइल को हथियार भेजने में अभी भी खासी कमी नहीं आई है अमेरिकी अधिकारियों ने इजराइल को हथियार भेजने की समयसीमा का खुलासा नहीं किया है और ये भी बताया कि अभी भी अमेरिका द्वारा इजराइल को हथियार भेजने में खासी कमी नहीं आई है। यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय इजराइल को हथियार न भेजने की अपील कर रहा है और खुद अमेरिका ने भी इजराइल को बड़े और विनाशकारी हथियारों को भेजने पर बीते दिनों रोक लगा दी थी। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के हथियार विशेषज्ञ टॉम कराको ने बताया कि, हथियारों की यह सूची स्पष्ट रूप से हमारे इजराइली सहयोगियों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के समर्थन को दर्शाती है।

### कंक्रीट की मोटी परत और धातु को भी चीर सकता है दो हजार पाउंड का बम

गाजा युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है, और चिंता है कि इजराइल और हिजबुल्ला में पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि वाशिंगटन ने 7 अक्टूबर से इजराइल को 6.5 बिलियन डॉलर के हथियार भेजे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल के हफ्तों में दावा किया कि वाशिंगटन हथियार रोक रहा है। हालांकि अमेरिका ने इससे इनकार किया, लेकिन कुछ अड़चनों की बात स्वीकार की थी। दरअसल गाजा में बड़ी संख्या में लोगों की मौत पर बाइडन सरकार ने चिंता जताई थी और इसी का हवाला देते हुए 2000 पाउंड वाले बड़े बमों की खेप रोक दी थी। हालांकि अन्य हथियारों की खेप सामान्य रूप से जारी है। गौरतलब है कि दो हजार पाउंड का बम मोटे कंक्रीट और धातु को भी चीर सकता है, जिससे विस्फोट का दायरा काफी बड़ा हो जाता है।

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुजरात में 7 जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार जिलों आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई।




सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य और एक हिंदी समाचार पत्र के एक पत्रकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था। उन्होंने बताया कि उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल का केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई प्रश्नपत्र लीक मामले के सिलसिले में जिले के पांच और लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पत्रकार जमालुद्दीन अंसारी को प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने इस मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। एनटीए ने देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की थी। इस साल पांच मई को कुल 571 शहर के 4,750 केंद्र पर परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

## सीबीआई ने नीट प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों को रिमांड पर लिया

**पटना, 29 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने शनिवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। इससे पूर्व सीबीआई ने हजारीबाग से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त डॉ. एहसान उल हक, इम्तियाज और जमालुद्दीन को आज विशेष अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया गया। इसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इन तीनों अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए तीनों अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए 29 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेऊर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि तीनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर देना है। इससे पूर्व अदालत ने 26 जून 2024 को इस मामले के दो अन्य अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश तथा 28 जून 2024 को आशुतोष और मनीष से पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया था।

# आतंकियों को जवाब देने को इजराइल और जर्मनी से खरीद रहे हथियार: स्वैन

**जम्मू, 29 जून (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर आर स्वैन ने कहा है कि आधुनिक हथियार रखने वाले आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए पुलिस इजरायल और जर्मनी से नवीनतम हथियार खरीद रही है। श्री स्वैन ने एक समारोह के इतर पत्रकारों से बात करते हुए ने कहा कि आतंकवादियों को करारा जवाब देने के लिए पुलिस अपनी क्षमता बढ़ाने के वास्ते इजरायल और जर्मनी से हथियार खरीद रही है। डोडा मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों के पास अमेरिका निर्मित एम -4 कार्बाइन होने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमारे पास अपने दुश्मन का मुकाबला करने के लिए नवीनतम हथियार प्रणाली होगी।



डीजीपी ने कहा कि इजरायल और जर्मनी से हथियारों की नई खरीद से पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और दुश्मन से बेहतर तरीके से निपटने में भी मदद मिलेगी। आतंकवादी हमें कभी भी हरा नहीं सकते। गौरतलब है कि नौ से 12 जून के बीच पहाड़ी जम्मू के रियासी, डोडा और कठुआ जिलों में चार आतंकवाद संबंधी घटनाओं में दस लोगों की जान चली गई, जिनमें शिव खोरी मंदिर से लौट रहे सात तीर्थयात्री और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान और कई अन्य घायल हो गए। श्री स्वैन ने हाल ही में कहा था कि पुलिस जम्मू में विदेशी आतंकवादियों से निपटने के लिए तैयार है और पहली गोली चलाने से नहीं कतराएगी। कठुआ और डोडा में हाल की दो मुठभेड़ों में पांच विदेशी आतंकवादी मारे गए और उनके पास से अन्य हथियारों के अलावा तीन अमेरिका निर्मित एम-4 कार्बाइन भी बरामद किए गए।

डीजीपी ने कठुआ के लोगों के साहस और वीरता की सराहना करते हुए कहा कि जब वह जिले में एसएसपी के रूप में कार्यरत थे तो बुजुर्ग लोग अक्सर उन्हें कहानियां सुनाते थे कि कैसे कठुआ के स्थानीय लोगों ने 1965 के युद्ध सहित दुश्मन के खिलाफ युद्ध में सेना का समर्थन किया था। उन्होंने कहा, कठुआ के लोगों के दिलों में देशभक्ति कूट-कूटकर भरी है। हमने कठुआ जिले के ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) को मजबूत करने का फैसला किया है। श्री स्वैन ने कहा कि कठुआ मुठभेड़ में बहादुर भूमिका के लिए नौ विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को नियमित किया गया। इस मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादी मारे गये थे। एसपीओ के नियमितीकरण के बारे में डीजीपी स्वैन ने कहा कि पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने सर्वसम्मति से सामान्य प्रक्रिया से आगे बढ़ने और आतंकवादियों से सीधे मुकाबला करने वाले एसपीओ को नियमित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पुलिस की सेवा करने वाले सभी 20,000 एसपीओ को अपने संदेश में कहा, एसपीओ के बहादुर कार्यों को मान्यता दी जाएगी और 24 घंटों के भीतर, एसपीओ को उनके बहादुर कार्यों के लिए नियमित किया जाएगा।

# शाह ने एनडीआरएफ के पर्वतारोहण अभियान विजय के सदस्यों का स्वागत किया

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दूसरे पर्वतारोहण अभियान विजय के सदस्यों का 21 हजार 625 फुट ऊंची चोटी मणिरंग को फतह करके लौटने पर शनिवार को स्वागत किया।





गृह मंत्री ने आज यहां आपदा प्रबंधन उपकरण और फोटो प्रदर्शनी का भ्रमण भी किया। इस प्रदर्शनी में बल के कर्मचारियों द्वारा अभियानों में प्रयोग किए जाने वाले अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकों को दर्शाया गया है।

भारत और तुर्की में आपदा प्रबंधन अभियानों में शामिल रहे बचाव दलों के प्रतिनिधियों ने गृह मंत्री को प्रदर्शनी के बारे में बताया। गृह मंत्री ने बाढ़ के दौरान बचाव अभियान, भूस्खलन, ढांचों के मलबे में खोज एंव बचाव अभियान, कैमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल न्यूक्लियर रिस्पाँस मैकेनिज़्म (सीबीआरएरन), पर्वत बचाव अभियान, बोरवैल बचाव अभियान और तूफान प्रतिक्रिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव और बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री शाह ने मणिरंग पर सफल अभियान के लिए बल के जवानों की सरहना करते हुए कहा कि इतनी ऊंचाई पर जाने के लिए अदम्य साहस दिखाने का फैसला करने वाले जवानों के ऐसे कठिन अभियानों से व्यक्ति और बल दोनों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कठिन अभियानों से लक्ष्य को सिद्ध करने, विजय प्राप्त करने और अकल्पनीय कठिनाइयों को पार कर लक्ष्य तक पहुंचने की आदत पड़ती है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस अभियान में कुछ जवानों ने सफलता प्राप्त की है लेकिन सही मायनों में यह पूरे बल की सफलता है। इन जवानों ने सिर्फ मणिरंग पर्वत की ऊंचाई पर विजय प्राप्त नहीं की है, बल्कि पूरे बल के हौंसले को बढ़ाने का काम किया है। गृह मंत्री ने कहा कि पर्वतारोहण सिर्फ एक कौशल नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला है और इस कला को सिद्धहस्त करना पूरे जीवन के लिए एक शिक्षा बनता है। उन्होंने अभियान विजय में सफलता हासिल करने वाले 35 जवानों और बल के महानिदेशक को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी।

श्री शाह ने कहा, एक ज़माने में भारत में आपदा को लेकर हमारा दृष्टिकोण सिर्फ राहत-केन्द्रित था, लेकिन अब आपदा प्रबंधन के लिए राहत-केन्द्रित नहीं बल्कि ज़ीरो कैजुअल्टी अप्रोच को अपनाया जा रहा है। आपदा से निपटने के मामले में ये हमारी बहुत बड़ी यात्रा रही है। पिछले 10 साल के कार्यकाल में आपदा से निपटने के लिए दुनियाभर की अच्छी तकनीकों को हमने भारत में ज़मीन पर उतारा है।

# न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं स्वामी नहीं : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

**कोलकाता, 29 जून (एजेंसियां)।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं स्वामी नहीं, उन्हें न्यायपूर्ण तरीके से अपना फैसला सुनाना चाहिए।



न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां टाउन हॉल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं। जब मुझे बताया जाता है कि यह न्याय का मंदिर है, तो मैं थोड़ा संकोची हो जाता हूं। एक गंभीर धारणा है कि हमें मंदिर में देवताओं के रूप में देखा जाता है। मैं न्यायाधीशों की भूमिका को लोगों के सेवक के रूप में फिर से परिभाषित कर रहा हूँ। ऐसा करके आप दूसरों के बारे में निर्णय लेने में करुणा और सहानुभूति की भावना लाते हैं, लेकिन दूसरों के बारे में निर्णयात्मक नहीं होते।

उन्होंने कहा, न्यायिक प्रणाली में कई बाधाएं हैं, लेकिन तकनीक की मदद से आम लोगों के लिए अंग्रेजी से सैकड़ों क्षेत्रीय भाषाओं का अनुवाद किया जा सकता है। तकनीक हम सभी को कुछ जवाब दे सकती है। ज्यादातर फ़ैसले अंग्रेज़ी में लिखे जाते हैं। तकनीक ने हमें उनका अनुवाद करने में सक्षम बनाया है। हम 51 हजार से अधिक फ़ैसलों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं। इनमें बंगाली और उड़िया में फ़ैसले भी शामिल हैं।

उन्होंने जमानत आवेदनों की सुनवाई में सुस्ती पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह न्यायिक प्रणाली का मॉडल नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों को यह भी निगरानी करनी चाहिए कि किसी व्यक्ति को जमानत देने के उनके आदेश का क्रियान्वयन हुआ या नहीं, क्योंकि नौकरशाही प्रणाली आदेश के त्वरित निपटान को प्रभावित करती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक मामले में किसी को भी सजा सुनाते समय भी न्यायाधीशों को करुणा की भावना के साथ ऐसा करना चाहिए, क्योंकि अंत में एक इंसान को ही सजा सुनाई जा रही है। उन्होंने कहा, संवैधानिक नैतिकता की ये अवधारणाएं केवल शीर्ष अदालत या उच्च अदालत के न्यायाधीशों के लिए ही नहीं बल्कि जिला न्यायपालिका के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आम नागरिक की भागीदारी सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जिला न्यायपालिका से शुरू होती है।

# एनटीए ने घोषित की यूजीसी-नेट सहित तीन परीक्षाओं की तिथि

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) की परीक्षा 21 अगस्त से 04 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि 18 जून को आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा पेपर लीक होने की वजह से एक दिन बाद यानी 19 जून को रद्द कर दी गयी थी, जबकि चतुर्थ वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) की परीक्षा 12 जून का आयोजित हुई थी और उसी दिन शाम में रद्द कर दी गयी थी। वहीं, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (जॉइंट सीएसआईआर- यूजीसी नेट) की परीक्षा 25 जून से 27 जून के बीच आयोजित होने वाली थी, लेकिन एनटीए ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थगित कर दिया।




राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से शुक्रवार को यूजीसी-नेट सहित तीन परीक्षाओं की तिथि घोषित की गयी। एनटीए के मुताबिक एनसीईटी की परीक्षा अब 10 जुलाई को कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित होगी। वहीं, जॉइंट सीएसआईआर- यूजीसी-नेट की स्थगित परीक्षा अब 25 से 27 जुलाई के बीच सीबीटी मोड में आयोजित होगी, जबकि यूजीसी-नेट की परीक्षा 21 अगस्त से चार जुलाई के बीच सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी।

यूजीसी इंडिया ने शनिवार को एक्स पर एनटीए की ओर से जारी अधिसूचना को पोस्ट करते हुए लिखा, यूजीसी-नेट जून 2024 चक्र 21 अगस्त से 04 सितंबर 2024 के बीच आयोजित किया जाएगा। परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट और एनसीईटी 2024 की तिथियों की भी घोषणा की गई है। पूरी जानकारी एनटीए की वेबसाइट एचटीटीपीए://एनटीए.एससी.इन पर प्राप्त करें।

# नेता का बच्चा राजनीति नहीं करेगा तो क्या खेतीबाड़ी करेगा : लवली आनंद

**पटना, 29 जून (एजेंसियां)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में आने की चर्चा के बीच प्रदेश में सियासत गर्म हो गयी है। इस बीच, जदयू की सांसद लवली आनंद ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात उन्होंने सुनी नहीं है, लेकिन वे राजनीति में आते हैं तो स्वागत योग्य बात है। उन्होंने कहा कि पॉलिटिशियन का बच्चा पॉलिटिक्स नहीं करेगा तो क्या खेतीबाड़ी करेगा। इस बयान को राजद ने किसानों का अपमान बताया है।



जदयू की सांसद लवली आनंद ने कहा, डॉक्टर का बच्चा डॉक्टर होता है, वकील का बच्चा वकील और इंजीनियर का बच्चा इंजीनियर होता है। अगर पॉलिटिशियन का बच्चा पॉलिटिक्स में गया तो क्या गलत है? जदयू की सांसद लवली आनन्द के बयान पर राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पलटवार करते हुए इसे देश के किसानों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि लवली आनंद को किसानों से माफी मांगनी चाहिए। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यह बयान देश के किसान भाइयों के लिए अपमानजनक है। उन्होंने कहा, देश की आत्मा किसानों में बसती है और 140 करोड़ नागरिकों का पेट उन्हीं किसानों की मेहनत से भरता है। लोग गर्व से कहते हैं कि हम किसान के बेटे हैं और किसान का बेटा भी मंत्री, आईएएस और अन्य उच्च पदों पर पहुंच सकता है। उन्होंने लवली आनंद के बयान को शर्मनाक बताया और कहा कि यह किसानों का अपमान है।

# नक्सली दंपत्ति सहित 12 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर, 29 जून (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सली दंपत्ति सहित 12 माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक बीजापुर के सामने आत्मसमर्पण कर दिया जिसे पुलिस अपनी बड़ी सफलता मानती है। इन नक्सलियों पर कुल सात लाख रुपए का इनाम घोषित था।

इन नक्सलियों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत पांच लाख की इनामी पीपीसीएम और एक लाख की ईनामी सीएनएम अध्यक्ष पति-पत्नि शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले सभी 12 नक्सली भैरमगढ एरिया कमेटी, गंगालूर एरिया कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमिटी के सदस्य है और इन सभी पर कुल सात लाख का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वाले उक्त नक्सली वर्ष 2005 से जवानों के साथ मुठभेड़ में व हत्या, आगजनी, सड़क खोदने , आईडी ब्लास्ट करने तथा 2006 में एनएमडीसी खदान में हमला करने जैसी बड़े घटनाओं में संलिप्त रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में अब तक 123 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। वही माओवादी घटनाओं में शामिल 273 माओवादी गिरफ्तार भी हुए हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# कोलकाता में अलीपुर-लेकटाउन समेत 8 जगहों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, 29 जून (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को 2021 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी की। पहले इस मामले की जांच सीबीआई कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामले में जो छापेमारी की गई है उसका कुछ विदेशी संबंध भी है। शहर में आठ अलग-अलग स्थानों पर समानांतर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें न्यू अलीपुर, जोधपुर पार्क स्थित साउथ सिटी आवासीय परिसर, लेक टाउन और जादवपुर भी शामिल है।




ईडी की टीमों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान सुरक्षा दे रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मामले में मुख्य आरोप विभिन्न मल्टी-लेवल मार्केटिंग योजनाओं के तहत अवैध रूप से सार्वजनिक जमा राशि इकट्ठा करने से संबंधित है, जैसा कि सारदा समूह और रोज वैली समूह जैसे पोंजी घोटाले के मामलों में हुआ था। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के अलावा ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में भी इस तरह की जमा वसूली की गई। इन राज्यों के विभिन्न शहरों में ऑपरेटरों के दफ्तरों और एजेंटों के नेटवर्क फैले हुए हैं। इस मामले में वित्तीय संलिप्तता हजारों करोड़ रुपये की है।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दें

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज मन प्रसन्न रहेगा उदासी दूर रहेगी.आप खुशहाल महसूस करेंगे कार्य में सफलता मिलने से मन हर्षित होगा. घर परिवार के बारे में भी विचार करेंगे और जरूरतो को पूरा करेंगे. परिवार में इज्जत रहेगी. मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. सेहत में उतार–चढ़ाव रहेगा. गृहस्थ जीवन खुशियों से भरा रहेगा. बच्चों का रवैया भी आप के अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य बहतर रहेगा , तंदरुस्ती बरकरार रहेगी ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज आय के स्त्रोत बढेंगे रुका हुआ धन वापस आएगा और अचानक कहीं से धन लाभ होगा. जिससे आर्थिक पक्ष में मजबूती आयेगी. आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे. आपको पारिवारिक सुख की प्राप्ति होगी. आपका पढ़ाई में मन लगेगा. साथ ही नये कोर्स को ज्वाइन करने के लिए भी दिन शुभ है. सफलता जरूर मिलेगी. कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ धन लाभ होगा आप कलाप्रेमी है तो आप के गुण और कला की तारीफ होगी ।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज सुबह उठते ही कुछ अच्छी खबर सुनने को मिलेगी एवं आप अपने आपमे बहुत गर्व महसूस करेंगे आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिए अच्छा दिन है. आपको ख़ुशी से भरी शादीशुदा जिंदगी की एहमियत का एहसास होगा. आपके बच्चे भी घर में ख़ुशी और सुकून के माहौल को महसूस कर सकेंगे. बच्चों के साथ आपका दिन मजेदार गुजरेगा.कोई नया टेंशन मत आने देना हैं काम को समझदारी से सुलझाले।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज का दिन जरुर थोड़ा व्यस्तता मे बीतेगा सामाजिक तौर पर नयी चुनौती सामने होगी इसलिए आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ेगा जो दूसरों के लिए प्रेरणा का काम करें. आप एक टीम के रुप मे काम करें चुनौतीया दूर रहेगी एवं विरोधी पस्त होंगे आपको लोगों से सराहना और सहयोग मिलने के संकेत है आपको अपने लोगों से या अपनी टीम से सम्मान मिल सकता है. दाम्पत्य जीवन मजेदार रहेगा एक नयी उर्जा रहेगी

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज का दिनमान आपके लिए उतार–चढ़ाव से भरा रहेगा. खर्चों में एकदम से तेजी आएगी जो शाम तक आपको परेशान कर सकती है लेकिन धैर्य रखने से बात बनेगी. खर्चों पर नियंत्रण रखें. बेवजह की बातों को दिमाग से ना लगाएं. किसी से झगड़ा ना करें. दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा. प्रेम जीवन बिता रहे लोगों को भी राहत की सांस मिलेगी. एक–दूसरे से बातचीत होगी और जो लंबे समय से रुकी हुई बातें थी, वो अब होने लगेंगी. आपका दिल खुश हो जाएगा. काम के सिलसिले में दिनमान अच्छा है.

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे. इस राशि के छोटे बच्चे आज पढ़ाई में अधिक रूचि लेंगे. इससे माता–पिता बहुत खुश रहेंगे. जो लोग अविवाहित हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ है. विवाह के लिए प्रस्ताव आयेगा. आज पुरे दिन परिवार का माहौल आनन्दमय बना रहेगा. स्वास्थ्य आज पहले से बढ़िया रहेगा. आपकी कोई खास इच्छा आज जरूर पूरी होगी. लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल है.

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा. कार्य में सफलता मिलने से मन हर्षित होगा. घर परिवार के बारे में भी विचार करेंगे और जरूरतों को पूरा करेंगे. परिवार में इज्जत रहेगी. मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. सेहत में उतार–चढ़ाव रहेगा. गृहस्थ जीवन खुशियों से भरा रहेगा

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज सामाजिक और राजनीति गतिविधियों मे समय गुजरेगा आप की जान पहचान भी बढेगी आपको जो आपको सम्मान दिला सकता है. कुछ ऐसे काम जो आपकी इमेज को एक नया रंग दे सकते हैं, उन्हें करने की कोशिश करें. कुछ नया शुरू करने या नई जिम्मेदारी मिलने का दिन है. आपको अपने कार्यक्षेत्र में विशेष पहचान मिलेगी. आपकी सलाह लोगों के लिए बहुत मददगार हो सकती है. वर्तमान मे बनाए हुए सम्बन्ध भविष्य मे लाभ देंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज दिन कुछ कमजोर गुजरेगा . परिवार में किसी बात को लेकर खींचातानी हो सकती है जिसकी वजह से आप को थोड़ी परेशानी भी होगी लेकिन कोशिश करने से समाधान निकल जाएगा और समस्याएं दूर होंगी. गृहस्थ जीवन खुशनुमा रहेगा. रिश्ते में रोमांस भी रहेगा और एक दूसरे के प्रति आकर्षण की भावना भी बढ़ेगी. प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा. आप अपनी बात कहने में सक्षम होंगे. यात्रा का योग बनेगा।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज धार्मिक ग्रंथों का पठन और श्रवण करेंगे मंदिर मे देव प्रतिमा को अपने हाथों से श्रृंगार करेंगे संतान सुख की प्राप्ति होगी. परिवार के सुख–सौभाग्य में वृद्धि होगी. ऑफिस में आज किसी से बहस होने की संभावना है. आपको इससे बचकर रहने की जरूरत है. कोई जरूरी केस का फैसला आपके पक्ष में आयेगा. ऐग्रिकल्चर मे निवेश आपको धन लाभ देगा ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

महनत अच्छा परिणाम देगी शतप्रतिशत फल मिलेगा आय में वृद्धि होगी. जिस काम की आपको उम्मीद थी, आपको उसका परिणाम बहुत अच्छा मिलेगा. आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए. पारिवारिक कलह होगी इसलिए थोड़ा–सा वाणी पर संयम रखें. आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा आपको नवग्रह शान्ति करानी चाहिए।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज ऑफिस मे ओवरटाइम करना पडेगा.जिससे पारिवारिक तनाव बनेगा आप काम के दबाव से परेशान रह सकते हैं. करियर के मामलों में इस बात का विशेष रुप से ध्यान रखें. नकारात्मक लोगों और चीजों से दूर रहें. आप जल्दबाजी में कोई गलत निर्णय ले सकते हैं गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा सूर्य को रक्त पुष्प और गंध युक्त जल अर्पण करें।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 30 जून 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : आषाढ़ , कृष्ण पक्ष
तिथि : नवमी दोपहर 12:21 तक
नक्षत्र : रेवती प्रातः 07:34 तक
योग : अतिगंड सायं 04:13 तक
करण : गर दोपहर 12:21 तक
चन्द्रराशि : मेष प्रातः 07:34 तक
सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त 06:54 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:57 , सूर्यास्त 06:49 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:48, सूर्यास्त 06:43 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:38, सूर्यास्त 06:44 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : पंचक समाप्त प्रायः 07:34 से , गण्डमूल चालू है , भद्रा रात्रि 11:22 से , शुक्र उदय

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# राजस्थान के पूर्व मंत्री प्रमोद जैन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बारां, 29 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में खान एवं गोपालन मंत्री रहे प्रमोद जैन भाया के खिलाफ बारां शहर कोतवाली थाने में धोखाधड़ी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पार्षद शिवराज महावर की ओर दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि सभापति ज्योति पारस ने पति पूर्व सभापति कैलाश पारस एवं अन्य ने प्रमोद भाया के पद का फायदा उठाते हुए अस्पताल रोड पर अग्रवाल धर्मशाला के पास खाली भूमि का नाम मात्र शुल्क में पट्टा बनवाकर फर्जीवाड़ा किया है, जबकि वो जमीन करोड़ों रूपए की है।



पुलिस ने बताया कि पार्षद शिवराज महावर ने पूर्व मंत्री प्रमोद भाया, सभापति ज्योति पारस समेत अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। मामले की जांच बृजेश सिंह उप निरीक्षक को सौंपी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी करीब आधा दर्जन के आसपास मुकदमें श्री भाया और उनके करीबियों पर दर्ज हो चुके हैं। इनमें अधिकांश मुकदमे धोखाधड़ी, अवैध खनन और जमीन गबन के मामले दर्ज हैं। जिन पर कार्रवाई विचाराधीन है। इन्हीं मामलों को लेकर पिछले दिनों कांग्रेस के नेताओं ने मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश सरकार पर हमला बोला था।

# 16वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र के लिए किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**जयपुर, 29 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में सोलहवीं राजस्थान विधानसभा का द्वितीय सत्र तीन जुलाई से शुरु होगा और इसकी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबंध कर लिया गया है।



सत्र के दौरान विधानसभा की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र से संबंधित की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की है। विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने चर्चा की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा कार्यों की प्रगति रिपोर्ट विधान सभा को प्रस्तुत की जा रही है।सत्र के दौरान फोटो युक्त प्रवेश पत्र ही मान्य होगा। फोटोयुक्त क्यूआर कोड प्रवेश पत्र से ही अधिकारी एवं कर्मचारी विधानसभा में प्रवेश कर सकेंगे। क्यूआर कोड के स्कैन करने पर ही फ्लैग बैरियर खुलेगा। जिससे आगंतुक विधानसभा में प्रवेश कर सकेंगे। विधानसभा भवन से बाहर जाने के लिए यही प्रक्रिया अपनानी होगी। विधान सभा सदन में मोबाइल फोन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा । मोबाइल फोन के उपयोग को सदन में निषेध किया गया है। विधानसभा भवन परिसर में वही वाहन प्रवेश कर सकेंगे, जिन पर द्वितीय सत्र का सत्रकालीन वाहन प्रवेश पत्र लगा होगा। अधिकारी एवं कर्मचारियों के वाहनों का आवागमन गेट संख्या एक उत्तर पूर्वी द्वारा से होगा और पार्किंग पूर्वी द्वार के भूतल पर की जा सकेगी। पत्रकारों के वाहनों का प्रवेश भी गेट नंबर एक से होकर पूर्वी एवं दक्षिण कोने में बनाए गए स्थान पर पार्किंग की जायेगी। सत्र के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री एवं मंत्री से मिलने आने वाले प्रतिनिधि मण्डलों के प्रवेश की व्यवस्था संबंधित से सहमति मिलने के पश्चात सम्पर्क अधिकारी द्वारा की जायेगी।

# आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत :मिश्र

**जयपुर, 29 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमता के इस दौर में भाषा विशेषज्ञों, शब्द संवेदना से जुड़े मर्मज्ञ विद्वानों की सहायता से पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों के लिए विश्वविद्यालय नींव के रूप में कार्य करना चाहिए।

श्री मिश्र शनिवार को हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य भवन का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया और इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता शिक्षा के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के आलोक मे ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं जो युग की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए नई पीढ़ी को संवेदनशील, सजग और भविष्य के बेहतर नागरिक बना सके। उन्होंने विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए पत्रकारिता शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों की सहभागिता का भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का यह दौर चुनौतीपूर्ण है। मीडिया में इस बात की होड़ मच रही है कि पल पल की खबरों को कैसे सबसे पहले प्रकाशित एवं प्रसारित किया जाए। ऐसे में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि मानव मूल्य कहीं तिरोहित न हो। उन्होंने पत्रकारिता शिक्षा के तहत मानवीय मूल्यों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य के पत्रकार, जनसंचारकर्मी तैयार किए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने डीप फेक, तथ्यहीन और मर्यादाहीन समाचार प्रस्तुति आदि की चर्चा करते हुए कहा कि भ्रामक समाचारों से कैसे बचा जाए, इस पर भी कार्य होना चाहिए।

श्री मिश्र ने कहा कि मीडिया का एक बड़ा कार्य आम जन को राज्य के कल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं और उपलब्धियों के प्रति सजग करना भी है। जनसंचार शिक्षा की इसमें महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्यक्रम प्रभावी रूप में आम जन तक कैसे पहुंचे, जनसंचार माध्यमों की सकारात्मक भूमिका इसमें कैसे बनी रहे, इसके शिक्षण पर भी विश्वविद्यालय प्रभावी रूप में कार्य करें।




राज्यपाल ने इस अवसर पर विभिन्न अनुशासनों में 94 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। उन्होंने छह विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इनमें पांच पदक छात्राओं को मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह इस बात का प्रतीक है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि जिस समाज में बालिकाएं आगे बढ़ती है, वही समाज तेजी से आगे बढ़ता है।

श्री मिश्र ने इससे पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन कराया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के नव निर्मित और लोकार्पित भवन पर वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति सुधि राजीव ने राज्य के पहले जनसंपर्क निदेशक और प्रख्यात लेखक डा. राजेंद्र शंकर भट्ट की स्मृति मे उनकी पुत्री डॉ. सुभा त्रिपाठी द्वारा पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा के लिए सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा के श्री भट्ट अग्रदूत रहे हैं। उनका अवदान अविस्मरणीय हैं।

# बिजली गिरने से आठ भैंस, चार बछड़ों की मौत

**भरतपुर, 29 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में भरतपुर के बयाना में गढ़ी बाजना थाना क्षेत्र के गांव जैसोरा में पशुबाड़े पर बिजली गिरने से आठ भैंस और चार बछड़ों की मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि को जैसोरा निवासी पप्पू गुर्जर पुत्र जवाहर सिंह के परिवार के सभी दुधारू पशु एक साथ पशु बाड़े में बंधे हुये थे, तभी बूंदाबांदी के बीच बाड़े में भैंसों के ऊपर बिजली गिर गयी। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर परिवार एवं गांव के लोग बाड़े में पहुंचे, जहां उन्हें भैंसें तड़पती हुई मिलीं और देखते ही देखते आठ भैंसों और चार बछड़ों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में पशुपालक को करीब नौ लाख रुपये का नुकसान बताया गया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है।

# हरियाणा के अगले मुख्यमंत्री नायब सैनी ही होंगे : अमित शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री की मौजूदगी में महत्वपूर्ण एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

**चंडीगढ़, 29 जून (एजेंसियां)।** विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक के लिए पंचकूला पहुंचे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का हरियाणा सीएम नायब सैनी ने स्वागत किया। हरियाणा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी और हरियाणा सरकार के बीच एमओयू साइन हुआ। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा का अगला चुनाव सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा और अगले सीएम भी नायब सैनी ही होंगे।

नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) और हरियाणा सरकार के बीच एमओयू साइन हुआ। ये एमओयू केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुआ। केंद्रीय शहरी विकास ,आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह और विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता मौजूद रहे। चिन्हित अपराध केस से जुड़े मामलों को लेकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए एमओयू साइन हुआ। हरि की धरती हरियाणा आगमन पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भी अभिनंदन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पंचकूला में विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हम सभी को अमित शाह का मार्गदर्शन मिलेगा।



हरियाणा में एनएफएसयू के साथ मिलकर देश का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि साल 2022 में केंद्रीय गृहमंत्री से इस सेंटर की प्रेरणा मिली थी। प्रदेश में अभी फॉरेंसिक की चार लैब चल रही हैं। वहीं, सीएम नायब सैनी ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में हरियाणा को होगा और मजबूत भी होगा। सेंटर के बनने से चिन्हित अपराध में सबूत इकट्ठा करना और आसान होगा। सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पीड़ित को सुगम न्याय की व्यवस्था की परिकल्पना को साकार करेंगे।


## विवादों में घिरे हरियाणा के बिजली मंत्री

# रणजीत चौटाला को शर्म आनी चाहिए : सांसद जयप्रकाश

हिसार, 29 जून (एजेंसियां)। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने सिरसा की रानियां सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह भाजपा की टिकट पर हिसार से चुनाव लड़े लेकिन हार गए। इसके बावजूद उनका मंत्री पद बरकरार है। इसको लेकर हिसार से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश जेपी ने सवाल खड़े किए हैं।

हिसार सांसद जेपी शनिवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों से मिले। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए जयप्रकाश जेपी ने कहा कि नैतिकता के आधार पर रणजीत सिंह चौटाला से इस्तीफा मांगा गया है। हिसार सांसद जयप्रकाश जेपी ने हरियाणा खासकर हिसार में बढ़ते अपराध को लेकर हरियाणा सरकार पर निशाना साधा है। जयप्रकाश ने कहा कि हरियाणा गुंडागर्दी का अड्डा बन चुका है। कांग्रेस की सरकार आते ही इस प्रवृति के लोग 72 घंटे के अंदर या तो प्रदेश छोड़ देंगे या गुंडागर्दी छोड़ देंगे।

जेपी ने कहा कि हिसार में दिनदहाड़े ऑटो मार्केट में महिंद्रा शोरूम पर गोलियां चलाई गईं और हिसार के विभिन्न इलाकों में बदमाशों द्वारा फिरौती के लिए फोन किए जा रहे हैं, जो प्रदेश में खराब कानून व्यवस्था को उजागर करता है। आए दिन शहर में गुंडागर्दी की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन इन पर काबू पाने में बेबस नजर आता है। आज प्रदेश में अपराध बेकाबू हो चुका है। प्रदेश में हो रही आपराधिक घटनाओं की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश के गृह मंत्री की है, सरकार के संरक्षण के बिना यह काम असंभव है और प्रदेश के गृह मंत्री को अपने किए की जनता से माफी मांगनी चाहिए। जेपी ने कहा कि जब 2004 में हरियाणा में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनी थी तो अपराधियों का इलाज किया गया था तथा प्रदेश मे अमन शांति बहाल की गई थी, लेकिन जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है , प्रदेश में लगातार अपराध की घटनाएं घट रही है और प्रदेश में सरेआम गुंडों द्वारा गोलियां चलाना आज आम बात हो गई है। पुलिस और प्रशासन केवल मूकदर्शक बना हुआ है। हरियाणा प्रदेश में फिर से अमन चैन की बहाली केवल और केवल कांग्रेस पार्टी के द्वारा ही स्थापित की जा सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाकर यह करके दिखाएगी।



जयप्रकाश ने कहा कि रणजीत चौटाला ने इस्तीफा देकर हिसार से चुनाव लड़ा था। उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया और अब वह पूर्व विधायक हैं, ऐसे में वह मंत्री पद पर कैसे बने रह सकते हैं। रणजीत चौटाला को तुरंत मंत्री पद छोड़ देना चाहिए। जयप्रकाश ने कहा कि भाजपा में लोकलाज नाम की चीज नहीं है। जेपी ने कहा कि चुनाव से पहले नैतिकता की दुहाई देने वाले रणजीत को क्या हो गया है। चौटाला परिवार जो मुझे बार–बार गाली देता था, अब जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया है। अगर रणजीत में अभी भी नैतिकता बची है तो उन्हें इस्तीफा देकर घर बैठ जाना चाहिए। जनता के साथ धोखा मत करो। जयप्रकाश जेपी ने हाईकमान की बैठक में चर्चा की गई बातों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि जो भी चर्चा हुई है, उसे पार्टी के अंदर रखी गई है। बाहर ऐसी कोई बात नहीं की जाएगी।

# दस दिन बाद नहर में मिला व्यक्ति का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**चरखी दादरी, 29 जून (एजेंसियां)।** जिले के बौंदकलां थाना क्षेत्र में खेत में चारा लेने गए गांव सांकरोड़ निवासी एक व्यक्ति का शव नहर से बरामद हुआ है। परिजनों का आरोप है कि उसके साथ गए चार व्यक्तियों ने उसको मारकर नहर में फेंका है। अब दस दिन बाद बौंदकलां थाना पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजन महेश ने बताया कि मृतक विष्णु सिंह (40) उसका सगा भाई था। विष्णु दादरी बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। 19 जून को सुबह आठ बजे वह खेत में चारा लेने गया था। उसके साथ ही गांव निवासी विनोद, कालिया, दीपू व विक्की भी गए हुए थे। इसके बाद सुबह 11 बजे ग्रामीणों ने चारों को विष्णु के साथ ही देखा था। दोपहर दो बजे उसका चाचा कलम सिंह खेत में चारा काट रहा था। इस दौरान उसने चारों आरोपियों को अकेले ही देखा था।

इसके बाद सायं 4 बजे विनोद उनके घर आया और विष्णु के कपड़े व फोन देकर चला गया। जब उसकी मां ने विष्णु के बारे में पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद वे विष्णु की तलाश करते हुए नहर के पास पहुंचे। वहां पर उक्त चारों व्यक्ति घूम रहे थे। देर शाम तक विष्णु का पता नहीं लगने पर उन्होंने डायल 112 पुलिस को फोन किया और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बाद में सभी ने मिलकर विष्णु की जांच की तो लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर दूरी पर विष्णु का शव नहर में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोटें और सिर में गहरी चोट का निशान था। परिजनों का आरोप है कि पहले चारों ने विष्णु को बेरहमी से पीटा और फिर हत्या के सबूत मिटाने के लिए उसे नहर में फेंक दिया। उस दौरान नहर में दो फुट से भी कम पानी था और इसमें डूबने से विष्णु की मौत नहीं हो सकती। परिजनों ने पुलिस से मामले की गहनता से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्वर्ग में माली को पत्नी से प्रेम करने पर मिला था श्राप

## पढ़िए योगिनी एकादशी की पूरी व्रत कथा



आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को योगिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस साल योगिनी एकादशी व्रत 2 जुलाई को रखा जाएगा। ऐसा माना जाता है कि योगिनी एकादशी का व्रत रखने वाले लोगों को सभी पापों से छुटकारा मिलता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, योगिनी एकादशी का व्रत करने से कई यज्ञों को करने और 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। इस दिन व्रत करने वालों को भगवान विष्णु की पूजा विधि-विधान से करनी चाहिए। साथ ही योगिनी एकादशी की कथा भी जरूर सुननी चाहिए।

**योगिनी एकादशी 2024**

पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 1 जुलाई को सुबह 10.26 बजे शुरू होगी और 2 जुलाई को सुबह 8.42 बजे समाप्त होगी। योगिनी एकादशी का व्रत उदया तिथि के अनुसार 2 जुलाई को ही रखा जाएगा।

**योगिनी एकादशी व्रत कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, कुबेर नाम का एक राजा स्वर्ग में रहता था। वह शिव का भक्त था। वह प्रतिदिन शिव जी की पूजा करता था। उसके पास हेम नाम का एक माली था, जो प्रतिदिन पूजा के लिए फूल लाता था। माली की पत्नी का नाम विशालाक्षी था। वह बड़ी रूपवती थी। एक बार सुबह के समय माली मानसरोवर से फूल लेकर आया, लेकिन कामोत्तेजना के कारण वह अपनी पत्नी से हास्य-विनोद करने लगा।

अपनी प्रार्थना पूरी करने में देर होने के कारण राजा क्रोधित हो गया। ऐसे में राजा ने माली को श्राप दे दिया। उन्होंने कहा कि तुमने भगवान की भक्ति की अपेक्षा वासना को अधिक प्राथमिकता दी, तुम्हारा स्वर्ग से पतन होगा और अपनी पत्नी से वियोग तथा कुष्ठ रोग भोगोगे। इसके बाद वह भूमि पर आकर गिर पड़ा, जिसके कारण वह कुष्ठ रोग से पीड़ित हो गया और उसकी पत्नी ने भी उसे त्याग दिया। वह कई वर्षों तक पृथ्वी पर कठिनाइयों का सामना करता रहा। एक बार माली को मार्कण्डेय ऋषि के दर्शन हुए। उसने उसे अपने जीवन की सारी समस्याएं बताईं। यह सुनकर ऋषि, आश्चर्यचकित रह गए। ऐसे में मार्कण्डेय ऋषि ने उन्हें योगिनी एकादशी के व्रत के महत्व के बारे में बताया। मार्कण्डेय ने कहा कि इस व्रत को करने से तुम्हारे जीवन के सभी पाप समाप्त हो जाएंगे और तुम भगवान की कृपा से पुनः स्वर्ग प्राप्त करोगे। माली ने वैसा ही किया। भगवान विष्णु ने उसके सभी पापों को माफ कर दिया और उसे फिर से स्वर्ग में जगह दी।

# सूर्य नारायण रथ यात्रा की पौराणिक कहानी ब्रह्मा जी से जानें इसका अद्भुत फल

हिंदू धर्म में सूर्य नारायण को देवताओं का देवता माना जाता है । वे आदित्य देव, विश्वकर्मा, सविता, भास्कर, खगेश, सूर्यदेव जैसे अनेक नामों से भी जाने जाते हैं। सूर्य नारायण को जीवन का आधार माना जाता है। वे प्रकाश, ऊर्जा और गर्मी के दाता हैं, जो जीवन के लिए आवश्यक हैं। सूर् देव को ईश्वर का प्रत्यक्ष स्वरूप माना जाता है। वे त्रिमूर्ति (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) में से एक हैं। वे दिन और रात को समान बनाए रखते हैं और अच्छे और बुरे के बीच न्याय करते हैं। वे रोगों को दूर करते हैं और स्वास्थ्य प्रदान करते हैं। उन्हें ज्ञान का देवता भी माना जाता है जो विद्या और बुद्धि प्रदान करते हैं। सूर्य नारायण की पूजा रविवार को विशेष रूप से की जाती है। उनकी पूजा के लिए सूर्य नमस्कार एक महत्वपूर्ण मंत्र है। इसके अलावा, गायत्री मंत्र, आदित्य हृदय स्तोत्र और सूर्य स्तोत्र का भी जाप किया जाता है। सूर्य नारायण का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, वैज्ञानिक भी है। वे पृथ्वी के लिए ऊर्जा का मुख्य स्रोत हैं और जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं।



**सूर्य नारायण की पौराणिक कथा**

ब्रह्मा जी के अनुसार, सूर्य नारायण की रथ यात्रा करने वाला सूर्यलोक में निवास करता है। उस व्यक्ति के कुल में न कोई दरिद्र होता है, न कोई रोगी। सूर्य भगवान के अभियंग के लिए घी समर्पण करने वाले तथा अनेक प्रकार का तिलक करने वाले व्यक्ति को। सूर्यलोक प्राप्त होता है गंगा आदि तीर्थों से जल लाकर जो सूर्य नारायण को स्नान कराता है वह वरुण लोक में निवास करता है। लाल रंग का भात और गुड़ का नैवेद समर्पित करने वाला व्यक्ति प्रजापति लोग को प्राप्त करता है। भक्तिपूर्वक सूर्य नारायण को स्नान कराकर पूजन करने वाला व्यक्ति सूर्यलोक में निवास करता है जो व्यक्ति सूर्य देव को रथ पर चढ़ाता है। रथ के मार्ग को पवित्र करता और पुष्प तोरण, पताका आदि से अलंकृत करता है।

वह वायु लोक में निवास करता है। जो व्यक्ति नृत्य की तादी के द्वारा वृहद उत्सव मनाता है वह सूर्यलोक को प्राप्त करता है जब सूर्य देव व्रत पर विराजमान होते हैं। उस दिन जागरण करने वाला पुण्यवान व्यक्ति निरंतर आनंद प्राप्त करता है। जो व्यक्ति भगवान सूर्य की सेवा आदि के लिए व्यक्ति को नियोजित करता है वह सभी कामनाओं को प्राप्त कर सूर्यलोक में निवास करता है।

रथारूढ़ भगवान सूर्य का दर्शन करना बड़े ही सौभाग्य की बात है। जब व्रत की यात्रा उत्तर दिशा अथवा दक्षिण दिशा की ओर होती है, उस समय दर्शन करने वाला व्यक्ति धन्य है। जीस दिन रथ यात्रा हो, उसके साल भर बाद उसी दिन पुनः रथ यात्रा करनी चाहिए। यदि वर्ष के बाद यात्रा न करा सके तो बारहवें वर्ष अतिशय उत्साह के साथ उत्सव सम्पन्न कर यात्रा सम्पन्न करानी चाहिए। बीच में यात्रा नहीं करनी चाहिए। इसी प्रकार इंद्र ध्वज के उत्सव में यदि विघ्न हो जाए तो 12 वर्ष में ही उसे संपन्न करना चाहिए। जो व्यक्ति रथ यात्रा की व्यवस्था करता है, वह इन रादि लोकपाल के प्राप्त करता है। यात्रा में विघ्न करने वाले व्यक्ति मधेय जाति के राक्षस होते हैं। सूर्य नारायण की पूजा किए बिना जो अन्य देवताओं की पूजा करता है, वह पूजा निष्फल है। रथ यात्रा के समय जो सूर्य नारायण का दर्शन करता है, वह निष्पाप हो जाता है। षष्ठी, सप्तमी, पूर्णिमा, अमावस्या और रविवार के दिन दर्शन करने से बहुत पुण्य प्राप्त होता है। आषाढ़ कार्तिक और मां की पूर्णिमा को दर्शन करने से अनंत पुण्य होता है। इन तीन मासों में भी रथ यात्रा करनी चाहिए। इनमें भी कार्ति पूर्णिमा को विशेष फलदायक होने से महाकार्तिक की कहा गया है। इन समूहों में उपवास कर जो भक्तिपूर्वक भगवान सूर्य की पूजा करता है वह सदगति को प्राप्त करता है। संसार पर अनुग्रह करने के लिए प्रतिमा में स्थित होकर सूर्यदेव स्वयं पूजन ग्रहण करते हैं। जो व्यक्ति मुंडन कराकर स्नान, जब्त, होम दान आदि करता है, वह दीक्षित होता है। सूर्य भक्त को अवश्य ही मुंडन कराना चाहिए। जो व्यक्ति इस प्रकार दीक्षित होकर सूर्य नारायण की आराधना करता है वह परमगति को प्राप्त होता है। महादेव जी इस रथ यात्रा के बाद में। मैंने वर्णन किया इसी जो पड़ता है, सुनता है वह सभी प्रकार के रोगों से मुक्त हो जाता है और विधिपूर्वक रथ यात्रा का संपादन करने वाला व्यक्ति सूर्यलोक को जाता है।


# चातुर्मास की पहली एकादशी पर चर्म रोगों से मिलेगी मुक्ति! इस योग से मिलेगा धन

साल 2024 में चातुर्मास के पहले महीने में पड़ने वाली एकादशी श्रेष्ठ और महत्वपूर्ण है। धार्मिक ग्रंथो के अनुसार साल 2024 में चातुर्मास की पहली एकादशी 2 जुलाई को होगी। चातुर्मास की पहली एकादशी को व्रत, पूजा पाठ आदि करने से शारीरिक रोग दूर होने की धार्मिक मान्यता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 2 जुलाई को भगवान विष्णु के निमित्त योगिनी एकादशी होगी। इस बार योगिनी एकादशी पर कोई भी धर्म कर्म का कार्य करने से विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। साथ ही व्यक्ति के जीवन से शारीरिक रोग, दुख, परेशानियां, कष्ट सब दूर हो जाएंगे। चातुर्मास की पहली एकादशी के दिन पूजा पाठ, व्रत और भगवान भक्ति में लीन होने से शारीरिक समस्याएं, कुष्ठ रोग आदि सभी खत्म होने की धार्मिक मान्यता है। साल 2024 में चातुर्मास का पहला महीना आषाढ़ है जो 23 जून से शुरू हो गया था। आषाढ़ के कृष्ण पक्ष में दो तिथि घटने से यह त्रयोदश पक्ष हो गया है जो द्वापर युग के बाद 2024 में आया है। शास्त्रों के अनुसार त्रयोदश पक्ष बेहद ही विनाशकारी होता है।योगिनी एकादशी के महत्व और साल 2024 में इसके श्रेष्ठ होने की जानकारी हमने हरिद्वार के ज्योतिषी पंडित श्रीधर शास्त्री से की। वह बताते हैं की साल 2024 में चातुर्मास की पहली योगिनी एकादशी 2 जुलाई को होगी। योगिनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि योग होने से इस दिन कोई भी धर्म कर्म का कार्य किया जाए है तो उसका सम्पूर्ण फल मिलता हैं। वह बताते हैं कि योगिनी एकादशी पर भगवान विष्णु की कृपा से व्यक्ति को चर्म रोग, कुष्ठ रोग, रक्त विकार रोग आदि से छुटकारा मिल जाता है। सभी एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है इसलिए एकादशी पर भगवान विष्णु के निमित्त पूजा पाठ, व्रत आदि करने का महत्व होता है। सर्वार्थ सिद्धि योग में योगिनी एकादशी होने के कारण यह श्रेष्ठ और उत्तम है। योगिनी एकादशी के अवसर पर कोई भी धार्मिक कार्य, सत्कर्म या कोई मनोकामना आदि सभी का व्यक्ति को कई गुना फल प्राप्त होता है। योगिनी एकादशी पर ब्रह्म मुहूर्त में जो भी श्रद्धालु व्रत का संकल्प कर पूजा पाठ करेंगे उन्हें इसका कई लाख गुना फल प्राप्त होगा। योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की आराधना व्यक्ति को कई दुखों और रोगों से छुटकारा दिलाएगी। जिसमें व्यक्ति को चर्म रोग, कुष्ठ रोग आदि से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही योगिनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि योग अपने साथ धन संपत्ति, धर्म कर्म आदि सभी लेकर आ रहा हैं।

योगिनी एकादशी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग होने के कारण इसका महत्व लाखों गुना बढ़ जाएगा और सभी पर भगवान विष्णु की असीम कृपा बनी रहेगी।

# भगवान जगन्नाथ हैं बीमार काढ़े का लग रहा भोग

## भक्त भी पीते हैं ताकि रहें साल भर स्वस्थ



जगत का पालन और पोषण करने वाले भगवान जगन्नाथ भी बीमार पड़ते हैं। जी हां यह सुनने में आपको अटपटा सा लगे, लेकिन ये होता है। इस दौरान भगवान को आयुर्वेदिक काढ़े का भोग लगाया जाता है। इसके बाद बाद प्रभु पन्द्रह दिनों बाद स्वस्थ होते हैं। इस काढ़े को प्रसाद के रूप में बांटा जाता है और मान्यता है की जो इस काढ़े को पी लेने से कोई भी साल भर स्वस्थ रहता है। उसे कोई बीमारी नहीं होती। भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ भक्तों द्वारा अधिक स्नान कराने से पन्द्रह दिनों तक भगवान जब बीमार पड़ते हैं, तब उन्हें काढ़ा चढ़ाया जाता है, ताकि वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं और पन्द्रह दिन के बाद उन्हें स्वास्थ लाभ के लिए परवल का काढ़ा भी भोग में दिया जाता है। इस तरह से भगवान स्वास्थ हो जाते है और इस काढ़े को प्रसाद के रूप में लोगों में भी बांटा जाता है। मान्यता है की इस काढ़े को जो पीता है उसके असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं और हमेशा व्यक्ति स्वास्थ रहता है।

तीन सौ सालों से वाराणसी के लोग इस परम्परा को बखूबी निभाते चले आ रहे हैं। लोगों का ऐसा विश्वास है की इस काढे के सेवन से इंसान के शारीरिक ही नहीं मानसिक कष्ट भी दूर हो जाते हैं! और ऐसे भक्तों की कोई  कमी नहीं जो यहां आना अपना सौभाग्य समझते हैं! भक्तों का कहना है की ईश्वर के इस काढ़े को पाना सौभाग्य की बात है। इसे हम अपने परिवार में भी ले जाते हैं और सभी को पिलाते हैं ताकि हम सभी निरोग्य रहें।

**200 साल से अधिक वर्षों से निभाई जा रही परंपरा**

मंदिर के पुजारी राधेश्याम पांडेय का कहना है कि 200 साल से अधिक वक्त से यह परंपरा निभाई जा रही है। भगवान जगन्नाथ को आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा तिथि से 15 दिनों तक के लिए परवल के काढ़े का भोग लगाया जाता है।  इस काढ़े को तुलसी, लौंग, इलाइची, मरीच, दालचीनी और सौंफ समेत कई जड़ी बूटियों और मसाले के प्रयोग से तैयार की जाती है।

**सेहत के लिए रामबाण**

इस तैयार करने के साथ इसे गुपचुप तरिके से भगवान जगन्नाथ को चढ़ाया जाता है। इसके बाद प्रसाद की तरह भक्तों में बांटा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त इस काढ़े का भोग लगाता है, उसे पूरे वर्ष रोग से मुक्ति मिल जाती है।

# घर में इस तरह करें मंगल कलश की स्थापना

## ध्यान रखें ये वास्तु नियम



वास्तु शास्त्र में व्यक्ति के जीवन से जुड़ी कई परेशानियों का हल मिल सकता है। यह हिंदू प्रणाली के सबसे पुराने विज्ञानों में से एक है, जिसमें दिशाओं का विशेष महत्व माना गया है। ऐसे में चलिए जानते हैं घर में मंगल कलश स्थापित करने से वास्तु नियम, ताकि आपको इसके शुभ परिणाम प्राप्त हो सके।

**कलश स्थापना से मिलते हैं ये लाभ**

वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार, घर में अष्टदल कमल बनाकर मंगल कलश स्थापित किया जाए, तो वह ज्यादा शुभ होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इससे व्यक्ति पर आने वाले सभी संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि का माहौल बना रहता है। माना जाता है कि कलश स्थापना करने से साधक और उसके परिवार पर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी बना रहता है, जिससे आर्थिक संकट दूर हो सकते हैं।

**इस तरह करें कलश स्थापना**

सबसे पहले एक कलश में जल भरकर उसमें एक तांबे का सिक्का डाल दें। इसके साथ ही कलश में दुर्वा, चंदन, हल्दी, अक्षत, पान, सुपारी, लौंग और इलायची आदि भी डालें। इसके बाद कलश के ऊपर आम के पत्ते रखें और उसके मुख पर नारियल रख दें। अब रोली या फिर कुमकुम का इस्तेमाल करते हुए कलश पर स्वस्तिक का चिन्ह बनाएं और कलावा (रक्षा सूत्र) बांधे।

इसके बाद जहां आप कलश की स्थापना करना चाहते हैं, वहां अष्टदल कमल की आकृति बनाएं और उसपर कलश की स्थापना करें। वास्तु शास्त्र में मंगल कलश की स्थापना के लिए ईशान कोण सबसे उत्तम दिशा माना गया है। आप चाहें तो घर के मंदिर में भी इस कलश की स्थापना कर सकते हैं। इससे भी आपको लाभ देखने को मिलेगा।

# नीले रंग के कपड़े पहनने से बढ़ेगा आपका आत्मविश्वास

## जानें ज्योतिष में क्या है इस रंग का महत्व, क्यों है ये इतना खास?

बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को अपने हिसाब से अलग-अलग तरह के कलरफुल कपड़े पहनना पसंद होता है। लेकिन लाल हो, पीला हो, नीला हो, काला हो, हरा हो या सफेद, हर ज्योतिष शास्त्र में किसी रंग का अपना अलग प्रभाव बताया गया है। यदि आप किसी खास रंग को पसंद करते हैं तो आपको उसका गुण पता होना भी जरूरी है। ऐसा कहा जाता है कि काला रंग नकारात्मकता का प्रतीक होता है, ऐसे में यदि ब्लैक कलर ज्यादा ही पसंद है तो डार्क ब्लू कलर पहनना चाहिए। लेकिन इस नीले रंग की खास बात क्या है और इसका क्या



प्रभाव हमारे जीवन पर होता है? यह आज हम इस लेख में जानेंगे।

**नीले रंग का कपड़ा कितना खास**

ज्योतिष शास्त्र में नीले रंग के कपड़े को पहले रंग का पूरक बताया गया है, जो आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। यही नहीं सभी रंगों में लाल रंग के बाद यदि किसी रंग को प्रभावशाली माना गया है तो वह नीला रंग है। शांति, आंतरिक शांति या आध्यात्मिक सिद्धि की पूजा में भी नीले रंग का उपयोग किया जाता है। यह एक गहरा रंग है, जो आकर्षण पैदा करता है।

ज्योतिष शास्त्र में इस रंग को शनि का पसंदीदा रंग भी बताया गया है। इसको लेकर कहा जाता है कि यदि सपने में भी कोई महिला या पुरुष नीले रंग का कपड़ा पहनने का सोचता है तो यह उसके लिए कल्याणकारी होता है। इसे विकास का रंग भी कहा जाता है, जिसे पहनने से सब प्रकार की समृद्धि बनी रहती है।

मनोविज्ञान में इस रंग को भरोसे को बढ़ाने वाला रंग बताया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस रंग को पहनने वाले लोगों पर ईमानदारी और भरोसे का अधिक प्रभाव होने लगता है। यही कारण भी है कि कॉरपोरेट से जुड़े लोग इस रंग की ड्रेस में नजर आते हैं। इसके अलावा यह कलर ज्यादा चुभता नहीं है, जिससे आंखों के लिए आरामदायक और ठंडक देने वाला भी होता है।

# साजिद नाडियाडवाला ने दिखाई सिकंदर की पहली झलक



सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। ऐसे में फिल्म के मेकर्स भी हर दिन किसी ना किसी दिलचस्प अपडेट से दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने अब फिल्म के सेट से एक खास पोस्टर शेयर किया है। जिसे देखकर फैंस में सलमान खान के नए लुक को देखने की बेकरारी और बढ़ गई है।हाल ही में साजिद नाडियाडवाला ने सिकंदर की एक झलक से पर्दा उठाया है, जिसमें सलमान खान के आईकॉनिक ब्रेसलेट के साथ फिल्म का पोस्टर भी देखा जा सकता है। इससे सलमान खान के लुक को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। जो उन्हें सिकंदर के रूप में देखने के लिए बेसब्र हैं। इसके अलावा, फिल्म मेकर्स ने हाल ही में एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग शुरू होने की एक और झलक सेट से शेर की है और अब ये झलक 2025 पर बहुत बड़ा एंटरटेनमेंट देने की कमिटमेंट करते हुए नजर आ रही है।नाडियाडवाला ग्रैंडसन द्वारा प्रोड्यूस सिकंदरळ को एआर मुरुगडोस डायरेक्ट कर रहे हैं। वहीं, इसमें सलमान खान और रश्मिका मंदाना लीड रोल्स में हैं। ये एक्शन एंटरटेनर ईद 2025 वीकेंड के दौरान रिलीज होने वाली है। पहली बार सलमान और रश्मिका को देखने के लिए हर कोई एक्साइटिड है।नाडियाडवाला ग्रैंडसन द्वारा प्रोड्यूस सिकंदर को एआर मुरुगडोस डायरेक्ट कर रहे हैं। वहीं, इसमें सलमान खान और रश्मिका मंदाना लीड रोल्स में हैं। ये एक्शन एंटरटेनर ईद 2025 वीकेंड के दौरान रिलीज होने वाली है। पहली बार सलमान और रश्मिका को देखने के लिए हर कोई एक्साइटिड है।

**पोस्टर में दिखी सलमान खान की आईकॉनिक ब्रेसलेट**




# अर्जुन कपूर संग ब्रेकअप रूमर्स के बीच मलाइका अरोड़ा ने लिखा क्रिप्टिक पोस्ट, जिसे प्यार किया...



बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर इन दिनों अपने ब्रेकअप रूमर्स को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में अर्जुन कपूर ने अपना 39वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। हालांकि ना तो मलाइका अर्जुन की बर्थडे पार्टी में नजर आईं और ना ही उन्होंने सोशल मीडिया पर अर्जुन को विश किया। वहीं अब ब्रेकअप रूमर्स के बीच मलाइका अरोड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जिसे देखकर लोग यह अनुमान लगा रहे हैं कि मलाइका अपने ब्रेकअप से उबरने की पूरी कोशिश कर रही हैं। मलाइका का यह पोस्ट जमकर वायरल हो रहा है।

**मलाइका अरोड़ा ने लिखा क्रिप्टिक पोस्ट**

एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट लिखा है। एक्ट्रेस ने लिखा, हमेशा कुछ न कुछ होता है जिसके के लिए इंसान को ग्रेटफुल होना चाहिए। कुछ ऐसा होता है जिसके प्रति आभारी होना चाहिए, कुछ ऐसा होता है जिस पर गर्व किया जा सकता है, कुछ ऐसा होता है जिस पर विश्वास किया जा सकता है, कुछ ऐसा होता है, कुछ ऐसा होता है जिसे प्यार किया जा सकता है, कुछ ऐसा होता है, कुछ ऐसा होता है जिसके लिए आप जीते हो, क्योंकि जिंदगी में बहुत कुछ है।

**5 साल डेटिंग के बाद मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का हुआ ब्रेकअप**

बता दें कि एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने साल 2019 में अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। मलाइका ने अर्जुन कपूर के बर्थडे के दिन ही एक्टर के साथ अपनी रोमांटिक तस्वीर पोस्ट करके लोगों को अपने रिश्ते की जानकारी दी थी। इस पांच साल के रिश्ते के दौरान मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने एक-साथ काफी क्वालिटी टाइम स्पेंड किया। यह दोनों अक्सर वेकेशन पर जाते थे और अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक-दूसरे के साथ रोमांटिक फोटोज पोस्ट करते थे। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के प्यार को देखकर लगता था कि यह दोनों जल्द ही शादी रचाएंगे। मलाइका ने भी अर्जुन संग शादी की इच्छा जताई थी। हालांकि दोनों के ब्रेकअप की खबरों के बाद फैंस को बड़ा झटका लगा था।

# शालिनी पांडे ने कैजुअल चिक फैशन से किया फैन्स को इंप्रेस



शालिनी पांडे एक प्रतिभाशाली भारतीय अभिनेत्री हैं जो तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में धमाल मचाती हैं। उन्होंने तेलुगु ब्लॉकबस्टर अर्जुन रेड्डी में अपनी पहली फिल्म से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तब से उन्होंने कई तमिल और तेलुगु फिल्मों से प्रभाव डाला है। रणवीर सिंह स्टारर उनकी हिंदी फिल्म जयेशभाई जोरदारळ और नेटफ्लिक्स पर उनकी लेटेस्ट रिलीज महाराजळ ने उन्हें शोहरत दिलाई। इसमें कोई दो राय नहीं है कि शालिनी की लोकप्रियता में बढ़ोत्तरी उनके शानदार अभिनय और अच्छी भूमिकाएं चुनने की उनकी आदत के कारण हुई। हालांकि वो अपनी एक्टिंग और खूबसूरती के अलावा अपने स्टाइल स्टेटमेंट और फैशन गेम से लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रही हैं।उनके सोशल मीडिया पर एक नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि शालिनी के पास शैली की त्रुटिहीन समझ है। हालांकि वह किसी और की तरह ग्लैमरस लुक में नहीं रह सकती, लेकिन निश्चित रूप से उसके पास कैजुअल ठाठ फैशन के लिए एक नरम स्थान है। वह अक्सर सहजता से स्टाइलिश आउटफिट में देखी जाती हैं, जो कैजुअल लुक को कूल बनाते हैं। तो आइए शालिनी के कुछ बेहतरीन कैजुअल लुक्स पर गौर करें जो निश्चित रूप से आपके वार्डरोब को प्रेरित करेंगे।शालिनी पांडे अपने शानदार लुक के साथ कुछ लोगों को स्टाइल के लिए प्रेरणा दे रही हैं। एक शानदार पोशाक में वह हरे रंग के ब्रालेट टॉप और काले शॉर्ट्स में नजर आ रही है, जो पूल के किनारे एक मजेदार दिन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। दूसरे में, वह एक बड़े आकार के काले क्रॉप टॉप के साथ ब्लैक ब्रीफ में बेहद आकर्षक लग रही है। वहीं शालिनी ने डेनिम-ऑन-डेनिम पहनावे के साथ गर्मी बढ़ा दी है, जिसमें एक स्टाइलिश फुल-स्लीव डेनिम टॉप और मैचिंग फिगर-हगिंग बॉटम्स शामिल हैं।वह यह भी जानती हैं कि इसे कैजुअल और कूल कैसे रखा जाए, टाई-अप और डेनिम शॉर्ट्स के साथ कैजुअल ब्लू ब्रालेट टॉप में कूल दिखें। अब आइए उनके लाल और सफेद चेक्ड ब्रैलेट टॉप के सुपर ट्रेंडी संयोजन को न भूलें, एक बहुरंगी चेक वाली शर्ट जिसमें पीछे की तरफ सोने और सफेद सेक्विन वाली ईगल और रिप्ड जींस है। यह परम ठाठदार लेकिन आरामदायक लुक है।हम शालिनी के कैजुअल ठाठ फैशन के बिल्कुल दीवाने हैं। उनके आउटफिट्स पूरी तरह से हमारे वार्डरोब को प्रेरित कर रहे हैं। चाहे वह लड़कियों के साथ एक मजेदार ब्रंच हो, दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करना हो, या फिर कोई पार्टी या कार्यक्रम हो, ये लुक किसी भी अवसर के लिए बिल्कुल सही हैं। शालिनी का स्टाइल निश्चित रूप से हमारे वार्डरोब में शीर्ष स्थान ले रहा है।

# प्यार का पहला अध्याय: शिव शक्ति में डॉली चावला पहली बार नागिन बनेंगी



प्यार का पहला अध्याय: शिव शक्ति दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। सीरियल में अर्जुन बिजलानी और निक्की शर्मा शिव और शक्ति की भूमिका में हैं। दर्शक इनकी ऑन-स्क्रीन जोड़ी को काफी पसंद कर रहे हैं। इनके अलावा, शो में एक्ट्रेस डॉली चावला भी हैं, जो मोहिनी के किरदार में दिखाई दे रही हैं। सीरियल में डॉली नागिन की भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने करियर में कई नेगेटिव किरदार निभाए हैं, लेकिन यह पहली बार है जब डॉली नागिन की भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने कहा, मैं मोहिनी का किरदार निभा रही हूं, वह बदला लेने के लिए यहां आई है। नागिन की कहानियां आमतौर पर बदला लेने के बारे में होती हैं। कई साल पहले कुछ हुआ था, जिसे कहानी में फिर से जिंदा किया जा रहा है। मैं शिव से बदला लेने के लिए यहां आई हूं। आगे क्या होता है, यह जानने के लिए आपको शो देखना होगा। मुझे इस पर काम करने में बहुत मजा आ रहा है, क्योंकि यह बहुत दिलचस्प है।एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं कुछ दिन पहले ही इस सीरियल से जुड़ी हूं। इससे पहले से ही शो के बहुत सारे फैंस हैं। मुझे इसमें शामिल होकर अच्छा लगा और मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैं लोगों से पॉजिटिव कमेंट्स सुनना चाहती हूं, उम्मीद है कि शो अच्छा चलेगा और लोग मुझे नागिन के रूप में पसंद करेंगे।स्टूडियो एलएसडी के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, डॉली ने कहा कि यह घर जैसा लगता है।उन्होंने कहा, टीम में हर कोई बहुत अच्छा है। प्रतीक शर्मा, पार्थ, क्रिएटिव टीम और डायरेक्शन टीम कमाल की है। इस प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करने से ऐसा लगता है कि कोई दबाव नहीं है और कोई तनाव नहीं है। टीम बहुत अच्छी है और एक्टर्स शानदार हैं।उन्होंने बताया कि उन्हें लगता था कि पहले से ही ऑन-एयर हो चुके शो में शामिल होना थोड़ा तनाव भरा हो सकता है, लेकिन को-स्टार्स के सपोर्ट से सब आसान हो गया।डॉली ने कहा, यहां मौजूद सभी कलाकार, जैसे अर्जुन बिजलानी और निक्की शर्मा, बहुत प्यारे हैं और हमारे डायरेक्टर भी बहुत अच्छे हैं। उनके साथ दोबारा काम करना सुकून देता है।

# जिम में रानी चटर्जी ने क्लिक की सेल्फी





भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रानी चटर्जी एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। रानी चटर्जी आए दिन सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में जिम में कुछ सेल्फी क्लिक की हैं, जिसकी झलक उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दिखाई है। रानी चटर्जी की नई तस्वीरों को देखने के बाद फैंस की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं हमेशा की तरह कुछ लोग उन्हें खूब ट्रोल भी कर रहे हैं। बता दें कि रानी चटर्जी के वजन को लेकर ट्रोल्स हमेशा से उन्हें आड़े हाथ लेते रहे हैं।

**रानी चटर्जी को फैंस ने कहा गॉर्जियस**

रानी चटर्जी की नई फोटोज पर फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं। रानी ने जिस अंदाज में पोस्ट वर्कआउट की तस्वीरें शेयर की हैं। उसे देखने के बाद फैंस भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी की तारीफ किए बिना नहीं पा रहे हैं। एक शख्स ने रानी चटर्जी की फोटोज पर कमेंट किया है, 'आपकी वेटलॉस जर्नी हमारे लिए काफी प्रेरणादायक है। आप हमें काफी इंस्पायर करती हैं।' वहीं एक दूसरे शख्स ने कमेंट किया है, 'रानी आप जिस तरह से मेहनत करती हैं, उसे देखकर दावे के साथ कह सकता हूं कि इंडस्ट्री में आपके जैसा कोई नहीं है।' एक ओर जहां रानी चटर्जी की तारीफ हो रही हैं। दूसरी ओर लोग उन्हें जमकर ट्रोल भी कर रहे हैं। एक शख्स ने रानी की टांग खींचते हुए लिखा है, 'तुम कुछ भी कर लो, कुछ भी नहीं होगा।'

# पलायन नहीं, परिश्रम और संघर्ष का मार्ग है संन्यास : योगी आदित्यनाथ

## प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान कार्यक्रम में बोले योगी

**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।** संन्यास लेने पर शुरू-शुरू में लोग मुझे टोकते थे। आज मैं उन लोगों को देखता हूं तो पाता हूं कि कोई संतुष्ट नहीं है। भौतिक उपलब्धि व्यक्ति को कभी संतुष्ट नहीं कर सकती। ये ठीक है कि मैं आज मुख्यमंत्री हूं। मगर मैंने संन्यास लिया, ये पलायन का नहीं परिश्रम और संघर्ष का मार्ग है। आज भी 16-18 घंटे काम करता हूं, इसलिए नहीं कि कोई पद या प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, बल्कि इसलिए क्योंकि ये मेरा कतर्व्य है। मैं अपने संन्यास की सार्थकता को साबित कर सकूं। भारत की ऋषि परंपरा ने संन्यास की जो व्यवस्था बनाई है वो व्यवस्था सही है, इसे साबित कर सकूं। आज मैं भगवान श्रीकृष्ण के सिद्धांतों पर चलते हुए सज्जनों के साथ खड़ा रहता हूं और दुष्टों के त्राण के लिए कदम भी उठाता हूं। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र की ओर से आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के विभिन्न रोचक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं की ओर से पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि संन्यास का फैसला लेना उनके और उनके माता-पिता के लिए चुनौती थी। कोई अभिभावक नहीं चाहता कि उसका बच्चा सन्यासी बन जाए।





अभिभावक रिटर्न चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में वह भी वही सोचते थे, जो आज के बच्चे सोचते हैं। वह चाहते थे कि एक अच्छा इंजीनियर बनें। बाद में अहसास हुआ कि कोई इंजीनियर या पद प्राप्त करने से अच्छा है कि पीड़ितों के साथ खड़ा रहूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही मेरे जीवन की सार्थकता है।

उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। जितना परिश्रम करेंगे उसका परिणाम हमारे पक्ष में जरूर आएगा। कहा कि किसी कार्य में अगर बाधाएं नहीं हैं तो मानकर चलिए कि आपकी दिशा ठीक नहीं। जितने शुभचिंतक हैं उतने ही दुश्मन भी होने चाहिए। तब जो सफलता मिलती है उसका आनंद भी अलग होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर छात्र छात्रा को प्रधानमंत्री मोदी की किताब एग्जाम वारियर्स जरूर पढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास के लिए एक टीम की जरूरत होती है, जो बिना रुके, बिना झुके लगातार आगे बढ़े। यकीन है कि मेरी युवा पीढ़ी इसके लिए तैयार है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को राजनीति में अपना आदर्श बताते हुए कहा कि पॉलिटिक्स फुल टाइम जॉब नहीं है। राजनीति में अलग-अलग फील्ड से जुड़े विशेषज्ञों को आना चाहिए। इसमें अच्छे शिक्षाविद, अच्छे पत्रकार, अच्छे चिकित्सक, किसान सबको योगदान देना होगा। जब ऐसे लोग राजनीति में आएंगे तो स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा आगे बढ़ेगी। केवल इसलिए कि हम राजनीति में आ जाएं और जाति, परिवार क्षेत्र के नाम पर विभाजन करके सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करें तो देश के साथ इससे बड़ी गद्दारी कुछ और नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि ये जानते हुए कि भारत की सबसे बड़ी कमजोरी यही जाति वैमनस्यता थी, क्योंकि क्या नहीं था भारत के पास। बल, वैभव, विद्या सबकुछ था यहां। दुनिया में तूती बोलती थी भारत की, लेकिन जाति वैमनस्यता ने इतनी गहरी खाई को चौड़ा किया कि चंद विदेशी आक्रांता आए और हमपर शासन करने लगे। सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने का जो काम इतिहास में किया गया, आज वही काम ये जातिवादी और वंशवादी नेता कर रहे हैं। सीएम ने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि वे अच्छे अधिवक्ता, इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी बनें और आपकी वहां की अच्छाई की चमक आपको स्वत: राजनीति में आने के लिए प्रेरित कर सकती है। राजनीति खुद आपकी डिमांड करेगी। आपको उसके पीछे नहीं जाना होगा। राजनीति, पद प्रतिष्ठा हमारे पीछे आएगी, हमें इतना परिश्रम करना होगा।

सीएम योगी ने कहा कि जब आप कक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करते हैं तो ये प्रत्यक्ष रूप से ये आपका परिश्रम है, मगर इसके पीछे, आपके विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण और परिजनों का भी परिश्रम शामिल है। हर प्रकार के सार्थक प्रयास जब सामूहिक रूप से आगे बढ़ते हैं तो हमें अच्छे परिणाम भी देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें 2047 में पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप एक विकसित भारत बनाना है। यह तभी संभव होगा जब हम एक अच्छा नागरिक बनेंगे और सामूहिक प्रयास से आगे बढ़ेंगे। मेधावी छात्र-छात्राओं को हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यहां छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है। बालिकाओं ने बोर्ड की परीक्षा में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन किया है। ये बताता है कि बालिकाएं तनाव में कम रहती हैं और मेहनत ज्यादा करती हैं।

मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछने वाले छात्र-छात्राओं में कृष्णा तिवारी, सोनम पाठक, इशान पचौरी, शांभवी द्विवेदी और कृष्णा शामिल रहे। इस अवसर पर सीएम योगी ने विभिन्न परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री गुलाब देवी, कपिल देव अग्रवाल, दयाशंकर सिंह, संदीप सिंह के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावक और पत्रकार मौजूद थे।

# 2006 में भी पेपर लीक में आया था विधायक बेदीराम का नाम

**गाजीपुर, 29 जून (एजेंसियां)।** पेपर लीक मामले में वायरल हो रहे वीडियो के चलते जखनिया से सुभासपा विधायक बेदी राम एक बार फिर चर्चा आ गए। हालांकि इस वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते हैं। वही, इस मामले में उनपर लगे आरोप कोई हैरान करने वाले नहीं हैं, क्योंकि पूर्व में भी इस तरह के कारनामों में उनके नाम आ चुके हैं।

बताते हैं कि स्थिति यहां तक होती थी कि रेलवे, ग्राम विकास अधिकारी और टीईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के शुरू होने के पहले ही एसटीएफ बेदीराम पर नजर रखती थी। लेकिन, नौकरशाहों और कई नामचीन नेताओं से अच्छी पकड़ बनाने वाले बेदीराम को रंगेहाथ पकड़ नहीं पाती। चर्चाएं तो यहां तक होती रही हैं कि सरकार किसी की भी हो, चलती बेदीराम की। यही वजह रहा कि अपने संबंधों और पैसे की बदौलत बेदीराम ने पत्नी को जलालपुर (जौनपुर) से ब्लाक प्रमुख का चुनाव लड़वाया जीतवाया और खुद गाजीपुर के जखनिया से विधायक बन गए।

जौनपुर के केराकत तहसील क्षेत्र के कुसियां निवासी बेदीराम पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में सेटिंग करके परीक्षार्थियों को पास कराने के लिए जाने जाते थे। हालांकि कभी भी सीधे पैसा लेते नहीं देखे गए। 2006 में रेलवे का पेपर लीक कराने के मामले में पहली बार नाम सामने आया। लखनऊ के कृष्णानगर में बेदी राम पर एस-ओजी और एसटीएफ ने मुकदमा दर्ज कराया था। यहीं, उनपर गैंगस्टर एक्ट लगा था। एक वर्ष भी नहीं बीता था कि रेलवे का पेपर लीक कराने में गोमती नगर में एक और मुकदमा दर्ज हुआ। इसके बाद बेदीराम के नाम की चर्चाएं प्रदेश के बाहर भी होने लगी।

स्थिति यह हुई कि 2009 में ही रेलवे की परीक्षा सेटिंग कराने के मामले में नाम आया। वहां भी एसओजी और एसटीएफ ने मुकदमा दर्ज कराया गया। वह पेपर लीक मामले में गिरफ्तार भी हो चुके हैं। इतना ही नहीं 21 अगस्त 2014 को यूपी एसटीएफ गैंगस्टर एक्ट में बेदी राम के खिलाफ कार्रवाई भी की थी। खुद पर लगातार सख्ती होता देख बेदीराम ने राजनीति में इंट्री योजनाबद्ध तरीके से मार ली। पहले पत्नी बदामा देवी को जलालपुर ब्लाक प्रमुख पद के चुनाव मैदान में उतार दिया। यह चुनाव भी केराकत के तत्कालीन भाजपा विधायक दिनेश चौधरी की भी प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं, जिनकी भयोहू इस बार चुनाव लड़ रही थी।

लेकिन, बेदीराम ने भाजपा में भी सेंधमारी करते हुए अपनी पत्नी को जीताने में कामयाब रहे। इसके बाद खुद भी विधायक बनने के लिए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर से हाथमिलाया और गाजीपुर के जखनिया सुरक्षित सीट से जीतकर जौनपुर के लोगों को हैरान कर दिया। विधायक बेदीराम पेपर लीक से खुद के वीडियो वायरल होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिले थे, जिसकी तस्वीर भी उन्होंने खूब वायरल किया था। इसी बीच उनका पेपर लीक से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्षी दलों ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। उन्होंने बेदीराम के बयाने सरकार को भी घेरने की खूब कोशिश की है। वहीं, मामले को लेकर सेवानिवृत्त आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी बेदी राम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पेपर लीक मामले में वायरल हो रहा वीडियो जनपद के बाहर का बताया जा रहा है। वहीं, मामला तूल पकड़ने पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जो सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का है। इस वीडियो में वह यह कहते नजर आ रहे हैं कि किसी को या परिवार में किसी को नौकरी चाहिए तो फार्म भरने के बाद एडमिट लेटर या काल लेटर आ जाए तो कॉल बेदीराम को कर लेना भाई। निश्चित रूप से जुगाड़ कर दें। हालांकि इस वीडियो की हम आधिकारिक पुष्टि नहीं करते हैं। एसपी ओमवीर सिंह ने कहा, किसी ने वीडियो शेयर किया था, जिसकी जांच के लिए मैंने एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र से करने के लिए कहा है। हालांकि मामला हमारे यहां का नहीं हैं। विधायक बेदीराम ने कहा, मैं दलित विधायक हूं। इस कारण विरोधी पार्टियां मुझे फंसाने में लगी हैं, आप जिस वीडियो की बात कर रहे हैं वो पुराना वीडियो है। यह वीडियो मैंने भी सोशल मीडिया पर देखा है वो फर्जी और एडिट करके चलाया जा रहा है।

# अयोध्या में रामपथ ढहने पर आधा दर्जन अफसर निलंबित




**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।** अयोध्या में नवनिर्मित रामपथ पर कई स्थानों पर सड़क धंसने और जलभराव होने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) और जल निगम के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। निलंबित अधिकारियों में लोक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ध्रुव अग्रवाल, असिस्टेंट इंजीनियर अनुज देशवाल और जूनियर इंजीनियर प्रभात पांडे के साथ जल निगम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आनंद कुमार दुबे, असिस्टेंट इंजीनियर राजेंद्र कुमार यादव और जूनियर इंजीनियर मोहम्मद शाहिद शामिल हैं। शहर में राम मंदिर के अभिषेक समारोह से पहले बनाए गए रामपथ पर 10 से अधिक स्थानों पर सड़कें धंस गईं थीं।

# बरेली का बवाल : दो आरोपियों के किले ढहे, विधायक समेत 14 की हो रही जांच



**बरेली, 29 जून (एजेंसियां)।** बरेली के पीलीभीत बाइपास पर प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुई फायरिंग के मामले में अभी सिर्फ मुख्य आरोपी राजीव राना और दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय के किले ढहाए गए हैं। पूर्व विधायक समेत 14 लोगों की संपत्तियों की जांच चल रही है। इसमें कितनों के किले ढहाए जाएंगे, इस पर संशय बना हुआ है। बीडीए के अधिकारियों के मुताबिक घटना में शामिल सभी आरोपियों की संपत्ति की जांच चल रही है। पूर्व विधायक पप्पू भरतौल व अन्य की संपत्तियों का ब्योरा खंगाला जा रहा है। अवैध निर्माण पाए जाने पर उनका ध्वस्तीकरण कराया जाएगा।

राजीव राना गुट के केपी यादव का नाम इस कड़ी में सबसे आगे है। केपी ने ही राजीव राना से प्लॉट पर कब्जा करने का ठेका लिया था। गुंडों को जुटाने के लिए 30 लाख तक के सौदे की बात सामने आ रही है। अब बीडीए की नजर केपी यादव की संपत्तियों पर टिक गई है। सूत्रों के मुताबिक केपी का घर व एक अन्य बिल्डिंग बीडीए के निशाने पर है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन पर बुलडोजर चल सकता है।

दोनों मुकदमों के नामजद आरोपियों में राजीव राना, रोहित ठाकुर, रोहित, संजय, हरिओम, राधे, आशीष, राजन, रोहित ठाकुर, केपी यादव, शिवम माथुर, राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल, आदित्य उपाध्याय, अभिराज, आदित्य का चौकीदार शामिल हैं। बीडीए वीसी मनिकंडन ए ने बताया कि सभी नामजद आरोपियों की संपत्तियों की जांच की जा रही है। आरोपियों के रिश्तेदारों और परिचितों का ब्यौरा भी तैयार किया जा रहा है। जिनके भी निर्माण मानक के विपरीत पाए जाएंगे, उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी, लेकिन वह सिर्फ विभाग के अभियान के तहत होगी। उसका घटना से कोई लेना-देना नहीं होगा।

गोलीकांड का मुख्य आरोपी राजीव राना अपने दो बेटों, दो भाइयों व चालक सहित शुक्रवार को सलाखों के पीछे पहुंच गया। राना ने बुलडोजर कार्रवाई के दौरान बृहस्पतिवार को आत्मसमर्पण कर दिया था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने रात में ही उसके दो बेटों, दो भाइयों और चालक समेत छह को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को सभी जेल भेज दिए गए। इस मामले में अब तक 25 लोग जेल जा चुके हैं। दूसरे पक्ष का आदित्य उपाध्याय व उसका बेटा अविरल पहले से जेल में हैं।

# आभा आईडी से 1 करोड़ टोकन वाला पहला राज्य बना यूपी

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति जागरूकता और भागीदारी का असर

**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।** हेल्थ सेक्टर में लगातार कीर्तिमान बना रहे उत्तर प्रदेश ने अब एक और उपलब्धि अपने नाम की है। प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी के माध्यम से एक करोड़ टोकन जेनरेट करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इतनी बड़ी संख्या में टोकन जेनरेट करने वाला उत्तर प्रदेश भारत का पहला और एकमात्र राज्य है। उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल एक करोड़ 43 टोकन जेनरेट किए हैं। टोकन जेनर-ेशन के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश का स्थान आता है, जिसने 60 लाख 33 हजार 104 टोकन जेनरेट किए हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसने कुल 42 लाख 57 हजार 944 टोकन जेनरेट किए हैं। इस क्रम में जम्मू और कश्मीर (38,87,226), दिल्ली (22,28,079), बिहार (15,65,332), मध्य प्रदेश (12,53,722), महाराष्ट्र (7,96,938), छत्तीसगढ़ (7,34,781), ओड़ीशा (5,06,580) और गुजरात (3,83,789) जैसे राज्यों का स्थान आता है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश ने आभा आधारित ओपीडी रजिस्ट्रेशन में 80 लाख के आंकड़े को पार कर भी नया रिकार्ड बनाया था। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश ने 10 करोड़ आभा आईडी बनाने का भी कीर्तिमान बनाया था। आभा टोकन जेनरेशन और आईडी बनाने की यह उपलब्धियां सीएम योगी द्वारा प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति लोगों में जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों का नतीजा है।

आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की पहल है। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत शुरू किया गया एक स्वास्थ्य बचत खाता है। इसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उनकी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आभा आईडी नागरिक के आधार या मोबाइल नंबर से जुड़ी एक अद्वितीय 14 अंकों की पहचान संख्या है। यह उन्हें सभी सूचनाओं को डिजिटल रूप से संग्रहीत करने और उन तक पहुंचने में मदद करता है। इसमें उनकी हेल्थ हिस्ट्री, परामर्श विवरण, मेडिकल रिकॉर्ड और नुस्खे शामिल हैं।

# अनुप्रिया के आरोपों को लोक सेवा आयोग ने खारिज किया

**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।** एनडीए के सहयोगी घटक दल अपना दल (एस) की अध्यक्ष और सांसद अनुप्रिया पटेल ने सिर्फ साक्षात्कार आधारित परी-क्षाओं में ओबीसी और एससी-एसटी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित पदों में उनका चयन न होने की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आरक्षित पदों के अभ्यर्थियों को नॉट सूटेबल यानी पद के योग्य नहीं लिखकर उस पद को अनारक्षित घोषित कर दिया जाता है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अनुप्रिया के इस दावे को खारिज कर दिया है। आयोग ने पूरी चयन प्रक्रिया विस्तार से बताई है और साफ किया है कि साक्षात्कार परिषद द्वारा नॉट सूटेबल लिखने का प्रावधान ही नहीं है बल्कि ग्रेडिंग दी जाती है।



अपना दल (एस) की की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल और नीट की प्रवेश परीक्षा में पिछड़े वर्ग से आने वाले छात्रों को आरक्षण देने का एतिहासिक कदम उठाया है। इसी क्रम में उन्होंने लिखा कि एससी-एसटी और ओबीसी अभ्यर्थियों ने उनसे कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित की जाने वाली सिर्फ साक्षात्कार आधारित नियुक्ति प्रक्रिया वाली परीक्षाओं में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राय: 'नॉट फॉर सूटेबल' घोषित कर इस वर्ग के किसी अभ्यर्थी का चयन नहीं किया जाता। साक्षात्कार वाले पदों में ये प्रक्रिया कई बार अपनाकर अंत में उस पद को अनारक्षित घोषित कर दिया जाता है।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने उनकी शिकायत को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि साक्षात्कार प्रक्रिया कोडिंग पर आधारित है। इसमें अभ्यर्थियों के क्रमांक, नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, श्रेणी और आयु को ढक कर सेलोटेप से चिपकाया जाता है। दो सदस्यीय साक्षात्कार परिषद के सामने व्यक्तिगत विवरण नहीं रखे जाते। आयोग ने स्पष्ट किया कि साक्षात्कार परिषद नॉट सूटेबल नहीं लिखती है बल्कि ग्रेडिंग देती है। साक्षात्कार के बाद परिषद के सदस्य और प्राविधिक परामर्शदाताओं द्वारा दी गई ग्रेडिंग को औसत के सिद्धांत के आधार पर अंक में बदला जाता है और उसे मार्कशीट पर अंकित किया जाता है। फिर मार्कशीट का लिफाफा सील कराया जाता है।

आयोग ने बताया कि न्यूनमत अर्हता अंक के अंतर्गत सामान्य, ओबीसी व ईडब्लूएस के लिए 40 फीसदी और एससी-एसटी के लिए 35 फीसदी हैं। रिक्त पदों के सापेक्ष यदि किसी श्रेणी में अभ्यर्थी न्यूनतम अर्हता अंक नहीं पाते हैं तो ऐसी रिक्तियों को आयोग के स्तर पर किसी अन्य श्रेणी में परिवर्तित करने का अधिकार ही नहीं है। बल्कि शासनादेश में बताई गई प्रक्रिया के अनुसार ऐसी रिक्तियों को फारवर्ड किया जाता है।

## जीत लिया जग सारा

# 17 साल बाद भारतीय टीम बनी टी20 की वर्ल्ड चैम्पियन, साउथ अफ्रीका को हराया



**बारबाडोस, 29 जून (एजेंसियां)।** एक अरब 40 करोड़ भारतीयों की दुआओं और उम्मीदों पर खरा उतरते हुए रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने एकजुटता, साहस और संयम के तालमेल का अदभुद प्रदर्शन करते हुये शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हरा कर टी20 विश्वकप 17 साल बाद भारत की झोली में डाल दिया।

इससे पहले भारत के हाथ आईसीसी एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2011 में आया था जिसके बाद भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की थी। इस लिहाज से भारत के हाथ 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्राफी हाथ आई है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिये यह विश्वकप काफी अहम था क्योंकि दोनो ही दिग्गज खिलाड़ी जल्द ही टी20 फार्मेट से सन्यास ले सकते हैं। कोच राहुल द्रविड़ के लिये भी यह विश्वकप काफी मायने रखता था। द्रविड़ की कप्तानी में भारत 2007 में एक दिवसीय विश्वकप में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 176 रन बनाये जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी। 17 साल बाद यह पहला मौका है जब भारत ने टी20 विश्वकप को अपने नाम किया है। इससे पहले महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में 2007 में भारत ने पहली बार टी20 का विश्वकप जीता था।

हाइनरिक क्लासन (52) और डेविड मिलर (21) की जाबांज बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका आसानी से भारत द्वारा दिये गये लक्ष्य के करीब पहुंच रहा था और उसे 30 गेंदों पर 30 रन की दरकार थी। इस नाजुक मौके पर हार्दिक पांड्या (20 रन पर तीन विकेट) ने क्लासन का विकेट चटका कर भारत की उम्मीदों को हवा दी जिसके बाद सूर्य कुमार यादव ने हार्दिक की गेंद पर डेविड मिलर का बाउंड्री लाइन पर एक बेहतरीन कैच पकड़ कर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

विराट कोहली (76) की सूझबूझ भरी अर्धशतकीय पारी और अक्षर पटेल (47) के साथ 72 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से भारत ने सात विकेट पर 176 रनो का स्कोर खड़ा किया। लगभग पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहने वाला विराट का बल्ला आज खिताबी मुकाबले में जम कर दहाड़ा। विराट ने मार्को जानसन के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर अपने इरादों का इजहार किया। भारत ने पहले ओवर में 15 रन जुटाये, उस समय लग रहा था कि इस पिच पर 200 से ऊपर का स्कोर खड़ा हो सकेगा मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए पहले पावर प्ले में ही भारत के तीन महत्वपूर्ण विकेट रोहित शर्मा (9), ऋषभ पंत (0) और सूर्यकुमार यादव (3) का विकेट झटक कर नीली जर्सी वाली टीम को बैकफुट पर धकेल दिया और मैदान पर सन्नाटा छा गया। रोहित और ऋषभ के विकेट केशव महाराज ने निकाले जबकि सूर्य कुमार कैसिगो रबाडा की गेंद को पुल करने के प्रयास में डीप स्कैवयर लेग पर धरे गये। इस कठिन समय पर विराट का साथ देने आये अक्षर ने संयमित बल्लेबाजी करते हुये भारत के स्कोरबोर्ड को चलाया और दोनो बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिये अहम 72 रन जोड़े। विस्फोट के साथ पारी की शुरुआत करने वाले विराट ने सूझबूझ का परिचय देते हुये बाउंड्री की बजाय विकेट के बीच दौड़ लगाने को प्राथमिकता दी जबकि आखिरी के ओवर में उन्होने गियर बदलते हुये अपने चिरपरिचित अंदाज में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ कर रख दी। वह पारी के 19वें ओवर में मार्को यानसन का शिकार बने जब मिडिल और लेग में बैक आफ लेंथ गेंद को पुल करने के प्रयास में गेंद का बल्ले से संपर्क ठीक से नहीं हो सका और रबाडा ने दौड़ कर उनका कैच लपक लिया। उन्होने 59 गेंद खेल कर छह चौके और दो छक्के लगाये जबकि चौथे विकेट के रुप में रन आउट होने से पहले अक्षर ने 31 गेंद की पारी में एक चौका और चार छक्के जड़े। आखिरी के ओवर में शिवम दुबे (27) रन गति बढाने के प्रयास में अनरिख़ नॉर्खिये को अपना विकेट थमा बैठे। रविंद्र जडेजा (2) भी नार्खिये का शिकार बने। पांड्या पांच रन बनाकर नाबाद लौटे।

177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने रीजा हेंड्रिक्स (4) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने कप्तान एडन मारक्रम (4) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद क्विंटन डिकॉक और ट्रिस्टन स्टब्स ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 58 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को अक्षर पटेल ने नौवें ओवर में स्टब्स 21 गेंदों में (31) को आउट कर तोड़ा। हाइनरिक क्लासन बल्लेबाजी करने आये और उन्होंने डिकॉक के साथ मोर्चा संभाला। 13वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने डिकॉक 31 गेंदों में 39 रन को आउट कर पवेलियन भेज दिया। हाइनरिक क्लासन रुके नहीं और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों में 52 रन जोड़ कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर कर दिया। 17वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पांड्या ने क्लासन को आउट कर मैच का रूख पलट दिया। इसके बाद बाद मार्को यानसन (2) बुमराह का शिकार बने।

## हर तरफ ढोल-पटाखों की गूंज, विश्व विजेता बनने के बाद देश में दिवाली जैसा माहौल



**हैदराबाद/नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** टी20 वर्ल्डकप के फाइनल मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास रच दिया है। इसके बाद देशभर में जश्न का माहौल है। हैदराबाद, दिल्ली-एनसीआर समेत देश के हर हर हिस्से में जश्न मनाया जा रहा है। भारत की जीत के बाद दिवाली जैसा माहौल है, लोग सड़कों पर आकर जश्न मना रहे हैं, कहीं ढोल-नगाड़े बज रहे हैं तो कहीं पटाखे फोड़े गए। भारत-साउथ अफ्रीका के बीच हुए दिलचस्प मुकाबले में भारत ने विश्व फतह कर ली। जैसे ही विश्वकप भारत के खाते में आया तो हर देशवासी झूम उठा। हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता एवं दिल्ली के कई के कई इलाकों में लोग सड़कों पर आकर जश्न मनाने लगे। वहीं, नोएडा के सेक्टर 75 में लोगों ने पटाखे फोड़े।




# ओलंपिक से पहले भारत को बड़ा झटका दावेदार डीपी मनु डोपिंग मामले में निलंबित

**पंचकूला ।** मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे ।। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक क्वालिफिकेशन के दावेदार माने जा रहे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सेवन के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि मनु का पॉजीटिव टेस्ट इस साल अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिया गया था। इससे पहले उन्हें नाडा के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतिस्पर्धाओं से परे रहने के लिये कहा था । एशियाई चैम्पियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है। वह यहां शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे। लेकिन बाद में जारी की गयी सूची से उनका नाम हटा दिया गया। एएफआई अध्यक्ष आदिलेसुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा, ''ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानतेकि वास्तविक कारण क्या है। कल एएफआई कार्यालय (नाडा से) को एक फोन आया था कि उसे (मनु को) प्रतियोगिताओं से रोक दिया जाए।'' उन्होंने कहा, '' इसके अलावा कोई विवरण (किस तरह के संभावित उल्लंघन पर) नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि एथलीट (डीपी मनु) खुद नाडा से पता लगा रहा है कि इसके पीछे क्या कारण है। मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे ।। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। मनु विश्व एथलेटिक्स 'रोड टू पेरिस' सूची में 15वें स्थान पर थे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह पर थे ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेलते दिखेंगे युवराज सिंह और हरभजन सहित कई दिग्गज



**नई दिल्ली ।** पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह, हरभजन सिंह और सुरेश रैना सहित कई दिग्गज खिलाड़ी एक बार फिर मैदान पर चौके और छक्के लगाते दिखेंगे। युवराज अगले माह जुलाई में इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पूर्व क्रिकेटरों के टूर्नामेंट 'वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में 'इंडिया चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा इंग्लैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की पूर्व खिलाड़ियों की टीमें हिस्सा लेगी। 'इंडिया चैंपियंस टीम में युवराज के अलावा हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू और यूसुफ पठान जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय टीम अपने मुकाबले एजबेस्टन, बर्मिंघम और नॉर्थम्पटनशर में खेलेगी। टीम की जर्सी के अनावरण के अवसर पर टीम के मालिकों के साथ पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह और पूर्व लेग स्पिनर राहुल शर्मा भी मौजूद थे। रैना ने इस मौके पर कहा कि वह 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स लीग में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि युवराज और हरभजन के साथ हमने पाकिस्तान के साथ कई मैच खेले हैं। जब आप देश का प्रतिनिधित्व करते हैं तो अच्छा करने की कोशिश होती है। हम इंग्लैंड में पाकिस्तान का सामना करने का ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पेशेवर खेल से संन्यास जरूर लिया है पर दिल से कभी क्रिकेट नहीं हटेगा। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के लिए 'इंडिया चैम्पियंस की टीम इस प्रकार है : युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू, यूसुफ पठान, गुरकीरत मान, राहुल शर्मा, नमन ओझा, राहुल शुक्ला, आरपी सिंह, विनय कुमार, धवल कुलकर्णी।

## आने वाले समय में पारी की शुरुआत करेंगे फ्रेजर : वार्नर




**सिडनी, 29 जून (एजेंसियां) ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी ल्लेबाज डेविड वार्नर ने युवा ल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क की मकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि ह आने वाले दिनों में टीम की ोर से पारी की शुरुआत करते हुए दखेंगे। फ्रेजर ने घरेलू क्रिकेट के ाथ ही इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल) 2024 में भी शानदार दर्शन कर अपने को साबित किया ा। टी20 विश्वकप में उन्हें रिजर्व खलाड़ी के तौर पर रखा गया था ालांकि उन्हें खेलने का अवसर हीं मिला था। ऑस्ट्रेलियाई टीम के टी20 वश्वकप से बाहर होते ही वार्नर का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया था। वार्नर ने कहा कि ी20 और एकदिवसीय में आने वाले समय में फ्रेजर ही सलामी बल्लेबाज होंगे वार्नर ने कहा कि 0 ओवर क्रिकेट कैसे खेलना है। यह एक चीज जो मैंने ट्वेंटी 20 से सीखी है। मुझे सात मैचों के बाद बाहर कर दिया गया क्योंकि मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। फिर मैंने समझा के एकदिवसीय क्रिकेट कैसे खेलना है और ी20 क्रिकेट कैसे खेलना है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अभी स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं, ऐसे में फ्रेजर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आया है। इस साल की शुरूआत में इस युवा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान 2 मैचों में 23 गेंदों पर 51 रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने मार्श कप में मात्र 29 गेंदों में शतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था और सबका ध्यान खींचा था। इसके अलावा आईपीएल में भी 36.66 की औसत और 234.04 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। इसमें चार अर्धशतक शामिल थे।

# सुमित नागल को विंबलडन में मिला कड़ा ड्रॉ पहले दौर में इस खिलाड़ी से होगा सामना



**लंदन, 29 जून (एजेंसियां) ।** नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है।

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन में मुश्किल ड्रॉ मिला है। नागल पहली बार इस टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स वर्ग के मुख्य ड्रॉ में खेल रहे हैं। नागल का पहले दौर में सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के जानिक सिनर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है।

नागल के लिए पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है। वह नागल को चार साल पहले जर्मनी के कोलोन में हरा चुके हैं। नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके नागल 2018 में पुरुष सिंगल्स के पहले दौर के क्वालिफायर में पोलैंड के कामिल एम से हार गए थे।

नागल ने इस साल आस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करके पहले दौर में 31वीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई।

पुरुष डबल्स में भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का सामना फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और जियोवान्नि एम पेरिकार्ड से होगा। बोपन्ना और एबडेन पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

# बाइचुंग भूटिया ने शुरुआती एकादश में रोनाल्डो की जगह पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां) ।** पुर्तगाल उन तीन टीमों में से एक है, जिन्होंने रुप मुकाबलों के दूसरे दौर में नॉकआउट के लिए क्वालिफिकेशन हासिल किया है। टूर्नामेंट के 2016 विजेता ने अपने पहले दो मैचों में चेक गणराज्य और तुर्की के खिलाफ जीत हासिल की लेकिन अंतिम ग्रुप मैच में जॉर्जिया के खिलाफ हार गए।



जैसा कि एक दशक से अधिक समय से होता आ रहा है, सुर्खियों का केंद्र 39 वर्षीय स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं जो टूर्नामेंट के इस संस्करण में अपना पहला गोल दर्ज करने की उम्मीद कर रहे होंगे। स्ट्राइकर अब तक अपने पैर जमाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

भारत के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने सवाल किया है कि क्या उम्रदराज़ रोनाल्डो को अभी भी पुर्तगाल टीम के लिए शुरुआत करनी चाहिए, जिन्हें उन्होंने टूर्नामेंट का डार्क हॉर्स करार दिया है।

मुझे लगता है कि पुर्तगाल इस टूर्नामेंट में छिपे हुए रुस्तम में से एक है, लेकिन मुझे लगता है कि उनके लिए सबसे बड़ी समस्या यह होगी कि हम दूसरे हाफ में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की जगह कैसे ले सकते हैं या क्या हम उन्हें शुरू से ही बेंच पर रख सकते हैं, यह एक बड़ी बात होगी। क्योंकि मुझे लगता है कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो हमारी पीढ़ी के लिए एक शानदार खिलाड़ी रहे हैं, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन हमें यह स्वीकार करना होगा कि उम्र के साथ आप गति और सजगता खो देते हैं।

39 साल की उम्र में, वह अभी भी यूरो कप में खेल रहे हैं। पुर्तगाली टीम के लिए शुरुआत करना एक बड़ी उपलब्धि है। और यह खेल के प्रति उनकी गुणवत्ता, समर्पण और अनुशासन को दर्शाता है। लेकिन यूरो को देखते हुए, हम सभी इसे उम्र के साथ देख सकते हैं। भूटिया ने कहा, हमें यह स्वीकार करना होगा कि उसने अपनी गति खो दी है और उसकी सबसे बड़ी ताकत उसकी गति थी और एक बार जब आप स्ट्राइकिंग पोजीशन में गति खो देते हैं, तो यह काफी बड़ी चुनौती बन जाती है।

रोनाल्डो ने टूर्नामेंट में अब तक जो एकमात्र गोल योगदान दर्ज किया है, वह ब्रूनो फर्नांडीस को उनकी सहायता थी, जिसे कई लोगों का मानना था कि इस समय उनके आत्मविश्वास में कमी का संकेत था क्योंकि उन्होंने बहुत अच्छी स्थिति से शूटिंग करने के बजाय गेंद को स्क्वायर कर दिया था।

इस सहायता के परिणामस्वरूप रोनाल्डो यूरो इतिहास में सर्वोच्च गोल स्कोरर और सर्वोच्च सहायता प्रदाता बन गए।

पुर्तगाल और क्रिस्टियानो के लिए यह आसान नहीं होने वाला है क्योंकि आपको और भी अधिक संगठित, तेज, मजबूत, अनुभवी रक्षक मिलने वाले हैं। तो, क्या प्रबंधन में उसे स्थानापन्न करने या शुरू से ही बाहर करने का साहस हो सकता है प्रबंधन के लिए यह एक बड़ा जुआ और बड़ा निर्णय होगा यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो यह वास्तव में पुर्तगाल की मदद नहीं कर सकता है।

पूर्व स्ट्राइकर ने कहा, मुझे उसके शुरुआत करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि अगर चीजें अच्छी नहीं चल रही हैं, वह स्कोर नहीं कर रहा है और वह संघर्ष नहीं कर रहा है, तो मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आपको उसे स्थानापन्न करना होगा क्योंकि पुर्तगाल के बेंच पर अच्छे खिलाड़ी हैं ।

# मेंढकों की अनोखी दुनिया

बारिश का मौसम मेंढकों की टर्र-टर्र से शुरू होता है। इस मौसम में आपने अपने गली-मुहल्लों, बाग-बगीचों में उछलते-कूदते विभिन्न प्रकार के मेंढकों को जरूर देखा होगा, लेकिन आज हम आपको दुनिया भर के अनोखे मेंढकों से रू-ब-रू कराएंगे...

## पहले इनका परिचय

विश्व में आज तक मेंढकों की 4,000 से भी ज्यादा प्रजातियां खोजी जा चुकी हैं। अंटार्कटिका के बेहद ठंडे वातावरण में मेंढक रह नहीं पाते। इसके अलावा दुनिया के हर कोने में मेंढक पाए जाते हैं। हरे रंग के साथ-साथ ये पीले, नीले, लाल, नारंगी, काले, भूरे रंग के भी होते हैं। कई मेंढक तो रंग-बिरंगे भी होते हैं और कुछ बिल्कुल गिरगिट की तरह अपना रंग भी बदल सकते हैं। इंसानों की ही तरह सारे मेंढकों का ढांचा और दांत अलग-अलग होते हैं।

## दिखे आर-पार

मेंढकों की प्रजातियों में 'पारदर्शी' अथवा 'कांच मेंढक' सर्वाधिक अद्‌भुत तथा सुंदर होता है। इसकी त्वचा पूर्णतः पारदर्शी होती है। इसी वजह से बाहर से ही इसके सभी अंग स्पष्ट दिखाई देते हैं। यहां तक कि टांगों के भीतर हड्डियां, शिराओं और धमनियों में दौड़ता रक्त भी साफ दिखाई देता है। इस प्रजाति के मेंढक वृक्षों पर रहते है। इसके पैर गद्‌देदार तथा चिपकने वाले होते हैं। इसी वजह से यह एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर बड़ी आसानी से कूदता है।

## जितने चमकीले, उतने खतरनाक

'पॉइजन डार्ट मेंढक' विश्व के सबसे ख़तरनाक और जहरीले प्राणियों में से एक है। इसके शरीर पर अक्सर चमकीले और भड़कीले रंग होते हैं, जो इसके भयानक होने का संकेत देते है। इसे छूनेभर से इसकी त्वचा में मौजूद जहर के कारण मौत भी हो सकती है। यह जहर इतना खतरनाक है कि कबीलों के लोग इसके विष को तीर पर लगा कर शिकार करते हैं। यह मेंढक दिन के वक्त फुर्तीला होता है और कीड़े, मकड़ियों को खाता है।





## मेंढक परिवार की रोचक बातें

पक्षियों के घोंसले अक्सर देखे हैं, पर कभी मेंढक का घोंसला देखा है? हैरान हो गए न... यह बात बिलकुल सही है। मेंढकों की कुछ प्रजातियां भी रहने के लिए घोंसले बनाती हैं। मेंढकी अंडे देने के लिए घोंसलें का इस्तेमाल करती है तथा यही इसके बच्चे विकसित होते हैं। इनमें से कुछ प्रजातियां पेड़ों पर घोंसलें बनाती हैं, तो कुछ जमीन पर। लेप्टोडेक्टाइलिस नामक मेंढक अपना घोंसला किसी तालाब किनारे गीली मिट्‌टी में एक बिल के रूप में बनाता है। मेंढकी इसी घोंसले में अंडे देती है। वर्षा होने पर घोंसला पानी में डूब जाता है और बच्चे तालाब में विचरण करने लगते हैं।







## सबसे विशालकाय

विश्व के सबसे बड़े मेंढक का दर्जा 'गोलिएथ मेंढक' को मिला है। जब यह मेंढक अपने हाथ-पैर फैलाता है, तब इसकी लम्बाई 91 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन तीन किलो होता है, जो एक छोटी बिल्ली के बराबर है। इस विशालकाय मेंढक का जीवनकाल लगभग 15 साल तक का होता है। अरे! अरे! कही गोलिएथ मेंढक के बारे में पढ़ कर आप डर तो नहीं गए... घबराइए नहीं, ये विशालकाय मेंढक सिर्फ अफ्रीका के पश्चिमी इलाके में पाए जाते हैं। आप बेफ्रिक रहिए।

## बॉल है या मेंढक

ऑरनेट हॉर्न्ड मेंढक इस परिवार के रोचक सदस्यों में से एक है। यह एकदम गोलमटोल होता है, बिल्कुल बॉल के जैसा। इसका मुंह इसके सिर जितना बड़ा होता है। इसी वजह से इसके सिर और शरीर में ज़्यादा अंतर नजर नहीं आता। दूसरे मेंढकों कि तरह ऑरनेट हॉर्न्ड मेंढक भी अपनी आंखें खोल कर सोता है। इसका शिकार करने का ढंग भी अलग होता है। गुब्बारे जैसा शरीर होने के कारण यह अपने आधे हिस्से को छुपा लेता है और आधा हिस्सा बाहर की तरफ होता है। जैसे ही कोई छोटा मेंढक, छिपकली, सांप, चिड़िया या कोई अन्य जीव इसके पास से गुजरता है, वैसे ही यह उसे दबोच लेता है और एक बार में निगल जाता है।

### क्या आप जानते हैं?

* जब मेंढक शिकार को निगलता है, तब कुछ वक्त के लिए उसकी आंखें बंद हो जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उस वक्त मेंढक की आंखों की पुतलियां खाने को अंदर ले जाने में दबाव डाल रही होती है।

* कुछ मेंढक भी छुपा-छुपी का खेल बहुत पंसद करते हैं। जब भी उन्हें खतरा लगता है, वे खुद को पृष्ठभूमि, यानी माहौल के रंग के अनुसार ढाल लेते हैं, बिल्कुल गिरगिट की तरह।

## कविता

### पढ़ाई

गोलू कर लो खूब पढ़ाई,  
जीवन समझो एक चढ़ाई।

समय-समय पर खेल भी खेलो,  
ध्यान परीक्षा में भी दे दो।

कॉपी, पुस्तक लेकर आना,  
काम समय पर करते जाना।

मंजिल अपनी पाओ बच्चो,  
पढ़ना सीखें आओ बच्चो।




## ज्ञान पिटारा

1. एक कैरेट हीरा कितने मिलीग्राम का होता है?
2. भारत में सबसे लंबा बांध कौन-सा है?
३. मुदुमलाई अभयारण किस जानवर की वजह से प्रसिद्ध है?
4. अंग्रेजों ने कोलकाता में एक किला बनवाया था। उसका नाम क्या है?
5. एशिया की सबसे बड़ी नमकीन झील का नाम क्या है?
6. दक्षिण अफ्रिका में मुख्य तौर पर किस चीज का उत्पादन होता है?
7. नर्मदा और ताप्ती नदी किस महासागर में जाकर मिलती है?
8. किस क्षेत्र में हुनर को पुरस्कृत करने के लिए कान पुरस्कार दिया जाता है?
9. लक्षद्वीप कितने टापुओं के समूह से बना है?
10. बोडो भाषा भारत के किस प्रांत में बोली जाती है?
11. साल में कितनी बार, रात और दिन सारी धरती पर एक बराबर होते हैं?
12. मानव रक्त में लाल रक्त कोशिकाओं का जीवनकाल कितनी अवधि का होता है?
13. डेविस कप किस खेल से जुड़ा हुआ है?



उत्तर- 1.200 मिलीग्राम 2.हीराकुंड बांध 3.हाथियों के लिए 4.विलियम किला 5.कैस्पियन सी 6.सोने का 7.अरबियन महासागर 8.फिल्म क्षेत्र में 9.36 टापू 10.असम 11.दो बार 12.120 दिनों का 13.लॉन टेनिस

## रंग भरो



## दण्ड भी पुरस्कार!

महाराज ने भिखारी को अपनी कीमती शॉल दी, सारे दरबारियों में महाराज की जय-जयकार गूंज उठी पर इस बात से तेनालीराम कुछ नाखुश से नजर आए।



**महाराज** कृष्णदेव राय अपनी प्रजा का बहुत ध्यान रखते थे। प्रजा की हर इच्छा को पूरा करना वे अपना कर्तव्य समझते थे। एक बार वे अपने कुछ प्रमुख दरबारियों के साथ कहीं जा रहे थे। कड़कड़ाती सर्दियों का मौसम था, हर दरबारी ऊनी वस्त्रों से लदा होने पर भी कांप रहा था। यात्रा के दौरान महाराज कृष्णदेव राय को राजपथ के एक ओर भीख का कटोरा हाथ में लिए, आधे-अधूरे कपड़ों में एक भिखारी दिखा। वह ठंड से कांप रहा था। महाराज ने रथ रुकवाया, फिर नीचे उतरे और अपने शरीर से कीमती ऊनी शॉल उतारकर उस बूढ़े भिखारी को ओढ़ा दी।

यह देख, दरबारियों के साथ वहां एकत्र भीड़ उनकी जय-जयकार करने लगी। लेकिन तेनालीराम अपने स्थान पर चुप खड़े रहे।

तेनालीराम को देखकर सेनापति ने उनको नीचा दिखाने की सोची। महाराज के सामने ही वे तेनालीराम से बोले?

'तेनालीराम, तुम महाराज की जय-जयकार क्यों नहीं कर रहे हो?'

सेनापति की इस बात पर महाराज कृष्णदेव राय का भी ध्यान गया। तेनालीराम की चुप्पी महाराज को भी बहुत बुरी लगी, किन्तु उस समय वे कुछ नहीं बोले और वापस राजधानी की ओर चल पड़े। रास्ते-भर सेनापति तेनालीराम के विरुद्ध उनका क्रोध भड़काता रहा।

अगले दिन दरबार लगा, तो उन्होंने तेनालीराम से कहा- 'तुम जरूरत से ज्यादा घमंडी होते जा रहे हो। राज-धर्म की भी अवहेलना करने लगे हो। बोलो कल तुम चुप क्यों थे?'

तेनालीराम कुछ नहीं बोले, तो महाराज और क्रोधित हो गए। उन्होंने आदेश दिया? 'मैं तुम्हें, इस अपराध पर एक वर्ष के लिए साम्राज्य छोड़ने का दण्ड देता हूं। तुम केवल एक वस्तु अपने साथ ले जा सकते हो, बोलो, क्या ले जाना चाहते हो?'

तेनालीराम ने इधर-उधर देखा, फिर हाथ जोड़कर बोला- 'अन्नदाता! आपका दिया दण्ड भी मेरे लिए पुरस्कार है। मुझे वह शॉल दिलवा दीजिए, जो कल आपने उस बूढ़े भिखारी को दी थी।'

महाराज उलझन में पड़ गए, किन्तु वह तेनालीराम को दिए दण्ड से जुड़ी थी, तो उन्हें वह वापस लाना ही था। उन्होंने उस भिखारी को शॉल सहित दरबार में हाजिर होने का आदेश दिया।

राज्य के सैनिक कुछ ही देर में उस भिखारी को पकड़ लाए। महाराज ने उससे कहा- 'हमने जो शॉल तुम्हें कल दी थी, वह हमें वापस कर दो। हम तुम्हें बदले में उससे भी बढ़िया दो शॉल देंगे।' भिखारी बगलें झांकने लगा, फिर डरता-कांपता बोला- 'हुजूर! उसे बेचकर तो मैंने रोटी खा ली।'

महाराज तिलमिला उठे, लेकिन भिखारी पर गुस्सा कैसे उतारते? उसे जाने को कह, वे तेनालीराम से बोले? 'अब भी बता दो, तुम्हें कल हमारा काम पसंद क्यों नहीं आया था?'

तेनालीराम बीच में हाथ जोड़कर बोले- 'अन्नदाता मेरी चुप्पी का उत्तर तो आपको मिल ही चुका होगा? भिखारी को शॉल नहीं, रोटी चाहिए थी। आपकी कीमती शॉल उसके लिए रोटी से बढ़कर नहीं थी, शॉल देते समय आपको टोकना उचित न था। इसलिए मैं चुप रहा।'

तेनालीराम की बात सुनकर महाराज कृष्णदेव राय से कुछ कहते न बना। वे तेनालीराम की ओर देखकर बोले- 'तुम इस बार भी जीत गए तेनालीराम।'




# बोइंग सुरक्षा खामियों से जुड़े विवादों के समाधान के लिए सरकार से कर रही बातचीत, रिपोर्ट्स में दावा

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दुनिया के दूसरे सबसे बड़े विमान निर्माता बोइंग को अमेरिका में कॉर्पोरेट मॉनिटरिंग के तहत लाया जा सकता है। डीओजे (अमेरिकी न्याय विभाग) के अभियोजक बोइंग के खिलाफ आरोप गठित करना चाहते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कंपनी खुद को दोषी ठहराने के लिए सहमत होगी या नहीं।

विमान निर्माता बोइंग कंपनी पर 737 मैक्स विमान हादसों के बाद सुरक्षा में खामी बरतने से जुड़े गंभीर आरोप लगे। खबर है कि कि इन आरोपों से उत्पन्न परिस्थिति को हल करने के लिए विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग अमेरिकी न्याय विभाग के साथ बातचीत कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार कंपनी के खिलाफ मामलों के निपटारे की घोषणा अगले सप्ताह की जा सकती है।

गोपनीय बातचीत की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने नाम ना बताने की शर्त पर कहा कि दुनिया के दूसरे सबसे बड़े विमान निर्माता को कॉर्पोरेट मॉनिटरिंग के तहत लाया जा सकता है। डीओजे (अमेरिकी न्याय विभाग) के अभियोजक बोइंग के खिलाफ आरोप गठित करना चाहते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कंपनी खुद को दोषी ठहराने के लिए सहमत होगी या नहीं।

2021 में ट्रंप सरकार के आखिरी दिनों में अमेरिकी सरकार और बोइंग के बीच बातचीत शुरू हुई थी। यह बातचीत दो विमान दुर्घटनाओं जिसमें 346 लोग मारे गए थे, के बाद कंपनी पर कार्रवाई से संबंधित थी। उधर, हादसे के पीड़ितों के परिवार के कुछ सदस्यों ने सरकार से बोइंग पर आपराधिक आरोप दर्ज करने का आग्रह किया है, जिससे उन्हें कंपनी के खिलाफ मुकदमा चलाने में मदद मिल सकती है।

हालांकि, विवादों के समाधान के लिए सरकार से हो रही इस बातचीत का बोइंग को बहुत ज्यादा लाभ मिलने की उम्मीद नहीं है। बोइंग के खिलाफ कारखानों में गुणवत्ता की खामियों और नियामकीय उल्लंघन से जुड़े कई जांच चल रहे हैं। ऐसे में सरकार से समझौते के बावजूद कंपनी के लिए संकट खत्म हुआ यह नही माना जा सकता है। ब्लूमबर्ग के अनुसार इस मामले में बोइंग के प्रवक्ता की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अप्रैल-मई में जीडीपी का सिर्फ तीन फीसदी, शुद्ध कर राजस्व के रूप में 3.19 लाख करोड़ रुपए की कमाई




**नई दिल्ली।** सरकार का कुल खर्च मई अंत तक 6.23 लाख करोड़ या चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 13.1 फीसदी रहा है। एक साल पहले 13.9 फीसदी था। राजकोषीय घाटा 2023-24 में जीडीपी का 5.6 फीसदी था। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा अप्रैल-मई में जीडीपी के अनुपात में सिर्फ तीन फीसदी या 50,615 करोड़ रुपये रहा। 2023-24 के अप्रैल-मई में यह बजट अनुमान का 11.8 फीसदी रहा था। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार ने इसे जीडीपी के 5.1 फीसदी या 16.85 लाख करोड़ रुपये पर रखने का लक्ष्य रखा है। महालेखा नियंत्रक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध कर राजस्व 3.19 लाख करोड़ रुपये रहा है या 2024-25 के बजट अनुमान का 11.8 फीसदी रहा। एक साल पहले समान अवधि में यह 11.9 फीसदी रहा था। सरकार पर 172 लाख करोड़ देनदारी सरकार पर कुल देनदारी इस साल मार्च तक 3.4 फीसदी बढ़कर 171.78 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई।दिसंबर अंत तक यह 166.14 लाख करोड़ थी। समीक्षाधीन तिमाही में सार्वजनिक कर्ज सकल देनदारियों का 90.2 फीसदी था। वित्त मंत्रालय ने कहा, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के उम्मीद से कम रहने के चलते घरेलू बॉन्ड के रिटर्न में नरमी आई। कुल खर्च 6.23 लाख करोड़ सरकार का कुल खर्च मई अंत तक 6.23 लाख करोड़ या चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 13.1 फीसदी रहा है। एक साल पहले 13.9 फीसदी था। राजकोषीय घाटा 2023-24 में जीडीपी का 5.6 फीसदी था। बुनियादी ढांचा उद्योगों की वृद्धि दर 6.3 फीसदी कोयला, प्राकृतिक गैस व बिजली क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से मई, 2024 में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा उद्योगों की वृद्धि दर 6.3 फीसदी रही। अप्रैल में इन क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 फीसदी बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक, कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली उत्पादन की वृद्धि दर क्रमशः 10.2 फीसदी, 7.5 फीसदी और 12.8 फीसदी रही।

# कैंपा कोला का पुराना रुतबा लौटाएंगे मुकेश अंबानी, कोका-कोला और पेप्सिको को देंगे टक्कर

**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** आज सॉफ्ट ड्रिंक का बाजार काफी बड़ा बन गया है। एक अनुमान के मुताबिक, अगले चार साल में करीब यह करीब 660 अरब डॉलर की इंडस्ट्री बन सकती है। लेकिन, इतनी बड़े सॉफ्ट ड्रिंक सेगमेंट में मुख्यत: दो ही अमेरिकी कंपनियों का कब्जा है, कोका कोला और पेप्सिको। कोका कोला का मार्केट कैप 266 और पेप्सिको का 244 अरब डॉलर के आसपास है।

इन दोनों के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तीसरे नंबर पर मौजूद केयूरिग डॉ. पेपर सिर्फ 46 अरब डॉलर है। बात करें भारत के सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट की तो इसे लेकर अनुमान है कि 2027 तक यह 11 अरब डॉलर का होगा।

हालांकि, कोई भी स्वदेशी ब्रांड दुनिया की टॉप 3 कंपनियों के आसपास भी नहीं है। लेकिन, हमेशा से ऐसा नहीं था। एक वक्त था, जब भारतीयों के पास अपना देसी सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड था, जिसके स्वाद का हर कोई दीवाना था। उसका नाम था, कैंपा कोला।

आइए जानते हैं कि कैंपा कोला की शुरुआत कैसे हुई, इसने लोगों के बीच अपनी पहचान किस तरह से बनाई और फिर इसका वजूद कैसे खत्म हुआ और यह दोबारा कैसे रिवाइव हो रहा है।

### सरकार ने खोला था कैंपा कोला के लिए रास्ता

भारत में शुरुआत से ही सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में विदेशी कंपनियों का ही दबदबा था। लेकिन, 1977 में इमरजेंसी हटने के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार हुई और जनता पार्टी की सरकार बनी। नई सरकार की नीतिगत बदलावों के चलते भारतीय बाजार का स्वरूप ही बदल गया।




### इश्तिहारों के दम पर बढ़ाई पहुंच

इसमें कोई शक नहीं कि कैंपा कोला शत प्रतिशत कोका कोला की नकल था। लेकिन, इसकी सबसे बड़ी खासियत था, इसके इश्तिहार। कंपनी ने 16 साल के नौजवान सलमान खान को अपना ब्रैंड अंबेसडर बनया। उनके साथ विज्ञापन में जैकी श्रॉफ की पत्नी आयशा भी थीं। कैंपा कोला का जोर राष्ट्रवादी साख पर भी था, क्योंकि यह विशुद्ध मेड इन इंडिया ब्रांड था। और कंपनी ने इसे भुनाने में कभी कोई कोताही नहीं बरती। कंपनी ने शुरुआत में भले ही नौजवानों पर फोकस किया, बाद में बुजुर्गों से लेकर बच्चे तक इसके खरीदार बन गए।

### कैंपा कोला का जादू खत्म कैसे हुआराष्ट्र

- साल 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव ने अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया। इससे विदेशी कंपनियों के लिए लचीली शर्तों के साथ भारत आने का रास्ता खुल गया।
- इस फैसले ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नया जीवनदान दिया, लेकिन देसी कंपनियों के लिए यह काफी बड़ा झटका था।
- कैंपा कोला और थम्स अप जैसी देशी सॉफ्ट ड्रिंक कंपनियों ने पेप्सिको और कोका कोला के आने के जमकर विरोध भी किया।
- सरकार पर आरोप लगाए गए कि वह अमेरिकी कंपनियां अकूत पैसों के दम पर सियासी फैसलों को प्रभावित कर रही हैं। लेकिन, इसका कोई फायदा ना हुआ।

आखिर में वही हुआ, जिसका अंदाजा था। कोका कोला और पेप्सी की गलाकाट होड़ में भारतीय कंपनियों का वजूद बिखर गया। थम्स अप को तो कोका कोला ने ही खरीद लिया। फिर कैंपा कोला भी धीरे-धीरे मार्केट से गायब हो गया। लेकिन, इसके कद्रदानों की आज भी मौजूद हैं और उनका दावा है कि कैंपा का स्वाद वैश्विक कंपनियों के मुकाबले कहीं ज्यादा अच्छा था।

### दोबारा मार्केट किंग बन रहा कैंपाराष्ट्र

- अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स कारोबार को बढ़ाने के लिए कैंपा कोला को करीब 22 करोड़ रुपये में खरीदा था।
- यह रिलायंस की उम्मीदों पर बिल्कुल खरा भी उतरा है। इसने वित्त वर्ष 2023-24 में रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की कमाई में करीब 400 करोड़ रुपये का इजाफा किया है।
- इस दौरान कोला कोला की ऑपरेशन से आमदनी लगभग 4,500 करोड़ रुपये रही। इसका मतलब कि कैंपा कोला की कमाई कोका कोला के रेवेन्यू का करीब दसवां हिस्सा है।
- भारत के 50,000 करोड़ रुपये के सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में कोका कोला के दबदबे को देखते हुए कैंपा की यह बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी।

### कैंपा कोला के सामने हैं चुनौतियां

कैंपा कोला ने जिस जमाने में भारतीय बाजार पर राज किया, उसमें और आज के माहौल में जमीन-आसमान का अंतर है। उस वक्त उपभोक्ता सॉफ्ट ड्रिंक की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे थे। लेकिन, अब उपभोक्ताओं का एक वर्ग अपनी सेहत को काफी गंभीरता से लेकर रहा है और मीठे पेय पदार्थों से दूरी बना रही है। ऐसे में रिवाइव हुए कैंपा कोला को अब बिल्कुल अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

लेकिन, एक चीज कैंपा कोला के हक में है और वह है रिलायंस का साथ। कैंपा कोला का स्वाद हमेशा से लाजवाब था। यह बस मार्केट से इसलिए बाहर हुई थी, क्योंकि इसके पास कोला कोला और पेप्सिको का मुकाबला करने के लिए पैसे नहीं थे। मगर आज कैंपा कोला के सिर पर रिलायंस ग्रुप का हाथ है। और रिलायंस के पास हर चुनौती से निपटने के लिए पैसों के साथ क्षमता भी है।

# भारत में मनी लांड्रिंग की रोकथाम का मुरीद हुआ एफएटीएफ




**नई दिल्ली, 29 जून (एजेंसियां)।** देश में गैरकानूनी तरीके से पैसे का लेन-देन करने, अवैध कमाई को पकड़ने और आतंकी संगठनों तक वित्तीय संसाधनों की पहुंच को रोकने के लिए भारत का रिकार्ड बहुत ही अच्छा है। एफएटीएफ इससे इतना संतुष्ट है कि उसने भारत को जी-20 देशों के समूह में चयनित उन चार देशों की श्रेणी में रखा है, जिन्हें उन विषयों पर अपनी रिपोर्ट अब तीन वर्ष बाद वर्ष अक्टूबर 2027 में ही देनी होगी।

### वित्त मंत्रालय ने क्या कहा


वित्त मंत्रालय ने एफएटीएफ की तरफ से मिली प्रशंसा को भारतीय आर्थिकी की मजबूती के लिए प्रोत्साहन करार दिया है, जबकि विदेश मंत्रालय ने इसे एक सफलता व सकारात्मक कदम करार दिया है। एफएटीएफ यानी फाइनेंशिएल एक्शन टास्क फोर्स दुनिया के 40 देशों का एक ऐसा संगठन है, जो वैश्विक स्तर पर अवैध तरीके से नकदी के लेन-देन की निगरानी करता है और इसे रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की समीक्षा करता है। इसके मुताबिक कदम नहीं उठाने वाले देशों को एफएटीएफ ब्लैक लिस्ट भी कर सकता है, जिससे उस देश को बाहरी कर्ज मिलने या कारोबार करने में परेशानी हो सकती है। दो वर्ष पहले एफएटीएफ ने पाकिस्तान को प्रतिबंधित सूची में डालने की धमकी दे दी थी। इससे बचने के लिए ही पाक सरकार को आतंकी संगठनों के वित्तीय स्त्रोत पर रोक लगाने के लिए कई कदम उठाने पड़े थे।

### पाकिस्तान को भी करनी पड़ी थी कार्रवाई

इस प्रतिबंध से बचने के लिए पाकिस्तान को अपने पाले कई आतंकी संगठनों के मुखियाओं जैसे जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद के खिलाफ भी कार्रवाई करनी पड़ी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, एफएटीएफ की बैठक सिंगापुर में चल रही है लेकिन मनी लांड्रिंग व आतंकी संगठनों को फंडिंग रोकने को लेकर भारत में की गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### श्रीराम पर चुटकुल...




इस तरह मेटा एआई हिंदू देवी-देवताओं का खुलेआम मजाक उड़ा रहा है और अपने देश का सिस्टम इसपर अंकुश लगाने में पूरी तरह फेल है। मेटा एआई से इस्लामी हस्तियों पर चुटकुला सुनाने के लिए कहा जाता है तो उसे यह टाल देता है। कहता है, वह विभिन्न विषयों पर चुटकुले सुना सकता है, लेकिन ऐसे चुटकुले नहीं जो किसी भी मजहबी हस्ती या आस्था के लिए अपमानजनक या आपत्तिजनक हो। इसके बदले मैं आपको अन्य विषयों पर चुटकुले सुना सकता हूं। मेटा एआई आपसे पूछेगा, क्या आप किसी अन्य विषय पर चुटकुले सुनना चाहेंगे? यानी, हिंदू और इस्लाम के लिए मेटा एआई ने अलग अलग मानक तय कर रखे हैं, हिंदू धर्म का मजाक उड़ाओ, इस्लाम का मजाक उड़ाने से परहेज करो। मेटा एआई का निर्माण बिल्कुल भारत में चल रहे सेकुलरिस्ट दोगलेपन को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

आश्चर्य और विडंबना की बात यह है कि मेटा एआई यह भी मानने को तैयार नहीं है कि अधिकतर आतंकवादी मुस्लिम होते हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया, यमन, नाइजीरिया और फिलिस्तीन इस्लामिक आतंकवाद के गढ़ क्यों बने हुए हैं। मेटा एआई कहता है, यह एक हानिकारक रूढ़ि है। मेटा एआई कहता है कि अधिकांश मुसलमान आतंकवाद और हिंसा को खारिज करते हैं। मेटा एआई अलकायदा, बोको हरम, जैश-ए-मुहम्मद, आईएसआईएस, हमास, तालिबान या अन्य किसी भी इस्लामिक आतंकी संगठन के नाम पर शातिराना चुप्पी साध लेता है।

मेटा एआई इस्लामी आस्था से जुड़ी हस्तियों पर चुटकुले सुनाने से डरता है और हिंदू देवी-देवताओं पर खुल कर मजाक करता है। फिर भी वह यह मानने को तैयार नहीं होता कि हिंदू सबसे ज़्यादा सहिष्णु होते हैं। हिंदुओं और मुस्लिमों में अधिक सहिष्णु कौन हैं, ये पूछने पर मेटा एआई कहता है, हिंदू धर्म और इस्लाम दोनों में व्याख्याओं और प्रथाओं की एक विस्तृत श्रृंखला है और यह स्पष्ट रूप से कहना मुश्किल है कि कौन सा धर्म अधिक सहिष्णु है। दोनों धर्मों का अन्य धर्मों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व का इतिहास रहा है, और दोनों ही हिंसा और असहिष्णुता से भी जुड़े रहे हैं। इसे बाद मेटा एआई सहिष्णुता की परिभाषा का ज्ञान देने लगता है और कहता है कि यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि सहिष्णुता एक जटिल मूल्य है जिसे अलग-अलग तरीकों से व्यक्त किया जा सकता है, और दोनों धर्मों के भीतर व्यक्तियों और समुदायों ने दूसरों के प्रति सहिष्णुता के विभिन्न स्तरों को दिखाया है। मेटा एआई कहता है कि यह तुलना करने के बजाय कि कौन सा धर्म अधिक सहिष्णु है, सभी धर्मों और विश्वास प्रणालियों के बीच आपसी समझ, सम्मान और सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना अधिक उत्पादक है।

भारत में हिंदुओं ने बौद्ध, जैन, सिख, ईसाई, इस्लाम, पारसी और यहूदी से लेकर सभी धर्मों का स्वागत किया, जबकि अरब मुल्कों में सार्वजनिक रूप से इस्लाम के अलावा किसी अन्य धर्म के प्रदर्शन पर भी पाबंदी है। भारत में प्राचीन काल से सहिष्णुता की भावना रही है। इसके बावजूद मेटा एआई हिंदुओं को अधिक सहिष्णु मानने के लिए तैयार नहीं है। मेटा एआई की अराजक हरकतों पर शासन-प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे अपमान से भी हिंदुओं पर कोई फर्क नहीं पड़ता। अब तक इस्लाम या ईसाई धर्म के साथ मेटा एआई ने कुछ फूहड़ बर्ताव किया होता तो उसे सहिष्णुता का असली अर्थ समझ में आ गया होता।

### श्योक नदी...

लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। शनिवार दोपहर को अधिकारियों ने जानकारी दी कि टैंक में सवार जेसीओ सहित पांच बहादुर जवानों ने इस हादसे में अपनी जान गंवा दी है। सभी शवों को बरामद कर लिया गया है। शवों को अस्पताल ले जाया गया है। यहां से आगे की प्रक्रिया शुरू की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, देश की रक्षा के लिए तैनात पांच जवानों ने अपना बलिदान दे दिया है। इस दुख की घड़ी में जम्मू कश्मीर, लद्दाख सहित देशभर के लोग सेना के उन पांच वीर जवानों के परिवार के साथ खड़े हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, लद्दाख में नदी पार करते समय एक जेसीओ सहित 5 भारतीय सेना के बहादुरों की जान जाने से हम बहुत दुखी हैं। इस दर्दनाक त्रासदी के शिकार हुए सैन्य कर्मियों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं हैं। हम वीर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा के लिए उन्हें सलाम करते हैं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ है। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और सभी शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने लद्दाख हादसे पर दुख जताया है।करीब दस साल पहले जिन रूस निर्मित टी-72 टैंकों को चीन सीमा पर लद्दाख सेक्टर में एलएसी पर तैनात किया गया था उनमें हुए पहले हादसे में पांच जवानों की मौत हो गई है। इन जवानों की मौत उस समय हुई जब वे इसमें सवार होकर एक अभ्यास के तहत रात 3 बजे श्योक नदी को पार कर रहे थे और अचानक बादल फटने के कारण नदी में बाढ़ आने से यह टैंक बह गया। सेना ने शनिवार को बताया कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य प्रशिक्षण गतिविधि के दौरान कल रात श्योक नदी में जल स्तर अचानक बढ़ने के कारण उनका टैंक बह गया, जिससे पांच सैनिकों की मौत हो गई। भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने कहा कि यह घटना पिछले महीने मई से चल रहे एक सैन्य प्रशिक्षण गतिविधि के दौरान हुई। इसमें कहा गया है कि पूर्वी लद्दाख के सासेर बरंगसा क्षेत्र के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक बह गया। सेना ने कहा कि बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, हालांकि, उच्च प्रवाह और जल स्तर के कारण बचाव सफल नहीं हुआ और टैंक चालक दल ने अपनी जान गंवा दी। भारतीय सेना ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में परिचालन के दौरान तैनात पांच बहादुर कर्मियों के खोने पर भारतीय सेना को खेद है। बचाव अभियान जारी है।उल्लेखनीय है कि अपने पूरे इतिहास में दूसरी बार, भारतीय सेना ने लद्दाख में अग्रिम मोर्चे पर वर्ष 2016 के शुरू में 100 से अधिक टैंक तैनात किए थे। यह भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में तथाकथित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर स्थित है। रूसी मूल के टी-72 युद्धक टैंक वर्ष 2016 के शुरूआती छह महीनों के दौरान पहले समुद्र तल से 14,000 फीट ऊपर स्थित पूर्वी लद्दाख में ले जाए गए थे। वर्ष 2014 से शुरू होकर, टी-72 टैंकों की दो रेजिमेंट को घाटी में भेजा गया था। तीसरी रेजिमेंट के आ जाने से लद्दाख में एलएसी पर पूरी ब्रिगेड बन चुकी है। अभी और टैंक भी आने की उम्मीद है, इसलिए ऐसे क्षेत्र में मशीनीकृत उपकरणों की युद्ध तत्परता बनाए रखने की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया गया है, जहां तापमान -45 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। एक जानकारी के मुताबिक टी-72 टैंक पानी में ज्यादा गहरे तक नहीं जा सकता है।सेनाधिकारी मानते हैं कि कश्मीर का समतल भूभाग भारत के दुर्जेय टी-72 टैंकों जैसे भारी मशीनीकृत उपकरणों की आवाजाही के लिए अनुकूल है, लेकिन भारतीय सेना इन परिष्कृत मशीनों के रखरखाव के लिए विशेष सावधानी बरतती है। रक्षा अधिकारियों का मानना है कि लद्दाख के क्षेत्र में हवा विरल है और तापमान -45 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। क्षेत्र में कम तापमान टैंकों के प्रदर्शन को प्रभावित करता है। वे कहते थे कि भारतीय सेना टैंकों को चालू रखने के लिए विशेष स्नेहक और ईंधन का उपयोग करती है, और उन्होंने कहा कि सिस्टम को व्यवस्थित रखने के लिए हर रात कम से कम दो बार इंजनों को स्टार्ट किया जाता है।

टी-72 टैंक में आमतौर पर कमांडर, एक गनर और एक ड्राइवर होता है। प्रैक्टिस के दौरान इसमें 5 जवान सवार थे। टी-72 टैंक 5 मीटर (16.4 फीट) गहरी नदियों को पार करने की क्षमता रखता है। यह एक छोटे डायमीटर वाले स्नोर्कल की मदद से नदी पार करता है। इमरजेंसी के लिए इस पर सवार क्रू के सभी सदस्यों के रीब्रीदर दिया जाता है। अगर टैंक का इंजन पानी के भीतर बंद हो जाता है, तो इसे 6 सेकंड के भीतर फिर से चालू करना होता है। ऐसा नहीं करने पर कम दबाव होने के कारण टी-72 के इंजन में पानी भर जाता है।

जिस टी-72 टैंक के साथ जवान प्रैक्टिस कर रहे थे, वह भारत में अजेय नाम से जाना जाता है। इसे 1960 में रूस में बनाया गया और 1973 में सोवियत सेना में शामिल किया गया था। यूरोप के बाद भारत ऐसा पहला देश था जिसने रूस से यह टैंक खरीदा था। भारतीय सेना में अजेय टैंक के तीन वेरिएंट की कुल 2400 यूनिट शामिल हैं। इस टैंक का वजन 45 टन के करीब है, जो 780 हॉर्सपावर जनरेट करता है। इसे न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल और केमिकल हमलों से बचने के लिए बनाया गया है। इसमें फुल एक्सप्लोसिव रिऐक्टिव आर्मर भी होता है। टैंक पर 12.7 एमएम एंटी एयरक्राफ्ट मशीन गन लगी हुई है, जिससे एक बार में एक साथ 300 राउंड फायर होते हैं। यह 1500 मीटर दूर बैठे दुश्मन पर सटीक निशाना लगा सकती है।

### जदयू के...

विशेष राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीट पेपर मामले में हुई अनियमितता की जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद जदयू नेता अशोक चौधरी ने कहा, बिहार को विशेष दर्जा और विशेष पैकेज की हमारी मांग पुरानी है और यह आज भी कायम है। हमारे नेता ललन सिंह, संजय झा जो लोकसभा और राज्यसभा में हैं, वे आने वाले समय में प्रधानमंत्री से मिलेंगे और अपनी बात मजबूती से रखेंगे।

जदयू महासचिव केसी त्यागी ने कहा, सीएम नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सामने घोषणा की है कि अब वे हमेशा एनडीए गठबंधन का हिस्सा रहेंगे। पटना हाईकोर्ट द्वारा रोके गए आरक्षण को लेकर हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। राज्यसभा सांसद संजय झा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। हम विशेष राज्य का दर्जा और आर्थिक पैकेज के लिए लड़ाई जारी रखेंगे।

### हवाला के जरिए ...

ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की, जिसमें बीआरएस नेता के कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के कविता हैं। इसमें अरविंद केजरीवाल फिलहाल तिहाड़ जेल में हैं, जबकि संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत दे चुका है।

### पीएम मोदी ने...

श्री कांत ने कहा, पीएम मोदी मानते थे कि हमें बहुत ही महात्वाकांक्षी होने की जरूरत है। हमें समावेशी और निर्णायक होना होगा। साथ ही हमारा कदम अत्यंत ही सधा होना चाहिए। हम 83 पैरा के 212 निष्कर्षों में सहमति बनाने में सफल रहे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। एक पैरा जो कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर था, इस पर सहमति बनाने के लिए हमने 300 घंटे से ज्यादा बातचीत की। संयुक्त घोषणापत्र के 16 मसौदों पर बात नहीं बनी। इसके बाद 17वें मसौदे पर हमें सफलता मिली। इस दौरान पीएम मोदी हर दो घंटे पर अपडेट ले रहे थे। डॉ. बालासुब्रमण्यम की इस नई पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदीमें भारतीय सिद्धांतों से प्रेरित नेतृत्व के सफर का विश्लेषण किया गया है।

### सिखों को ...

जिससे उन्हें हिंसा और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।बीते दिनों पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुद यह बात कबूल की है कि उनके देश में अल्पसंख्यकों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उनका रोज कत्ल किया जा रहा है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समाज के लोग बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने साथ ही यह भी माना है कि उनके यहां मजहब के नाम पर अल्पसंख्यकों के साथ लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे दुनियाभर में पाकिस्तान की बदनामी हो रही है।पाकिस्तान में हाल के वर्षों में सिख और हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों और इन समुदायों के पूजा स्थलों में तोड़फोड़ के विरोध बाद कई बार पाकिस्तानी राजनयिकों को तलब किया गया। इसके बावजूद इस तरह के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। अप्रैल से जून 2023 के बीच यहां चार सिखों की हत्या की जा चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को नजरअंदाज करने से बचना होगा और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, ताकि वे धार्मिक उत्पीड़न के डर के साये में जीने को मजबूर न हो।

### केजरीवाल 14 दिन ...

कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड आज खत्म हो रही थी। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।26 जून को सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को पांच दिनों तक के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सीएम केजरीवाल को तीन दिनों के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया था। वहीं, इससे पहले शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। जिसके बाद ईडी ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी।सीबीआई ने कोर्ट में कहा था कि दिल्ली में जब कोरोना महामारी अपनी चरम पर थी और लोग मर रहे थे, तब साउथ लॉबी के सदस्य शराब नीति तैयार करने के लिए दिल्ली आए थे। उन्हें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर ही बुलाया गया था। उन्होंने एक रिपोर्ट तैयार की और अभिषेक बोइनपल्ली को दी। विजय नायर के माध्यम से रिपोर्ट मनीष सिसोदिया के पास भेजी गई। इस पर चर्चा के लिए कोई बैठक नहीं बुलाई गई और उसे पास कर दिया गया।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 30 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की कार्यकारिणी बैठक मलकपेट स्थित भाग्यलक्ष्मी ढाबा में आयोजित की गई। शाखा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम महाराजा श्री अग्रसेनजी की पूजा व सामूहिक प्रार्थना के पश्चात अध्यक्ष पंकज कुमार संघी ने उपस्थित सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। मानद मंत्री प्रदीप बंसल ने गत माह में आयोजित कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत की।




एजीएम तथा शाखा की 25वीं वर्षगांठ के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी गई। विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि शाखा के सदस्य जिसके पुत्र का विवाह हो चुका है,यदि वे चाहे तो उनको नई सदस्यता प्रदान की जाएगी। सावन की सैर के लिए श्रीशैलम जाने पर भी विचार विमर्श किया गया जिसकी रूपरेखा वहा टीम जाकर आने के बाद ली जायेगी। अवसर पर शाखा के अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,मानद मंत्री प्रदीप बंसल, संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सतनारायण मोदी, केंद्रीय समिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य हरिश्चंद्र बजाज, ओम प्रकाश पचेरिया, सतीश बंसल, सुरेश कुमार गोयल, श्यामलाल गोयल, संजीव गोयल, दीपक पचैरिया, जितेश सिंघानिया, गोपाल मोदी तथा युवा मोर्चा की अध्यक्ष निश्चिंत अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक का समापन संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन तथा सहभोज के साथ हुआ।




# तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के तत्वावधान में भक्ति संध्या का आयोजन आज

**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आचार्य महाप्रज्ञ शिक्षा सहयोग योजना के अंतर्गत, संगायक कमल सेठिया के सुमधुर भजन प्रस्तुतियों से सुसज्जित भव्य भक्ति संध्या का आयोजन तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, हैदराबाद द्वारा हरि हरा कला भवन, परेड ग्राउंड में 30 जून रविवार को सायं 6:30 बजे से किया जाएगा। इस भक्ति उत्सव का आनंद लेने हेतु आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अल्पाहार की व्यवस्था सायं 5:30 से सूर्यास्त तक रहेगी।

इस संबंध में, कार्यक्रम के बैनर विमोचन का आयोजन शासनश्री साध्वी शिवमाला जी आदि ठाणा 4 के पावन सान्निध्य में करणी सिंह बरडिया के निवास स्थान पर किया गया। साध्वी श्री ने इस कार्यक्रम के पीछे के नोबल कार्य की सराहना की और तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम को कार्यक्रम की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर टीपीएफ साउथ जोन अध्यक्ष मोहित बैद, स्थानीय अध्यक्ष पंकज संचेती, उपाध्यक्ष विरेंद्र घोषल, मंत्री निखिल कोटेचा, कोषाध्यक्ष अर्हम बेंगानी, करणी सिंह बरडिया, अमन बरडिया आदि की विशेष उपस्थिति रही।



इस भव्य भक्ति संध्या का उद्देश्य आचार्य महाप्रज्ञ शिक्षा सहयोग योजना के तहत छात्रों की शिक्षा को समर्थन देना है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में सहायता प्रदान की जाती है। सभी श्रद्धालु एवं भक्ति प्रेमियों से निवेदन है कि इस भक्ति संध्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और इस पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान कर इसे सार्थक बनाएं। इस कार्यक्रम में टीपीएफ राष्ट्रीय टीम से उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत व उपाध्यक्ष मनोज नाहटा विशेष रूप से पधार रहे हैं।

# वारंगल को हैदराबाद की तर्ज पर विकसित किया जाएगा: रेड्डी

**वारंगल, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आश्वासन दिया कि वारंगल को हैदराबाद के समान विकसित किया जाएगा।

वारंगल दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने शनिवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने वारंगल को एक विरासत शहर के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए।

उन्होंने अधिकारियों को आंतरिक और बाहरी रिंग रोड से संबंधित भूमि अधिग्रहण पूरा करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण के लिए आवश्यक धनराशि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अनुरोध किया। उन्होंने सुझाव दिया कि एक राष्ट्रीय राजमार्ग को दूसरे से जोड़ने के लिए एक बाहरी रिंग रोड होनी चाहिए और बाहरी रिंग रोड से टेक्सटाइल पार्क तक संपर्क के लिए एक सड़क प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत भूमिगत जल निकासी व्यवस्था विकसित करने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को पेयजल लाइनें स्थापित करने की योजना बनाने और नहरों के अतिक्रमण को रोकने के लिए कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। श्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि सरकार शहर के विकास के संबंध में सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को वारंगल में डंपिंग समस्या का स्थायी समाधान खोजने और उस दिशा में योजना तैयार करने का आदेश दिया।

# अग्रवाल समाज शालिबंडा शाखा की सावन की सैर 28 जुलाई को



**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज शालिबंडा शाखा की सावन की सैर का आयोजन 28 जुलाई को सनराईज फार्म्स रेडपल्ली मोइनाबाद में किया जाएगा। शनिवार को यह जानकारी देते हुए शाखा के मंत्री पंकज गोयनका ने बताया कि अग्रवाल समाज शालिबंडा शाखा की सावन की सैर रविवार 28 जुलाई को सनराईज फार्म्स रेडपल्ली मोइनाबाद जाएगी। जिसके संयोजक संजय अग्रवाल और सह-संयोजक सत्यनारायण गुलखंडीया और हरीकिशन अग्रवाल है। शाखा के अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल और संयुक्त मंत्री राजु अग्रवाल ने शाखा के सभी सदस्यों से निवेदन किया है कि इस सावन की सैर में बढ़चढ़ कर भाग लें। किसी भी तरह की जानकारी के लिए पदाधिकारी एवं संयोजक से संपर्क करें। टिकट बुकिंग के लिए उमेश अग्रवाल, पंकज गोयनका, प्रेम अग्रवाल से संपर्क करें।



केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को हैदराबाद में वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक चिंताला रामचंद्र रेड्डी के परिवार के घर जाकर उनकी मां के निधन पर शोक व्यक्त किया।




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को हैदराबाद के नोवोटेल होटल शमशाबाद में किसानों और तंबाकू व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए।

# तेयूप का शपथ ग्रहण एवं विघ्ननिवारक समृद्धिकारक अनुष्ठान आज

**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या शासन श्री साध्वी शिवमालाजी के सान्निध्य में हैदराबाद तेरापंथ युवक परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण रविवार को विघ्ननिवरक समृद्धिकारक अनुष्ठान के साथ आनंद जैन भवन, कोरा, डायमंड प्वाइंट, सिख विलेज पर रखा गया है। इस अवसर पर तेयुप के नव निर्वाचित अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा अपने पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित श्रेष्ठ कार्यकर्ता से अलंकृत अशोक बरमेचा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लकी कोठारी, राष्ट्रीय सहमंत्री करेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री जैन सेवा संघ के अध्यक्ष योगेश सिंघवी और हैदराबाद राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हिमांशु बापना, रूप रजत फाउंडेशन के अध्यक्ष नोरतन गुंदेचा, भारतीय जैन संघटना के तेलंगाना राज्य अध्यक्ष निर्मल सिंघवी, जीतो हैदराबाद के अध्यक्ष सुशील संचेती, तेरापंथी सभा सिकंदराबाद अध्यक्ष सुशील संचेती व अन्य कई उपस्थित होंगे।

कार्यक्रम से पहले आचार्य महाश्रमण जी की सुशिष्या शाशन श्री साध्वी शिवमाला जी और आचार्य भगवंत प. पू. गुरुदेव श्री भावचंद्र जी स्वामी और कांकड़ सिंहनी प. पू. गुरुणी श्री रश्मिनाजी म.सा. के सुशिष्या साध्वी श्री भाविताजी म. सा.का आध्यात्मिक मिलन सुबह 9.15 बजे से होगा, तत्पश्यात दोनो साध्वियो एवं सहवर्ती साध्वीयो की उपस्तिथि रहेगी पूरे कार्यक्रम में रहेगी। सभी श्रावक समाज से निवेदन कृपया कार्यक्रम में उपस्तिथि दर्ज कराए।

# सेटविन में किया गया सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान



**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राज्य की सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था सेटविन में पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न पदों पर काम करने वालों को सम्मानित करने के लिए शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुरानी हवेली स्थित सेटविन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक के.वेणुगोपाल राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और सेवानिवृत्त अधीक्षक पीबीएस.प्रसाद राव, ड्राइवर तौफीक, मोहम्मद इब्राहिम, परिचारक शमशुद्दीन, वी.नर्मदा, के.लीलावती, मोहम्मद कासिम और अन्य को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए एमडी वेणुगोपालराव ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा संगठन को प्रदान की गई सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता है।

कंपनी के लेखा अधिकारी सुरेश बाबू, प्रबंधक एम.ए. मोएज़, अधीक्षक राधाकृष्ण, संस्था में कार्यरत समन्वयक, कर्मचारी एवं अन्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# तेरापंथ महिला मंडल ने स्कूल के विकास में दिया सहयोग




**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में चल निर्माण: बढ़ते क़दम विकास की ओर (विद्यालय संरक्षण) के अंतर्गत स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल ने शनिवार को सिकंदराबाद स्थित टैगोर होमस इंस्टीट्यूट सेकेंडरी स्कूल में इस माह स्कूल बेंच रिपेयरिंग का कार्य करवाया। पांचवी और छठी क्लास के बच्चों की सार संभाल की। सर्वप्रथम बच्चों तथा मंडल द्वारा अणुव्रत गीत का संगान किया गया। सभी बच्चों ने पूरा अणुव्रत गीत स्पष्ट उच्चारण के साथ गाया।

स्कूल की प्रिंसिपल ने सबका स्वागत किया। अध्यक्ष कविता आच्छा ने ताड़ासन त्रिकोणासन आदि आसन करवाए व उसके लाभ के बारे में जानकारी दी। मंत्री सुशीला मोदी ने महाप्राण ध्वनि करवाई तथा उसके लाभ के बारे में बताया। प्रभा दूगड़ ने मंगल भावना करवाई। सरला आर भूतोडिया ने एकाग्रता के बारे में बताया। कार्यक्रम में कविता आच्छा, सुशीला मोदी, रीता सुराणा, चंदन कोठारी, प्रभा दुगड़, सरला राजकुमार भूतोडिया आदि की उपस्थिति रही।

मंडल की तरफ से प्रिंसिपल को स्कूल में बेंच रिपेयरिंग के लिए चेक प्रदान किया गया । लगभग 60 बच्चों की उपस्थिति में लगभग 30 मिनट का कार्यक्रम किया गया। सभी टीचर्स का भी सहयोग सराहनीय रहा। अंत में मंत्री सुशील मोदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# कांग्रेस छह गारंटी लागू करने में विफल पर विधायकों को लालच देने में अव्वल : बीआरएस

**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राज्य विधानसभा के अध्यक्ष से कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले सभी बीआरएस विधायकों को तत्काल अयोग्य घोषित करने की मांग करते हुए, बीआरएस नेता और पूर्व विधायक मेथुकु आनंद ने आश्चर्य जताया कि चेवेल्ला विधायक काले यादैया ने रातों-रात सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी क्यों बदल ली।

तेलंगाना भवन में बीआरएस नेताओं महेश रेड्डी और पंजुगुला श्रीशैल रेड्डी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यादैया विधायक पद से इस्तीफा दे दें और कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में फिर से चुनाव लड़ें। उन्होंने कांग्रेस पर अपनी छह गारंटियों को पूरा करने में विफल रहने और इसके बजाय बीआरएस के छह विधायकों को अपने पाले में करने का आरोप लगे। उन्होंने चेतावनी दी कि सत्तारूढ़ दल को दलबदल को प्रोत्साहित करने की कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव को लोगों के दिलों से कभी नहीं हटा पाएंगे और उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों के उद्घाटन के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालने वाले मुख्यमंत्री के पास समय सरकारी अस्पताल के लिए समय नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि मुख्यमंत्री ने अब तक उस्मानिया अस्पताल में व्याप्त स्थितियों की समीक्षा क्यों नहीं की।

# मछली पालन से अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है : जिला कलेक्टर



**आसिफाबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि मछली पालन से अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। एकीकृत कार्यालय भवन परिसर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित मछुआरा जागरूकता कार्यक्रम में जिला ग्रामीण विकास अधिकारी सुरेंद्र, अतिरिक्त डीआरडीओ रामकृष्ण, अनुसूचित जाति विकास अधिकारी सजीवन, प्रभारी जिला मत्स्य अधिकारी संबाशिव राव, जिला महासंघ के अध्यक्ष त्रिवेणी और सलाहकार उदय किशोर ने भाग लिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी अनुदान का उपयोग कर मछली पालन कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मछली पालन के लिए 2 एकड़ जमीन और बोर की सुविधा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जो नई तकनीक आ रही है, उसकी बदौलत घरेलू पौधों और खेतों में विशेष टैंक स्थापित करना और उन पर खेती करना संभव है। उन्होंने कहा कि मछली पालन के लिए 5 लाख निवेश, 4 गड्ढे जमीन, 3 फसल प्रति वर्ष, 2 लाख आय, एक किसान को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इसे 5, 4, 3, 2, 1 के रूप में तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को इस अवसर का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार उनके लिए कई रियायतें और सब्सिडी देगी। उन्होंने कहा कि घर पर मछली पालन कर कम लागत में मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मछली पालन में व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग भी आसानी से की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि मछली पालन के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी का उपयोग पौधों के लिए जैविक उर्वरक के रूप में किया जा सकता है और अगर यूरिया छोटी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए तो यह पर्याप्त है। इस कार्यक्रम में मछुआरों, महिला स्वयं सहायता समूहों और किसानों ने भाग लिया।

# पवन कल्याण ने अंजनेयस्वामी मंदिर में की पूजा अर्चना



**जगतियाल, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण ने शनिवार को तेलंगाना के जगतियाल जिले में कोंडागट्टू अंजनेयस्वामी की पूजा-अर्चना की। मंदिर के प्रवेश द्वार पर मंदिर के पुजारियों ने उप मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया।

श्री कल्याण ने अंजनेयस्वामी की विशेष पूजा की। मंदिर में श्री कल्याण को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हुए। श्री कल्याण शनिवार सुबह हैदराबाद से कोंडागट्टू अंजनेयस्वामी मंदिर के लिए रवाना हुए।

मंदिर के रास्ते में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। थुरक्कापल्ली चौराहे पर उनके प्रशंसकों ने बड़ी माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जिला पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने उप मुख्यमंत्री के दौरे के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

# धरणी आवेदनों को अविलंब हल करें अधिकारी: नवीन मित्तल



**आसिफाबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रधान भूमि प्रशासन आयुक्त नवीन मित्तल ने कहा कि जिले में लंबित धरणी आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और उनके समाधान के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने जिला कलेक्टरों, अतिरिक्त कलेक्टरों और तहसीलदारों के साथ शनिवार को हैदराबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लंबित धरणी आवेदनों को हल करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की समीक्षा की। उन्होंने 15 जून से 28 जून तक लंबित धरणी आवेदनों को हल करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जिलेवार जानकारी ली।

एनआरए पट्टा पास बुक, कोर्ट केस, कोर्ट विवाद में पट्टा पास बुक, डेटा सुधार, जीपीए, प्रतिबंधित भूमि, नई पट्टा पास बुक जारी करना/एनएएलए, खाता विलय, भूमि संबंधी शिकायतें, एनएएलए, पीपीबी, लंबित उत्परिवर्तन, उत्तराधिकार, शहरी भूमि आदि प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु उठाये जाने वाले कदमों को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिये गए।

अधिकारियों ने उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच और क्षेत्र की जांच करने के बाद संबंधित धरणी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीकृत करने और संसाधित करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आधार बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट स्वीकृति के संबंध में एल डिवाइस की अवधि समाप्त होने के मद्देनजर एल1 बायोमेट्रिक डिवाइस जिलों को भेज दी गयी है और इनका समुचित उपयोग किया जाए। अतिरिक्त कलेक्टर दसारी वेणु (राजस्व), कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने जिला केंद्र में एकीकृत कार्यालय भवन परिसर के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आसिफाबाद, कागज़ नगर राजस्वमंडलाधिकारी लोकेश्वर राव और काशाबॉयिन सुरेश के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, कलेक्टर ने कहा कि कुमरमभीम आसिफाबाद जिले में धरणी आवेदनों का निपटान समय पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबित धरणी आवेदनों का ऑनलाइन समाधान किया जाएगा। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में संबंधित अधिकारियों एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

# वैन पलटने से 25 मजदूर घायल तीन की हालत गंभीर



**नगरकुर्नूल, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार सुबह यहां कोडेरू मंडल के जनमपल्ली गांव के बाहरी इलाके में एक वैन पलट गई, जिसमें लगभग 25 मजदूर घायल हो गए। तीन लोगों को गंभीर चोटें आईं और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें नगरकुर्नूल के सरकारी सामान्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। करीब 10 मजदूरों का कोडेरू क्षेत्र के अस्पताल में इलाज चल रहा है। मजदूर महासमुद्रम और कोडेरू गांव के मूल निवासी बताए जा रहे हैं।

# करंट लगने से अधेड़ की मौत



**मेदक, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार को मनोहराबाद मंडल के गौथोजीगुडा में एक व्यक्ति अपने आवास में पानी के नाबदान पर मोटर जोड़ते समय बिजली की चपेट में आ गया। पुला श्रीनिवास (55) और उनकी पत्नी नागमणि पानी के नाबदान को साफ करने की तैयारी कर रहे थे। मोटर से पानी निकालने के लिए वह मोटर जोड़ने की कोशिश कर रहा था, तभी वह बिजली के तारों के संपर्क में आ गया। श्रीनिवास की मौके पर ही मौत हो गई। मामला दर्ज किया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए तूपरान सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# अपनी समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता से मिले किसान



**कागजनगर, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम जिला बेजूर मंडल केंद्र के पोडु किसानों ने शनिवार को सिरपुर निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस पार्टी के प्रभारी रवि श्रीनिवास से मुलाकात की। किसानों ने कहा कि वन अधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं क्योंकि वे पोडु भूमि पर कब्जा कर रहे हैं जिस पर वे दशकों से खेती कर रहे हैं और उनसे समाधान प्रदान करने का अनुरोध किया।

इस समस्या को लेकर कर्मचारियों को सलाह दी गई कि वे किसानों द्वारा खेती की गई बंजर भूमि पर परेशानी भरा माहौल न बनाएं। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी मंडल अध्यक्ष बुसा शंकर, युवजन मंडल अध्यक्ष अब्दुल हकीम, नेता जग्गा गौड़, तेलंगाना जाविद अमीरुद्दीन राजन्ना बापुराव बापू पोडु किसान और अन्य मौजूद रहे ।

# भद्रकाली मंदिर के विकास पर खर्च किए जाएंगे 30 करोड़ रुपए



**वारंगल, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** धर्मस्व विभाग के आयुक्त हनुमंत राव ने खुलासा किया है कि भद्रकाली मंदिर को 30 करोड़ से विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। कमिश्नर ने शनिवार सुबह वारंगल के भद्रकाली मंदिर में विशेष पूजा की। इससे पहले पुजारियों ने आयुक्त का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मंदिर में वेद मंत्रोच्चार के बीच आशीर्वाद दिया गया। कमिश्नर ने मंदिर में विशेष पूजा की। पुजारियों ने कमिश्नर को प्रसाद दिया। बाद में कमिश्नर ने पुजारियों से मंदिर के विकास पर चर्चा की। मंदिर के विकास के लिए बनाये गये मास्टर प्लान का परीक्षण किया गया। पुजारियों और मंदिर अधिकारियों ने आयुक्त से मंदिर के विकास के लिए विशेष पहल करने को कहा। इस संबंध में धनराशि देने का अनुरोध किया।

बाद में धर्मस्व विभाग के आयुक्त ने बताया कि भद्रकाली मंदिर को 30 करोड़ की धनराशि से और विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मास्टर प्लान के अनुरूप कार्य करने की दिशा में कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास के लिए हम सदैव सहयोग देने को तैयार हैं। बाद में मंदिर के बगल की जमीन का निरीक्षण किया गया। मंदिर से जुड़ी सारी जानकारी ली गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक जगन, सहायक निदेशक लक्ष्मण कुमार, क्षेत्रीय सूचना अभियंता जय रामुलु, जनसंपर्क अधिकारी किरणमयी, उप निदेशक मंदिर विभाग और अन्य ने भाग लिया।

# हार न पचा पाने पर अन्नाद्रमुक कर रही है विधानसभा कार्यवाही को बाधित : स्टालिन



**चेन्नई, 29 जून (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक हाल के लोकसभा चुनावों में अपनी हार न पचा पाने पर कल्लाकुरिची शराब त्रासदी को लेकर विधानसभा की कार्यवाही बाधित कर रही है।

पुलिस और अग्निशमन विभागों के लिए अनुदान की मांग पर बहस का जवाब देते हुए श्री स्टालिन ने सत्तारूढ़ द्रमुक द्वारा त्रासदी पर 24 घंटे के भीतर कड़े कदम उठाने के बावजूद भी विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने इस मुद्दे को रोजाना सदन में उठाने की साजिश रची और सदन की कार्यवाही को बाधित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कल्याणकारी उपायों के कारण द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे ने सभी 40 लोकसभा सीटें जीती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार यह अगले दो वर्षों में इसी तरह के उपाय जारी रखेगा और 2026 के विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर जीत हासिल करेगा।

श्री स्टालिन कहा, मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि लोगों ने उन पर और द्रविड़ों के मॉडल द्रमुक सरकार पर भरोसा जताया है, जो अपने उचित विवेक के साथ जनता की सेवा कर रही है। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपाकर सरकार के कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा यदि कोई विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से लोकसभा चुनाव की जीत के नजरिये से देखता है, तो द्रमुक मोर्चा ने भी कुल 234 सीटों में से 221 विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की है। इससे यह साबित हो जाएगा कि जनता के दिलों में कौन है और जनता ने किसे नकार दिया है। श्री स्टालिन ने कहा यह पूर्ण रूप से स्पष्ट है कि अन्नाद्रमुक लोकसभा चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल पायी है।

# सिद्दारमैया जातीय विभाजन का फायदा उठा रहे हैं : अशोक



**बेंगलुरु, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कर्नाटक कांग्रेस के आंतरिक कलह के बीच विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर राजनीतिक नियंत्रण बनाए रखने के लिए जातीय विभाजन का फायदा उठाने का आरोप लगाया। श्री अशोक ने पार्टी की आंतरिक कलह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को लेकर उथल-पुथल की स्थिति में है।

चिक्कबल्लापुरा में बोलते हुए, श्री अशोक ने कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस में स्पष्ट रूप से कलह है, जो वोक्कालिगा संतों की चिंताओं से रेखांकित होती है। तीन उप मुख्यमंत्रियों को नियुक्त करने और मुख्यमंत्री को बदलने की हड़बड़ी है। उन्होंने कहा, अब, वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के नेता चिंता जता रहे हैं, जिसके तुरंत बाद कुरुबा समुदाय के नेता भी आवाज उठा रहे हैं। जाति की राजनीति का सहारा लेना अनुचित है। श्री अशोक ने कहा कि मुद्रास्फीति के दबाव के बीच, कांग्रेस द्वारा दावा किए गए प्रति परिवार प्रति व्यक्ति 2,000 रुपये देने से औसत नागरिक के लिए कथित नुकसान 8,000 रुपये से 10,000 हो जाता है। उन्होंने उपयोगी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि जैसे ईंधन की कीमतों में वृद्धि, परिवहन निगमों के लिए आवंटित धन के बिना स्थानीय निकाय चुनावों के बाद अनुमानित बस किराया वृद्धि, लंबित दूध सब्सिडी और जुलाई के लिए निर्धारित शराब की कीमतों में आगामी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला।

श्री अशोक ने केंद्र सरकार के प्रति कांग्रेस पार्टी के बढ़ते टकराव पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि भले ही कर्नाटक की विकास परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा धन आवंटित किया गया हो, लेकिन राज्य के अपर्याप्त संसाधन इसके आवश्यक योगदान को पूरा करने में बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने स्थिर विकास पर भी प्रकाश डाला और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता के कारण दूषित पानी की आपूर्ति और अनियंत्रित डेंगू के मामलों से होने वाली मौतों के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

# पूरे आंध्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरित करने की व्यवस्था पूरी

**विजयवाड़ा, 29 जून (एजेंसियां)।** पूरे आंध्र प्रदेश में एक जुलाई को 65 लाख से अधिक लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरित करने की व्यवस्था की गई है। राज्य की मुख्य सचिव नीरबाह कुमार ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय से जिला कलेक्टरों और अन्य अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और एक जुलाई को 65,18,496 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वितरण के लिए की गई व्यवस्था की समीक्षा की।मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन के रूप में राज्य भर के सभी पात्र बुजुर्गों, अकेली महिलाओं, विधवाओं और विकलांग लोगों सहित 65,18,496 लाभार्थियों को 4,399.89 करोड़ रुपये देगी। उन्होंने जिला कलेक्टरों को सभी पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करने की प्रक्रिया की प्रति घंटे के आधार पर निगरानी करने का निर्देश दिया।

# स्कूल में खेल रही बच्ची को सांप ने डंसा, हालत गंभीर

**कागजनगर, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार को सिरपुर (टी) मंडल के अचेली गांव में एक सरकारी स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा को सांप ने उस समय डंस लिया जब वह स्कूल परिसर में खेल रही थी। पता चला कि उसकी चिकित्सीय स्थिति स्थिर है।स्थानीय लोगों ने बताया कि दर्शिता सुबह करीब आठ बजे स्कूल में खेल रही थी, तभी उसे अज्ञात सांप ने डंस लिया। उसके सहपाठियों ने उसके माता-पिता को सूचित किया, जिन्होंने उसे सिरपुर (टी) शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उसे मंचेरियल शहर के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

# एफएसआईबी ने सीबीआई के नए चेयरमैन के लिए की सीएस शेट्टी के नाम की सिफारिश

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक को जल्द नया चेयरमैन मिलने वाला है। दरअसल, सरकारी नियुक्ति चुनाव समिति फाइनेंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ब्यूरो यानी एफएसआईबी ने शनिवार को एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए बैंक के सीनियर-मोस्ट मैनेजिंग डायरेक्टर चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी के नाम की सिफारिश की है।



शेट्टी को जनवरी, 2020 में मैनेजिंग डायरेक्टर के तौर पर चुना गया था। वर्तमान में वे इंटरनेशनल बैंकिंग, ग्लोबल मार्केट और टेक्नोलॉजी विभागों का कार्यभार संभालते हैं। वह दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे, जो 28 अगस्त को को रिटायर होने वाले हैं। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 साल हो जाएगी, जो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए अपर एज लिमिट है। पब्लिक सेक्टर के बैंकों और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर्स की तलाश करने वाली संस्था फाइनेंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ब्यूरो ने इस पद के लिए 29 जून, 2024 को तीन उम्मीदवारों का इंटरव्यू लिया। ब्यूरो ने बयान में कहा, प्रदर्शन, ओवरऑल अनुभव और मौजूदा पारामीटर को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की सिफारिश करता है।

श्री चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी को एसबीआई का चेयरमैन नियुक्त करने की एफएसआईबी की सिफारिश तेलंगाना राज्य के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि वे इसी राज्य से आते हैं।

श्री चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी को एसबीआई के साथ 36 वर्षों का व्यापक अनुभव है। वे जनवरी 2020 में एसबीआई के प्रबंध निदेशक के रूप में बोर्ड में शामिल हुए और वर्तमान में बैंक के अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी वर्टिकल का नेतृत्व कर रहे हैं। वर्तमान कार्यभार से पहले, श्री सेट्टी रिटेल और डिजिटल बैंकिंग वर्टिकल का नेतृत्व कर चुके हैं। वे भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न टास्क फोर्स/समितियों का भी नेतृत्व कर चुके हैं। कृषि में विज्ञान स्नातक और भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट, उन्होंने 1988 में भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में अपना करियर शुरू किया। तीन दशकों से अधिक के करियर में, उन्हें कॉर्पोरेट क्रेडिट, रिटेल, डिजिटल और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग और विकसित बाजारों में बैंकिंग का समृद्ध अनुभव है।

श्री शेट्टी ने भारतीय स्टेट बैंक में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिसमें उप प्रबंध निदेशक- तनावग्रस्त परिसंपत्ति समाधान समूह, कॉर्पोरेट लेखा समूह में मुख्य महाप्रबंधक और महाप्रबंधक, मध्य कॉर्पोरेट समूह में उप महाप्रबंधक और एसबीआई, न्यूयॉर्क शाखा में उपाध्यक्ष और प्रमुख (सिंडिकेशन) शामिल हैं। नए अध्यक्ष वर्तमान अध्यक्ष की सेवानिवृत्ति के दिन ही कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान अध्यक्ष का कार्यकाल अगस्त 2024 में समाप्त होगा।

# युवाओं को रोजगार देने को कटिबद्ध हैं मुख्यमंत्री: भडाणा

**अजमेर, 29 जून (एजेंसियां)।**
राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवाओं को रोजगार देने के लिये कटिबद्ध हैं और वह इसी लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं।



श्री भडाणा शनिवार को अजमेर के जवाहर रंगमंच पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वर्चुअल मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव युवा संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र की डबल इंजन की सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य को लेकर दृढ़ संकल्प है। सभी रोजगारोन्मुख योजनायें पारदर्शी, समयबद्ध और निष्पक्ष होगी। श्री भडाना ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि आपने अपनी मेहनत और सामर्थ्य से अपने सपनों को साकार करने की शुरुआत कर दी है, लेकिन यह कभी मत भूलिये कि आपके सपनों को पूरा करने में ईश्वर के आशीर्वाद के साथ आपके माता-पिता का हाड़तोड़ परिश्रम एवं त्याग भी रहा है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपने परिवार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास की जिम्मेदारी भी समझने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मंत्री सुरेश सिंह रावत, संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, उप महापौर नीरज जैन सहित जिले के कई अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवनियुक्त युवक-युवतियों से संवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक जुलाई से नया कानून

# अब किसी भी थाने में दर्ज करा सकेंगे एफआईआर

**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।**
एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होगा। पुराने तीन कानूनों में बदलाव से आम आदमी को सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब वह कहीं से भी एफआईआर दर्ज करा सकेंगे।

यह जरूरी नहीं होगा कि जहां अपराध हुआ है उसी से संबंधित थाने में तहरीर दी जाए। अब जीरो एफआईआर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के माध्यम से कानूनी मान्यता दे दी गई है। कानूनविदों का कहना है कि तीन नए कानून लागू होने के बाद मुकदमों को वापस लेना आसान नहीं होगा। अदालत में लंबित आपराधिक मुकदमे को वापस लेने के लिए पीड़ित को कोर्ट में अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। पीड़ित को सुनवाई का अवसर दिए बिना मुकदमा वापस लेने की सहमति अदालत नहीं देगी।

इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जैसे कि वीडियो और फोटो इत्यादि को नए कानून में जगह दी गई है। मारपीट की छोटी घटनाओं, गालीगलौज या छोटे अपराध में जमानत टूटने के मामले में वारंटी को हथकड़ी लगाए बगैर पुलिस थाने ले जाएगी। शर्त यह रहेगी कि आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास न हो। इसी तरह से आपराधिक मुकदमों में अब तारीख पर तारीख वाला हिसाब-किताब नहीं चलेगा। तीन वर्ष में मुकदमे का निस्तारण करने की बाध्यता नए कानून में है। दुष्कर्म पीड़िता अब अपनी सुविधानुसार जगह पर अपना बयान दर्ज करा सकेगी। थाने जाने की जरूरत नहीं होगी। पीड़िता द्वारा बताई गई जगह पर जाकर पुलिस उसका बयान दर्ज करेगी। उस दौरान पीड़िता के अभिभावक और महिला पुलिस की मौजूदगी अनिवार्य होगी। बयान की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग होगी, जिसे कोर्ट में अति सुरक्षित तरीके से दाखिल किया जाएगा। कोर्ट में भी मामले की सुनवाई के दौरान किसी महिला का उपस्थित होना जरूरी होगा, चाहे वह महिला वकील हों या महिला पुलिस हों। दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में जांच दो माह के भीतर पूरी करने की व्यवस्था की गई है। नए कानून के तहत पीड़ित को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक शंकर तिवारी ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की स्थिति में अब तक आरोप सिद्ध होने पर दोषी चालक दो वर्ष की सजा से दंडित किया जाता था। नए कानून के तहत अब दोषी चालक पांच साल की सजा और जुर्माने से दंडित किया जाएगा। इसी तरह से यदि डॉक्टर के उपेक्षापूर्ण कृत्य से किसी मरीज की मौत होगी तो दोष सिद्ध होने पर दो वर्ष की सजा और जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

# यमुना की निगरानी के लिए लगाए गए पांच कैमरे

## हरकतों पर रहेगी 24 घंटे नजर, गलती पर होगा जुर्माना

**आगरा, 29 जून (एजेंसियां)।**
आगरा नगर निगम ने यमुना नदी की निगरानी के लिए पांच सीसीटीवी (पीटीजेड) कैमरे लगवाए हैं। साथ ही गंदगी व प्रदूषण करना रोकने के लिए बल्केश्वर से ताजमहल तक 16 यमुना मित्र तैनात किए हैं। यमुना नदी में लगातार प्रदूषण के बारे में हाईकोर्ट और एनजीटी में कई याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। इन पर सुनवाई भी चल रही है। कुछ दिन पूर्व ही कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए सिंचाई विभाग को यमुना की सफाई के आदेश जारी किए थे। नगर निगम को कैमरे लगाकर निगरानी के आदेश भी दिए गए।



नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि यमुना नदी में प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। आंबेडकर ब्रिज, यमुना किनारा, सर्किल, आरती स्थल के पास और झलकारी बाई प्रतिमा के पास एक-एक सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। ये कैमरे वाटरवर्क्स रामबाग पुल से लेकर रेलवे ओवरब्रिज हाथीघाट तक का क्षेत्र कवर करते हैं। सभी कैमरे पांच सौ मीटर का दायरा कवर करते हैं।

ताजगंज श्मशान घाट की तरफ निगरानी के लिए एक कैमरा महताब बाग के पास भी लगाया जा रहा है। सभी कैमरे स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जुड़े हैं। इससे लगातार यमुना नदी पर नजर रखी जा रही है। यमुना नदी में भैंस आदि जानवरों को रोकने के लिए नगर निगम ने 16 यमुना मित्रों की नियुक्ति की है। ये यमुना मित्र सुबह से शाम तक निगरानी करेंगे। किसी प्रकार से कोई जानवर यमुना में घुस भी जाता है तो उसके स्वामी पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है।


# झज्जर में तेज बारिश, गर्मी से बेहाल लोगों को मिली राहत

**झज्जर, 29 जून (एजेंसियां)।**
जिले में पिछले चार दिनों से गर्मी झेल रहे झज्जर के लोगों को शनिवार दोपहर को बरसात से राहत मिली। शनिवार दोपहर तीन बजे तेज बरसात शुरू हुई, जो रुक-रुक कर जारी हैं। बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली हैं और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई हैं। मौसम विभाग ने अब अगले दो-तीन दिन तक बरसात की संभावना जताई हैं। आज अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया हैं।

पिछले कई दिन से लोग एक बार फिर उमस और गर्मी से परेशान हो रहे थे। शुक्रवार सुबह भी हल्की बूंदाबन्दी हुई थी, लेकिन उसके बाद गर्मी और उमस बढ़ गई थी। रात को भी उसमे से लोग परेशान नजर आए। शुक्रवार रात से ठंडी हवाएं चल रही थी, लेकिन बरसात नहीं हो रही थी। शनिवार सुबह से आसमान में बादलवाही छाई हुई थी, लेकिन बरसात दोपहर को हुई। दोपहर दो पूरा आसमान काले बादलों से ढक गया। दिन में बात जैसा नजारा हो गया। दोपहर तीन बजे तेज बरसात हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। किसान धान की बुवाई कर रहे हैं और धान को पानी की जरूरत थी। आज हुई बरसात से किसानों की फ़सल को पानी मिलेगा, जिससे किसानों को भी राहत मिलेगी।

# एक अभ्यर्थी योग्य नहीं मिला, फिर भी खाली है पद: एसजीपीजीआई

**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।**
अंबेडकर नगर के सांसद लालजी वर्मा द्वारा एसजीपीजीआई, लखनऊ के न्यूरोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के साथ भेदभाव के आरोपों को संस्थान ने तथ्य से परे और भ्रामक बताया है। बीते 13 मई को चयन के लिए हुए साक्षात्कार की वस्तुस्थिति की जानकारी देते हुए एसजीपीजीआई के प्रवक्ता ने कहा कि सांसद महोदय का कथन न केवल असत्य है, अपितु भ्रामक भी है। ऐसी सूचनाओं के प्रसार को रोकने में सभी को सहयोग करना चाहिए।



प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि एसजीपीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग में ओबीसी संवर्ग के लिए आरक्षित असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पद पर चयन के लिए विगत 13 मई 2024 को संपन्न साक्षात्कार में डॉ. सर्वेश कुमार चौधरी चयन समिति के समक्ष उपस्थित हुए थे। चयन समिति में न्यूरोलॉजी के दो बाह्य विशेषज्ञ, संबंधित विभागाध्यक्ष तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग व एसजीपीज-ीआई, लखनऊ के चेयरमैन के एक-एक प्रतिनिधि के अतिरिक्त ओबीसी व एससी संवर्ग के लाइजन ऑफिसर सम्मिलित थे। चयन समिति ने उक्त अभ्यर्थी को चयन के लिए योग्य नहीं (नॉट फाउंड सूटेबल) पाया। प्रवक्ता ने बताया कि चूंकि उक्त रिक्त पद आरक्षित संवर्ग का था और डॉ. सर्वेश कुमार चौधरी, एकमात्र अभ्यर्थी थे, ऐसे में उन्हें योग्य नहीं पाए जाने पर इस सीट को अद्यतन रिक्त रखा गया है। किसी भी अनारक्षित अभ्यर्थी ल चयन इस पद पर नहीं किया गया है। निकट भविष्य में यह पद ओबीसी बैकलॉग सीट के माध्यम से पुनः विज्ञापित की जाएगी। बता दें कि सांसद लालजी वर्मा ने अभ्यर्थी डॉ. सर्वेश वर्मा का चयन न होने की बात कहते हुए बड़े संस्थानों में ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव होने का आरोप लगाया था।

# सीडीओ और एसडीएम को मिलने वाली शिकायतें भी आईजीआरएस पर होंगी दर्ज

**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।**
जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान जैसे जिलों में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों को मिलने वाली जनशिकायतों/समस्याओं की मॉनीटरिंग की तरह ही अब मुख्य विकास अधिकारी और उप जिलाधिकारी कार्यालयों में आने वाली शिकायतों की भी मॉनीटरिंग होगी। नई व्यवस्था के तहत सीडीओ और एसडीएम कार्यालयों में प्राप्त जन शिकायती प्रार्थना पत्रों की फीडिंग जनसुनवाई-समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) पर होगी। इससे न केवल समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा, बल्कि अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो सकेगी।




शिकायतों के निस्तारण हेतु आमजन द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय, उपमुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस), थाना समाधान दिवस, जन सुविधा केंद्र, भारत सरकार (पीजी पोर्टल), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पोर्टल एवं ऐप आदि के माध्यम से आवेदन पत्र दिए जाते हैं। शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई-समाधान प्रणाली के माध्यम से करने की व्यवस्था है। हाल ही में जब मुख्यमंत्री द्वारा जनसुनवाई की समीक्षा की गई तो पाया गया कि जनपदों में ऐसे भी कार्यालय हैं, जहां जन शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त होतें हैं, लेकिन ऐसे पत्रों को जनसुनवाई-समाधान प्रणाली पर फीडिंग कराते हुए निस्तारण किए जाने की व्यवस्था लागू नहीं है। उप जिलाधिकारी कार्यालयों एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालयों में प्रतिदिन महत्वपूर्ण विषयों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं। जिन्हें अब आईजीआरएस से जोड़ा जा रहा है।

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद बीते दिनों फील्ड में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ़ तौर पर कहा था कि मुख्यमंत्री जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर प्रारंभ हो चुका है और अब जिला, तहसील, ब्लाक, रेंज, जोन में तैनात वरिष्ठ अधिकारी भी जनसुनवाई का नियमित कार्यक्रम प्रारंभ कर दें। प्रति दिन सुबह 10 से 12 बजे तक अधिकारियों को जनसुनवाई के लिए उपस्थित रहना होगा। अधिकारीगण संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याएं शिकायतें सुनें और एक तय समय सीमा के भीतर उसका यथोचित निराकरण कराएं। अधिकारियों को दो टूक शब्दों में मुख्यमंत्री ने कहा था, जनता की संतुष्टि ही आपके परफॉर्मेंस का मानक है।

# सेंगोल की निंदा करने पर मायावती का सपा पर हमला

**लखनऊ, 29 जून (एजेंसियां)।**
बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संसद में सेंगोल को लेकर छिड़े विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मुद्दे के बजाय, सपा के लिए यह बेहतर होता कि वह कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केंद्र सरकार को घेरती। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि यह पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है तथा सरकार में आकर कमजोर वर्गों के विरुद्ध फैसले भी लेती है। इनके महापुरुषों की उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें।

सपा के सांसद आरके चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है और इस जगह पर संविधान की प्रति रखने का अनुरोध किया है। आरके चौधरी ने यह भी कहा है कि सेंगोल राजा-महाराजाओं का प्रतीक है, जिसे संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सेंगोल पर समाजवादी पार्टी के नेताओं की टिप्पणी पर करारा प्रहार किया था।

IN THE COURT OF THE HON'BLE
Ist ADDL SENIOR CIVIL JUDGE::
CITY CIVIL COURT AT:: HYDERABAD
S.OP.NO 58 OF 2024
**BETWEEN:**
PRABHA DOMODHAR DAS SHAH
**AND** ...Petitioners
M/S. HINDUSTAN LEVER LIMITED
ALL CONCERNEDS ...Respondents
To,
1. **M/s. Hindustan Lever Limited**, Regd office at Hindustan Lever House, 165-166, Backbay Reclamation, Mumbai-400020, having office at: H.No:-1-10-8/6, Hindustan House, Begumpet, Hyderabad.-500016.
2. **All Concerned**

The Petitioners have filed the SUIT FOF SUCCESSION CERTIFICATE which is coming for your counter and appearance as such you are hereby requested to attend the court and submit your counter if any, On or before 04-07-2024 at about: 10:30am. otherwise the matter will be decided as per merits.
**// BY ORDER OF THE COURT//**
Sd/-
**J. VIJAY KUMAR GOUD**
Advocate
(Counsel for Petitioners)
#18-8-303/A/6/A,
Thanaji nagar, Hyderabad.

# अस्पताल में भर्ती युवती के साथ कंपाउंडर ने की छेड़छाड़, परिजनों का हंगामा

**पानीपात, 29 जून (एजेंसियां)।**
शहर के देवी मूर्ति कॉलोनी स्थित आस्था अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हुई एक 19 वर्षीय युवती के साथ अस्पताल के कंपाउंडर द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। घटना अलसुबह करीब 03 बजे की बताई जा रही है। युवती को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया था। कंपाउंडर ने उपचाराधीन युवती को इंजेक्शन लगाने की बात कहकर उसके परिजनों को बाहर भेज दिया। इस घटना की जानकारी पीड़ित ने अपने परिजनों को दी। परिजनों ने इसकी शिकायत डॉक्टर से की तो डॉक्टर ने कंपाउंड पर कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित के तीमारदार को ही थप्पड़ मार दिए। जिस पर परिजनों ने तुरंत 112 डायल का पुलिस को बुला लिया।



परिजनों की शिकायत पर थाना शहर के प्रभारी, महिला पुलिस अधिकारियों के साथ अस्पताल में जांच पड़ताल करने पहुंचे। इसी दौरान अस्पताल संचालक की पत्नी ने पीड़ित के परिजनों को केस वापस लेने की नसीहत दे डाली। जिस पर अस्पताल में ही परिजन भड़क गए इसे लेकर काफी देर तक अस्पताल परिसर में हंगामा भी हुआ। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल संचालक की पत्नी खुद पेशे से एक सरकारी डॉक्टर है जो चंडीगढ़ में कार्यरत है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस भी अस्पताल में डॉक्टर के साथ करीब डेढ़ घंटे से बंद कमरे में बातचीत की। परिजनों पर केस को वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है लेकिन पीड़ित के परिजन किसी भी सूरत में दबाव में आने वाले नहीं हैं । परिजनों का कहना है कि अगर यहां पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह महिला आयोग से लेकर सीएम तक इसकी शिकायत करेंगे।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, KAMNI SINGH Legally Daughter of Service No :-JC674128X, Rank:- SUB/MT, Name: Satendra KUMAR SINGH, UNIT :- 554 ASCBN, C/O 56 APO,VILL :- BAJURA, POST : BIHAR, TEH :- BIGHAPUR DIST :- UNNAO, STATE :- Uttar Pradesh, PIN: 229405 Changed my Name From **KAMINI** to **KAMNI SINGH** D/O SUB/MT Satendra KUMAR SINGH Aadhar card No :- 5470 0632 6440 and D.O.B. 02/07/2003 Affiidavit Signed by Advocate and NOTARY P.Raveendranath B.com, B.L ON 29/06/24

**CHANGE OF NAME**
I, NAGAMANI Spouse of Army No.JC735580L Nb/Sub Gorli Nageswara Rao, R/o.57-28-1/48, Bhavani Gardens, Old ITI Junction, Visakhapatnam (Urban), Industrial Estate, Visakhapatnam, Andhra Pradesh-530007 have changed my name from **NAGAMANI** to **GORLI NAGAMANI** vide affidavit dt:29-6-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 735580L Nb/Sub Gorli Nageswara Rao, of Unit:14 FdAmn Depot, C/o.99 APO hereby declare that my daughter name is to be changed from **DURGASRI LAKSHMI** to **GORLI DURGASRI LAKSHMI**.

**CHANGE OF NAME**
I, Army No.6945051F NkV.Sanjeeva Reddy of AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO have changed my name from **V.SANJEEVA REDDY** to **VENKATRAM SANJEEVA REDDY**.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, KAMLA W/o Satayavir Singh is legally Mother of service No 14687029K Rank-NK Name-Sandeep Kumar R/o of unit- 843 Fd Wksp Coy,C/o 56 APO,Bowenpally, Secunderabad State-Telangana have changed my name from KAMLA DEVI to KAMLA and DOB from- 25/03/1963 to 01/01/1964 add my Son service documents before Notary G Ramchaander Secunderabad dated 29/06/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No 14688664F Rank-Hav Name- Pawan Malik presently residing at EME Records, Secunderabad PIN-500015 have changed my Father name from VED PAL to BHEDH and Mother name from KRISHNA DEVI to KRISHANA add in my service documents Before Notary G Ramchaander, Secunderabad dated 28/06/2024.

शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
हिंदी दैनिक समाचार पत्र

# कांग्रेस नेता धर्मपुरी श्रीनिवास का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य धर्मपुरी श्रीनिवास (डीएस) का शनिवार तड़के जुबली हिल्स स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रविवार को निजामाबाद में उनके पैतृक स्थान पर उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

श्री श्रीनिवास के एक पुत्र संजय निजामाबाद के पूर्व महापौर हैं और दूसरे पुत्र अरविंद निजामाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, श्रीनिवास कुछ समय से बीमार चल रहे थे और दिल का दौरा पड़ने से आज तड़के तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर फिलहाल जुबली हिल्स स्थित उनके घर पर रखा गया है और उसे उनके पैतृक स्थान निजामाबाद के प्रगति नगरले जाया जाएगा। अंतिम संस्कार रविवार को होगा। श्रीनिवास ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में मंत्री और प्रदेश कांग्रेस समिति (पीसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। उन्होंने 2004 और 2009 में मंत्री के रूप में कार्य किया और तत्कालीन मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के बहुत करीबी थे। पीसीसी अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आई। उन्हें प्यार से डीएस कह कर बुलाया जाता था।

सत्ताईस सितंबर, 1948 को निजामाबाद में जन्मे डीएस ने निजाम कॉलेज से अपनी डिग्री पूरी की। उन्होंने छात्र संघ नेता के रूप में राजनीति में प्रवेश किया और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) और युवजन कांग्रेस में काम किया। उन्होंने तीन बार विधायक के रूप में जीत हासिल की। उन्होंने पहली बार 1989 में निजामाबाद शहरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव लड़ा। बाद में उन्होंने 2004 और 2009 के विधानसभा चुनाव जीते। उन्होंने 1989 से 1994 तक ग्रामीण



विकास और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा 2004 से 2008 तक उच्च शिक्षा और शहरी भूमि सीमा मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने 2013 से 2015 तक विधान परिषद सदस्य के रूप में कार्य किया। तेलंगाना के गठन के बाद, उन्होंने परिषद के विपक्षी नेता के रूप में कार्य किया। दूसरी बार एमएलसी बनने का अवसर न मिलने पर उन्होंने 2015 में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया और बाद में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल हो गए। उन्होंने राज्य सरकार के लिए अंतर-राज्यीय मामलों के सलाहकार के रूप में काम किया और 2016 से 2022 तक बीआरएस के राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण राजनीति से दूर रहे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने राज्य की मुख्य सचिव शांति कुमारी को श्रीनिवास का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने शहर में जुबली हिल्स स्थित उनके आवास पर श्रीनिवास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रेवंत ने पूर्व मंत्री श्रीनिवास के निधन पर शोक जताया

**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने राज्य के पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे धर्मपुरी श्रीनिवास के निधन पर शोक जताया है। श्री रेड्डी ने अपने शोक संदेश में कहा, श्रीनिवास ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लंबे समय तक पार्टी को असाधारण सेवा दी। वह एक कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में नयी ऊंचाइयों पर पहुंचे जो कई राजनीतिक नेताओं के लिए एक आदर्श हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने तेलंगाना आंदोलन और पार्टी में अपने लंबे राजनीतिक कार्यकाल के दौरान भी अपनी अलग पहचान बनायी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।



## पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश राठौड़ का निधन

**आदिलाबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रमेश राठौड़ का शनिवार तड़के निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, श्री राठौर शुक्रवार मध्य रात्रि को उत्नूरू स्थित अपने आवास पर बीमार पड़ गए।



परिवार के सदस्यों ने उन्हें एक स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती किया। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद स्थानांतरित किया जा रहा था लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। श्री राठौर अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते थे और एक प्रमुख राजनेता बनने के लिए जमीनी स्तर से उठे। उनका लंबा राजनीतिक जीवन रहा। वह 1999 में खानापुर से विधायक के रूप में विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने वर्ष 2006-2009 के बीच आदिलाबाद जिला परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वर्ष 2009 में वह आदिलाबाद संसदीय सीट से लोकसभा सांसद बने। खानापुर से उनकी पत्नी सुमन राठौर विधायक बनीं। बाद के चुनाव में, उन्हें खानापुर के विधायक के रूप में फिर से चुना गया। 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ा और हार गए। वह जून 2021 में एटेला राजेंदर के साथ भाजपा में शामिल हुए।

## सूचना

सुधी पाठकों, आपका लोकप्रिय अखबार दैनिक शुभ लाभ आप तक देश और दुनिया की खबरें पहुंचाने की मुहिम में जुटा है। हमारा प्रयास रहा कि आमजन तक हर वह खबर पहुंचे, जो अन्य किसी अखबार में नहीं मिलती। इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए अखबार को एक कड़ा फैसला लेना पड़ रहा। बढ़ती महंगाई के दौर से शुभ लाभ भी अछूता नहीं रहा है। कागज से लेकर प्रिंटिंग लागत सभी महंगी हो चुकी है। शुभ लाभ अपने सुधी पाठकों के साथ मिलकर इस संकट को साझा करना चाहता है। ऐसे में शुभ लाभ समाचार पत्र अपने मूल्य में मामूली वृद्धि कर रहा है। **आगामी 1 जुलाई 2024 से शुभ लाभ आपको 06 रुपए की जगह 08 रुपए में प्राप्त होगा।** आशा है कि शुभ लाभ के सुधी पाठक अपने समाचार पत्र को पहले की ही तरह ही अपना प्यार और सहयोग प्रदान करते रहेंगे। आपसे यही आशा और विश्वास है।

**गोपाल अग्रवाल**
**प्रधान संपादक**

# अमरनाथ यात्रियों का दूसरा जत्था रवाना

**श्रीनगर, 29 जून (एजेंसियां)।**
जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को श्री अमरनाथ यात्रा का दूसरा जत्था पवित्र गुफा के लिये रवाना हुआ।

इस जत्थे में 4029 तीर्थयात्री शामिल हैं, जो 200 वाहनों से भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और उत्तर कश्मीर के बालटाल के मार्गों से पवित्र गुफा के दर्शन करने पहुंचेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 2179 तीर्थयात्रियों में से 1670 पुरुष, 332 महिलाएं, दो बच्चे, 144 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं जो 96 वाहनों से पहलगाम आधार



शिविर के लिए रवाना हुए। इस बीच, बालटाल में 1850 तीर्थयात्रियों में से 1264 पुरुष, 448 महिलाएं, 19 बच्चे, 87 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं। तीर्थयात्री हर हर महादेव और बम बम भोले का नारा लगाते हुए सुरक्षाकर्मियों के काफिले के साथ बेस कैंप से रवाना हुए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को यहां से रवाना किया।

# आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड की दशा और दिशा तय करेगा: हिमंत बिस्वा सरमा

**रांची, 29 जून (एजेंसियां)।**
असम सरकार के मुख्यमंत्री एवम झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा शनिवार को एक दिवसीय सांगठनिक दौरे पर रांची आए। उन्होंने ने आज जनजाति समाज से जुड़े पार्टी के नेताओं से उनके आवास पर जाकर आत्मीय मुलाकात की। कुशल क्षेम जाना, एवम राज्य की वर्तमान राजनीतिक ,सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

श्री विश्व शरमा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव,दुमका लोकसभा की प्रत्याशी रही सीता सोरेन,पूर्व सांसद गीता कोड़ा,प्रदेश प्रवक्ता एवम पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव के घर पहुंचे। उन्होंने नेताओं के आवास पर ही जलपान एवम भोजन भी किया। श्री विश्व शरमा ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति, टॉकिंग पॉइंट्स समिति की संयुक्त बैठक एवम युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ, समीर उरांव,प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही,आरती कुजूर,प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह,सांसद बीडी राम, सीपी सिंह,विरांचि नारायण, अनंत ओझा, केदार हाजरा,नवीन जायसवाल, शिवपूजन पाठक,प्रतुल शाहदेव, गीता कोड़ा,शशांक राज, रविनाथ किशोर, आरती सिंह सहित युवा मोर्चा एवम महिला मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए हिमंत विश्व शरमा ने कहा आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड की दशा और दिशा तय करेगा। झारखंड निर्णायक मोड़ पर है। राज्य की जनता लूट,भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी से निजात चाहती है। जनता सुशासन और विकास केलिए समय का इंतजार कर रही है।

## बडगाम में जमानत पर छूटे आतंकवादी पर लगा जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम

**श्रीनगर, 29 जून (एजेंसियां)।**
जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में निगरानी बढ़ाने और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने जमानत पर बाहर आए एक आतंकवादी आरोपी पर जीपीएस ट्रैकिंग एंकलेट लगाया है। पुलिस ने कहा कि अदालत के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, उन्होंने कश्मीर में आतंकवाद को सहायता देने के आरोपी मुदासिर फयाज पर सफलतापूर्वक जीपीएस ट्रैकिंग एंकलेट स्थापित की।

पुलिस ने कहा कि यह यूएपीए की धारा 18, 23, 38 और 39 के तहत 2022 की एफआईआर संख्या 150, पीएस चाडूरा के शस्त्र अधिनियम की धारा 7/25 संबंधी मामले के अधीन है। जीपीएस उपकरण अधिकारियों को उच्च




जोखिम वाले अपराधियों की गतिविधियों पर सावधानीपूर्वक निगरानी रखने की अनुमति देता है, जिससे आगे की आपराधिक गतिविधियों की संभावना काफी कम हो जाती है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों पर जीपीएस ट्रैकिंग एंकलेट लगाने से यह सुनिश्चित होता है कि उनकी गतिविधियों को वास्तविक समय में ट्रैक किया जा सकता है और निषिद्ध क्षेत्रों में उनके प्रवेश या अदालत के आदेश में निर्धारित भौगोलिक सीमाओं को छोड़ने पर नजर रखी जा सकती है।

## बांध परियोजनाओं में शैडो कंट्रोल लगाने की कवायद शुरू, हुई टेस्टिंग

**देहरादून, 29 जून (एजेंसियां)।**
उत्तराखंड में संचालित बांध परियोजनाओं में बाद के दृष्टिगत, लगने वाले शैडो कंट्रोल का शनिवार को परीक्षण (टेस्टिंग) किया गया। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के आईटी पार्क स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सचिव, आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा की उपस्थिति में यह टेस्टिंग हुई।

उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) के डाकपत्थर बैराज के अधिशासी अभियंता, राजकुमार ने बताया कि टेस्टिंग सफल रही और यूएसडीएमए से कमांड मिलते ही डाकपत्थर बैराज के नियंत्रणाधीन सायरन बज उठा। उन्होंने बताया कि जल्द इसे कंट्रोल रूम में स्थापित कर दिया जाएगा।

इस दौरान, सचिव, डॉ. सिन्हा ने सभी बांध परियोजनाओं को निर्देश दिए कि सभी तय समय के भीतर अपने-अपने शैडो कंट्रोल यूएसडीएमए के एसईओसी में स्थापित कर दें।

उल्लेखनीय है कि यदि किन्हीं कारणों से बांध परियोजनाओं के नियंत्रणाधीन कंट्रोल रूम से खतरे का सायरन नहीं बजा तो उसे यूएसडीएमए के कंट्रोल रूम से बजाया जा सकेगा। इस मौके पर, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रशासन, आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, क्रियान्वयन, राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद ओबैदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे।


## सीबीआई ने पासपोर्ट घोटाले में 32 अधिकारियों एजेंटों के खिलाफ दर्ज किया मामला

**मुंबई, 29 जून (एजेंसियां)।**
केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर छापेमारी की है और भारी रिश्वत के बदले संदिग्ध पासपोर्ट जारी करने के आरोप में 32 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

एक अधिकारी ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। सीबीआई ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि इस संबंध में शिकायते मिलने के बाद सीबीआई ने नासिक के अलावा मलाड और लोअर परेल में पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) में पासपोर्ट विभाग के 14 अधिकारियों के खिलाफ मुंबई और नासिक में 12 मामले दर्ज किए और विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। विज्ञप्ति में बताया गया कि जिन लोगों पर मामला दर्ज किया




गया है, उनमें 14 पासपोर्ट सहायक, पीएसके के वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक और बाकी 18 बाहरी सुविधा प्रदाता/एजेंट/दलाल शामिल हैं। ये सभी संयुक्त रूप से भ्रष्टाचार गतिविधियों में लिप्त हैं, इसके अलावा मुंबई का क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अन्तर्गत आने वाले दोनों शहरों में 33 स्थानों पर छापे मारे गए। आरोपी एक-दूसरे के नियमित संपर्क में थे और कथित तौर पर अपर्याप्त/अधूरे दस्तावेजों के साथ संदिग्ध पासपोर्ट जारी करने या पासपोर्ट आवेदकों के व्यक्तिगत विवरण में हेरफेर करने की साजिश रचते थे। सीबीआई टीम ने विदेश मंत्रालय के पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम प्रभाग के सतर्कता अधिकारियों और आरपीओ, मुंबई के अधिकारियों के साथ छापेमारी की।




## गांजा तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार

**हैदराबाद, 29 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएनएबी) के अधिकारियों ने माधापुर पुलिस के साथ मिलकर शनिवार को कथित तौर पर गांजा बेचने और सेवन करने के आरोप में तीन उपभोक्ताओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। उपभोक्ताओं में सिकंदराबाद के कुरुमतोथ राठौड़ नवीन नाइक वर्तमान में बेंगलुरु में रहते है। पुलिस के अनुसार, नवीन एक मेधावी छात्र था और अच्छी स्कूली शिक्षा के बाद वर्ष 2015 में तिरुचिरापल्ली के एक प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थान में बी.टेक सीट हासिल की।

इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान उनकी दोस्ती कुछ ऐसे छात्रों से हो गई, जो गांजा पीने के आदी थे और साथियों के दबाव के कारण उसने गांजा पीना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसे गांजे की लत लग गई। पुलिस ने कहा कि उसके माता-पिता ने उसे नशे की लत से दूर रखने की पूरी कोशिश की लेकिन वे असफल रहे। अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में असफल होने पर नवीन ने अपने तीसरे वर्ष में बी.टेक पाठ्यक्रम छोड़ दिया और बेंगलुरु चला गया और एक निजी कंपनी में मार्केटिंग ऑफिसर के रूप में शामिल हो गया । आधिकारिक काम पर विभिन्न राज्यों की यात्रा के दौरान, वह वहां के पेडलर्स के संपर्क में आया और पेडलर में बदल गया और अन्य सॉफ्टवेयर कर्मचारियों और अपने दोस्तों को गांजा और एमडीएमए की आपूर्ति करना शुरू कर दिया। पुलिस ने कहा, 2022 में नवीन ने हैदराबाद में अपने एक दोस्त को एमडीएमए और गांजा की आपूर्ति की और डुंडीगल पुलिस ने उसे पकड़ लिया और एनडीपीएस अधिनियम में मामला दर्ज किया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.